e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 49
# प्रभात मंत्र
बुधवार
19.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

खुश रहना सीखिए बाकी सब तो चलता रहेगा, कोई अपना बिछड़ता रहेगा और कोई पराया मिलता रहेगा!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ में नया दुकान एवं स्थापना अधिनियम लागू

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने छोटे दुकानदारों को राहत और कर्मचारियों के अधिकारों के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 और नियम 2021 को पूरे राज्य में लागू कर दिया है। इसके साथ ही पुराना अधिनियम 1958 और नियम 1959 को निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में आज मंगलवार को श्रम विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, नया अधिनियम पूरे राज्य में लागू होगा, जबकि पुराना अधिनियम केवल नगरीय निकाय क्षेत्रों में प्रभावी था। इस बदलाव से छोटे दुकानदारों को राहत मिलेगी, क्योंकि नया कानून केवल 10 या अधिक कर्मचारियों वाली दुकानों और स्थापनाओं पर ही लागू होगा। पहले, बिना किसी कर्मचारी के भी सभी दुकानें अधिनियम के दायरे में आती थीं।

### राजस्थान में नक्शा प्रोजेक्ट का हुआ शुभारंभ

**जयपुर :** डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में नक्शा प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के तहत ड्रोन सर्वेक्षण द्वारा शहरी भूमि की डिजिटल मैपिंग की जाएगी, जिससे भूमि अभिलेखों को पारदर्शी और डिजिटल रूप से सुलभ बनाया जा सकेगा।राजस्थान सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 10 नगरीय निकायों का चयन किया है।नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि नक्शा परियोजना से शहरी क्षेत्रों में भूमि प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से संपत्तियों का सटीक सीमांकन संभव होगा, स्वामित्व संबंधी जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज होगी और लैंड रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

### ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार पांच युवकों को कुचला, चार की मौत

**रीवा :** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल पर सवार पांच युवकों को कुचल दिया। इसमें चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक की चपेट में आने से चारों के शव के टुकड़े-टुकड़े हो गए। पांच घंटे तक शव सड़क पर पड़े रहे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। हालत यह थे कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए पोटली में ले जाना पड़ा। युवकों की मौत से भड़के परिजन और ग्रामीणों ने जेरुका में चक्काजाम कर दिया। इससे पांच किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई।

### राष्ट्रीय खेल पदक विजेता को विधायक ने किया सम्मानित

**कठुआ :** हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले जिला कठुआ के गांव खरोट नवासी गगनदीप कुमार को सम्मानित करने के लिए कठुआ के लोगों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें कठुआ विधायक डॉ. भारत भूषण मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ी को सम्मानित किया।गौरतलब हो कि गत 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक देहरादून उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया था और गगनदीप कुमार ने नेट बॉल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कठुआ के विधायक डॉ. भारत भूषण से मुलाकात की जिन्होंने उनकी उपलब्धि पर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया।

### अफीम की खेती करने वाले पांच आरोपित गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर अफीम की खेती करने वाले पांच आरोपितों को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें मनातू थाना एवं पांकी थाना क्षेत्र से दो-दो और नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र से एक आरोपित की गिरफ्तारी हुई है।जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के अनुसार अफीम की खेती में लिप्त नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या 05/2023 के आरोपित लवलेश यादव को गिरफ्तार किया गया। लवलेश छतरपुर के धोबीडीह का रहने वाला है। इसी तरह पांकी थाना कांड संख्या 12/2025 के आरोपित मुकेश यादव पिता हरदेव यादव एवं निरंजन कुमार यादव उर्फ रंजन यादव उर्फ गोला पिता राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

# 289 अभ्यर्थियों को सीएम हेमंत सोरेन ने दिया नियुक्ति पत्र

### शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही है सरकार : वित्त मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश में राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी क्रम में नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग झारखंड के अंतर्गत प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित द्वितीय तल सभागार में 289 अभ्यर्थियों की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों संबोधित करते हुए कहा कि हमें ये विश्वास है कि आप अपने मेहनत से आगे भी कामयाबी हासिल करेंगे। आप संकल्प लें कि व्यवस्था, सिस्टम के किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा के साथ काम करेंगे और सरकार के प्रयासों में सार्थक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ हुआ था,मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड को युवाओं का राज्य बनाना चाहते हैं। इस कड़ी में युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। हेमन्त सरकार 2.0 में सरकार राज्य के विकास प्रति समर्पित हैं और उनके नेतृत्व में हमलोग कदम बढ़ा चुके हैं।

### सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका खास : सुदिव्य कुमार

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आज इस प्रोजेक्ट बिल्डिंग से 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आखों में सुनहरी चमक लेकर आप उज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। शहरीकरण दिनों दिन तेजी से बढ़ रहा है। बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर शहरों की तरफ़ आ रहे है। शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को हम मजबूत कर रहे हैं। हम शहरों के विकास के मानकों के आधार पर अपने निकायों को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज बहुत ख़ुशी का दिन है कि तमाम राजनीतिक झंझावातों को पार करते हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के बच्चों को नियुक्ति देने में सफल रहे हैं। हेमन्त सरकार 2.0 के तीसरे महीने में हमने नियुक्तियों का कारवां शुरू कर दिया है। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को कहा कि नगर विकास मंत्री के तौर पर मेरी भी कुछ अपेक्षाएं आप से हैं। आज आपके लंबे सरकारी जीवन की शुरुआत हो रही है। सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका एक अधिकारी और कर्मचारी के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है और आपसे बेहतर सेवाओं की उम्मीद है।



**इन पदों के लिए दिया गया नियुक्ति पत्रः** कार्यक्रम में गार्डेन अधीक्षक, भेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाईजर,राजस्व निरीक्षक एवं विधि सहायक के पदों पर कुल 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमे गार्डेन अधीक्षक के 9,भेटनरी ऑफिसर के 8,सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर के 12,सेनेटरी सुपरवाईजर के 42 ,राजस्व निरीक्षक के 174 एवं विधि सहायक के 44 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। राज्य सरकार लगातार विभिन्न विभागों में नियुक्ति कर रही है।

**हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, ये आपका लक्ष्य होना चाहिए : संजय :** उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड के विकास के पन्नों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विकास में, सभी जन कल्याण के विचारों को सार्थक करने की शपथ लें। हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो। ये आपका लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। युवाओं को रोजगार दिलाना, उनके उज्जवल भविष्य की सोच के साथ मुख्यमंत्री की दिशा निदेश में हमलोग काम कर रहे हैं।

**नगर विकार के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : मुख्य सचिव :** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि नगर के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है । राज्य के एक चौथाई आबादी शहरों में निवास करती हैं। शहरी क्षेत्र राज्य के विकास का चेहरा होता है। निकाय क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर्स की चुनौती है । सड़क, नाली ट्रांसपोर्टेशन की चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आजीविका की तलाश में शहर आते हैं, जिससे शहरों की भौगोलिक संरचना चुनौती के रूप में उभरती है । आप सभी के ऊपर दायित्व है कि शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। अर्बन एरिया में टेक्निकल लोगों की आवश्यकता है । पहले झारखंड में टाउन प्लानर की भी नियुक्ति होती थी लेकिन पहली बार सहायक टाऊन प्लानर की नियुक्ति वर्तमान सरकार में हो रही है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएँ और पूरी लगन एवम् सुनियोजित नतीजे से ऐक्टिव रोल में अपने कार्यों को अंजाम दें और शहरों के विकास में झारखंड सरकार का साथ दें।

## कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में वृद्धि के प्रस्ताव को कैबिनेट ने दी मंजूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी. इसमें झारखंड राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में वृद्धि का फैसला भी शामिल है. महंगाई भत्ता एक जुलाई 2024 के प्रभाव से मिलेगा. यानी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता का ऐरियर भी मिलेगा. कैबिनेट सचिव ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान 1.7.2024 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी. बैठक में झारखंड सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम इकाई विशेष छूट विधेयक-2025 का गठन,बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम एवं बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड से संबंधित आस्तियों एवं दायित्वों का बंटवारा, सुनील कुमार तत्कालीन उप निदेशक भूमि संरक्षण,जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, की ओर से समर्पित विभागीय संकल्प संख्या-488 दिनांक-21.02.2024 के माध्यम से अधिरोपित दंड पर पुनर्विचार संबंधी आवेदन को अस्वीकृत किये जाने की स्वीकृति दी गयी.

झारखंड जगुआर में प्रतिनियुक्त स्व राजेश कुमार, तत्कालीन उप समादेष्टा, 84वीं वाहिनी, सीमा सुरक्षा बल के आश्रित को सेवांत लाभों के भुगतान की स्वीकृति दी गयी. राज्य सरकार के कर्मियों को महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी.राज्य सरकार के पेंशनधारियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान में दिनांक 01.07.2024 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गयी. झारखंड कारखाना नियमावली, 2023 के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गयी. राज्य के चयनित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बाजार मांगों के अनुसार, नवीनतम तकनीकी जानकारी ऑटोमोबाईल निर्माण व्यवसायों में प्रदान करने हेतु झारखंड वित्त नियमावली के नियम 235 को नियम 245 के तहत शिथिल करते हुए मनोनयन के आधार पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, कॉरपोरेट ऑफिस प्लॉट नं-01, नेल्सन मंडेला रोड, बसंत कुंज, नयी दिल्ली के सहयोग से सीएसआर के तहत समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने के लिए मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गयी.इसे ऑफ डाइंग बिजनेस के तहत औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान के अनुपालन के लिए कारखाना अधिनियम, 1948 के केंद्रीय अधिनियम संख्या 63 में संशोधन हेतु कारखाना (झारखंड संशोधन), विधेयक, 2024 की स्वीकृति दी गयी.

## आप नेता सत्येंद्र जैन पर चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आप नेता सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चालने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को अनुमति दे दी है। ईडी अब राष्ट्रपति की मंजूरी की जानकारी देते हुए एक नया पूरक आरोपपत्र अदालत में दाखिल करेगा। बता दें कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी थी।गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय की जांच और पर्याप्त सबूतों के आधार पर जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध किया था। बता दें कि जांच एजेंसी ने कथित हवाला लेनदेन से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जैन पर मामला दर्ज किया था और मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं और ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। मनी-लॉन्ड्रिंग का मामला इस आरोप पर दर्ज किया गया था कि जैन ने 2015 से 2017 के बीच विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर चल संपत्ति अर्जित की थी, जिसका वह संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके। बाद में ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भी मामला दर्ज किया और आरोप लगाया कि उनके स्वामित्व वाली और नियंत्रित कई कंपनियों ने हवाला के माध्यम से कोलकाता स्थित एंट्री ऑपरेटरों को हस्तांतरित नकदी के बदले शेल कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपये की आवास प्रविष्टियां प्राप्त कीं।

## यूट्यूब प्लेटफार्म में फैली अश्लीलता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जाहिर की चिंता

**न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा,हम चाहते हैं कि आप (सरकार) कुछ करें। अगर सरकार कुछ करने को तैयार हैं तो हमें खुशी होगी।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** यूट्यूब के एक शो में रणवीर इलाहाबादिया द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूब प्लेटफॉर्म में फैली अश्लीलता को लेकर केंद्र सरकार पर अपना तल्ख रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह यूट्यूब पर फैली अश्लील सामग्री के बारे में कुछ करना चाहते हैं ? न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा,हम चाहते हैं कि आप (सरकार) कुछ करें। अगर सरकार कुछ करने को तैयार हैं तो हमें खुशी होगी। अन्यथा हम इस खालीपन और बंजर क्षेत्र को उस तरह नहीं छोड़ेंगे जिस तरह से तथाकथित यूट्यूब चैनल और यूट्यूबर्स इसका दुरुपयोग कर रहे हैं।कोर्ट ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से भी सहायता मांगी है।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें इस मुद्दे के महत्व और संवेदनशीलता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। केंद्र के सामने सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल ऐसे समय में आया है, जब कुछ दिन पहले ऐसी खबरें आई थीं कि सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति केंद्र को कानून को मजबूत करने के लिए पत्र लिखने पर विचार कर रही है। ताकि सरकार यह सुनिश्चित कर सके कि रणवीर इलाहाबादिया ने यूट्यूब पर जो अभद्र टिप्पणियां की थीं। इस तरह की अभद्र टिप्पणियां किसी दूसरे यूट्यूब चैनल पर न की जा सकें।

## सूरजकुंड में मन मोह रही है झारखंड की सोहराई कला

*** मेला में पर्यटकों को सदियों पुरानी सभ्यता से रूबरू करवा रहा झारखंड परिसर**

**एजेंसी**

**फरीदाबादः** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला जहां देश-विदेश के शिल्पकारों के हुनर को विश्वभर में पहचान दिलवा रहा है। वहीं मानव सभ्यता के विकास से जुड़ी संस्कृति को भी पुनर्जीवित कर रहा है। ऐसी ही प्राचीन सभ्यताओं में से झारखंड की सदियों पुरानी सोहराई कला और खोवर चित्रकारी पर्यटकों के मन को मोह रही है। मेला में बनाए गए झारखंड परिसर में शिल्पकारों और चित्रकारों की



कला लोगों के मन को मोह रही है। झारखंड परिसर में अस्थाई दीवारों को सोहराई कला और खोवर चित्रकारी से काफी आकर्षक बनाया है। सोहराई और खोवर भारत के पूर्वी भाग में, विशेष रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले में प्रचलित दीवार चित्रकला या भित्ति चित्र की आदिवासी विधियां है। इसके अलावा झारखंड के शिल्पकारों द्वारा चित्रकारी से उकेरे गए मिट्टी के बर्तन और अन्य उत्पाद भी पर्यटकों को काफी आकर्षित कर रहे हैं। इसके अलावा पर्यटक झारखंड परिसर में प्रदर्शित किए गए प्राचीन मंदिरों, पार्कों और वन्यजीव अभयारण्य के बारे में भी खूब जानकारी ले रहे हैं। इनमें राधा-कृष्ण मंदिर बंशीधर, भद्रकाली मंदिर, कोलेश्वरी मंदिर, हरिहर धाम, सूर्य मंदिर व पार्श्वनाथ मंदिर व नेतरहाट, चीतों के लिए प्रसिद्ध बेटला नेशनल पार्क, जलसर पार्क, तपोवन आदि के संबंध में झारखंड पवेलियन में विस्तार से प्रदर्शनियों के माध्यम जानकारी दी गई है।

## आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत-कतर संयुक्त व्यापार मंच का हुआ आयोजन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान भारतीय उद्योग परिसंघ ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के साथ साझेदारी में आज यहां भारत-कतर संयुक्त व्यापार मंच का आयोजन किया। संयुक्त व्यापार मंच में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी ने मुख्य भाषण किया।संयुक्त बिजनेस फोरम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विकसित भारत विजन के अनुरूप 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की भारत की महत्वाकांक्षा की पुष्टि की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और कतर सफल ऊर्जा व्यापार का एक लंबा इतिहास साझा करते हैं।कतर के विदेश व्यापार मामलों के राज्यमंत्री डॉ. अहमद अल-सईद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत और कतर उभरते वैश्विक व्यापार परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# उपायुक्त ने लिया किसान मेला के तैयारियों का जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय स्थित शिवाजी मैदान में 19 फरवरी 2025 को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन होना है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित होने वाले किसान मेला को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन आयोजन स्थल शिवाजी मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला के सफल आयोजन को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने आयोजन की तैयारी की गति लाकर समयबद्धता से तैयारी पूर्ण कराने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने किसान मेला आयोजन के मुख्य मंच, मंच पर अतिथियों की बैठने की सुविधा, बैकड्रॉप, फेशिया, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ व्यक्तियों तथा आगंतुकों को बैठने आदि की व्यवस्था, विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जा रहे स्टॉल, पार्किंग की व्यवस्था, महिला एवं पुरूष किसानों के आगमण को लेकर तैयारी, उनके बैठने की व्यवस्था, खाना, शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि के प्रबंध किये जाने की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समय रहते सभी कमियों को दूर करते हुए तैयारी पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने स्टॉल पर बैनर-पोस्टर के माध्यम से संबंधित विभाग का नाम युक्त एवं प्रदर्शनी से संबंधित जानकारी भी प्रदर्शित करने का निदेश दिया। किसान मेला में पलामू प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। किसान मेला में आत्मा, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र, ईफको, जेएसएलपीएस, जैविक खेती, किसान प्रोड्यूसर कंपनी, मृदा स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला, लघु सिंचाई प्रमंडल, वन प्रमंडल, भूमि संरक्षण विभाग, बिरसा किसान पाठशाला, अरविंद इंटरप्राइजेज, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, अग्रणी बैंक, नाबार्ड, तसर विभाग, पुरूषोत्तम प्रसाद अग्रवाल, सेठी स्टोर, शुभम एग्रीको, बायर क्रॉप साइंस प्रा. लि., मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, गव्य विकास विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। साथ ही उन्हें योजनाओं को लेकर जागरूक किया जायेगा। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, पलामू के जिला कृषि पदाधिकारी-सह-आत्मा के परियोजना निदेशक दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रोड जाम करना पड़ेगा मंहगा : एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** किसी दुर्घटना के विरोध स्वरूप या किसी मांग को लेकर बलपूर्वक रोड जाम कर सार्वजनिक आवागमन को बाधित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार ने उक्त संबंध में चेतावनी देते हुए आम लोगों से अनुरोध भी किया है कि वे सड़क जाम करने की गतिविधियों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समर्थन न करें।

**शव को सड़क पर रखकर जाम लगाना अमानवीय**

एसडीओ ने कहा कि गढ़वा में सड़क दुर्घटनाओं के बाद रास्ता को जाम कर देना एक प्रवृत्ति सी बनती जा रही है जिसे हर हाल में रोकना होगा। ऐसी घटनाओं से आम आवागमन तो अस्त-व्यस्त होता ही है साथ ही क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर भी अवांछित परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है। हद तो तब हो जाती है जब सड़क दुर्घटना के शिकार हुए व्यक्ति के शव को सड़क पर अनादर पूर्ण तरीके से रखकर लोग नारेबाजी करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करना न केवल अनैतिक और अमानवीय है बल्कि घोर निंदनीय भी है। किसी दिवंगत व्यक्ति के शव के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार न करना मानव अधिकारों के विरुद्ध एक गैरकानूनी और असामाजिक कृत्य है।

**जाम में शामिल हो जाते हैं असामाजिक तत्व**

एसडीओ ने कहा कि अक्सर किसी दुर्घटना के उपरांत हताहत व्यक्ति के परिजन तो आपदा की घड़ी में बेसुध जैसे हो जाते हैं और वे नहीं समझ पाते हैं कि उन्हें क्या करना है क्या नहीं करना है, किंतु इसका लाभ आसपास के कई अराजक तत्व उठाते हैं और कई बार परिजनों की इच्छा के विरुद्ध भी शव को सड़क पर रखकर जाम लगा देते हैं। ऐसे अराजक तत्वों को हतोत्साहित करने के लिए अब कड़ी कार्रवाई जरूरी है। ऐसे मामलों में वीडियोग्राफी कराकर सभी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल क्षेत्र में यदि कहीं भी जानबूझ कर जाम का मामला प्रकाश में आता है तो इससे निपटने के लिए संबंधित अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को भी जवाबदेह माना जायेगा।

**राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धारा 8बी के तहत हैं कड़े प्रावधान**

एसडीओ ने जानकारी दी कि राजमार्ग को अवरूद्ध करना एक संज्ञेय अपराध है, जिसके लिए संबंधित अधिनियम की धारा आठ (बी) के तहत 5 वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है, इसलिए उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे कभी भी जानबूझकर हाईवे जाम करने जैसी गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्तता से बचें।

# एसडीओ ने अवैध रूप से संचालित क्रेशर को किया सील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के अम्बाखोरिया ग्राम में राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा संचालित किये जा रहे क्रशर प्लांट को उच्चपदधिकारियो के निर्देश पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुच कर सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि उक्त क्रशर प्लांट पिछले कई वर्षो से राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। लेकिन उक्त क्रशर प्लांट पर कारवाई नही हो पा रहा था। जिसकी सूचना विभिन्न माध्यमो से उपायुक्त तक पहुच गया।जिसके बाद उच्चपदधिकारी से निर्देश पर एसडीओ नगर उंटारी द्वारा कारवाई करते हुये क्रशर प्लांट को सील कर दिया है। इस संबंध में एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बताया कि ऐसी सूचना मिल रहा था कि अम्बाखोरिया ग्राम में अवैध रूप से क्रशर संचालित किया जा रहा है।जिससे ग्राम में विभिन्न प्रकार का डस्ट फैला सूचना के आधार पर जब मौके पर पहुचे तो सूचना को सत्य पाया गया। उसके पश्चात क्रशर को सील कर दिया गया है।इस मामले सीआई एवम राजस्व कर्मचारी को खनन स्थल की जांच करने के लिए भेजा गया है। मामले का जांच के बाद कि करवाई किया जाएगा।

# सर्वेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** प्रखंड के बेनीकला पंचायत के सबानो गांव में श्री सर्वेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर जलयात्रा 21 फरवरी को निकाली जायेगी। महायज्ञ समिति व ग्रामीणों की बैठक में बताया गया कि श्री विष्णुचीत स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में अनुष्ठान संपन्न होगा। महायज्ञ समिति के अनुसार 21 फरवरी को जलयात्रा, 22 को पंचांग पूजन, 23 को अन्नाधिवास, 24 को फलाधिवास, 25 को महा अभिषेक व नगर भ्रमण, 26 को प्राण प्रतिष्ठा सह भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा। समिति ने इस अनुष्ठान मे धर्मप्रेमी सज्जनों से तन मन धन से शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है। मौके पर संयोजक राजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष बसंत सिंह, सचिव हंसराज सिंह, संरक्षक रामकेश साव, कोषाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, कौशल किशोर सिंह, केदारनाथ सिंह, रामप्रवेश सिंह, विकास कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, जिम्मेदार यादव के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# एनडीपीएस एक्ट के मामलों में अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी



**नौडीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार थाना थाना क्षेत्रों में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एन.डी.पी.एस.) एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या- 05/2023 (धारा- 15/18/25/27( )/28/29 NDPS Act) के अभियुक्त- लवलेश यादव (पिता- बीरा यादव) निवासी- धोबीडीह, थाना- छतरपुर, जिला- पलामू को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ अपनी भूमिका निभाएं और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें।

# मैट्रिक की हिंदी पेपर की परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड में श्री श्याम बिहारी सिंह +2 उच्च विधालय नामुदाग और राजकीय कृत मध्य विधालय नामुदाग में जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के मंगलवार को हिंदी पेपर की परीक्षा आयोजित की गई जो कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। राजकीय कृत मध्य विधालय नामुदाग परीक्षा केंद्र पर कुल 428 में से 426 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहे और दो अनुपस्थित रहे, वही श्री श्याम बिहारी सिंह 10 +2 उच्च विधालय नामुदाग परीक्षा केंद्र पर कुल 620 परीक्षा में छात्र -छात्राओं थे जिसमें 615 परीक्षार्थी ने परीक्षा में उपस्थित रहे जबकी पाँच परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा कदाचार मुक्त सफल कराने में केंद्राधीक्षक अजित कुमार व रंजीत कुमार ने काफी अहम भूमिका निभाते नजर दिख रहें और परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी ली जा रही है। वही पर केंद्रधीक्षक अजित कुमार ने परीक्षार्थी के सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी प्रकार के चिट पुर्जा, मोबाइल के अलावा अन्य उपकरण पकड़े जाने पर परीक्षा से निष्कासित करने की बात कहा। 100 मीटर की परिधि में किसी प्रकार के भीड़ भाड़ नहीं लगाने की अपील अभिभावक से किया है। परीक्षा में दंडाधिकारी रवि रंजन कुमार, राज गोपाल कुमार के अलावा वीक्षक जय प्रकाश कुमार, महेन्द्र कुमार सिंह, कुंदन कुमार सिंह, रिंकी कुमारी, आशा कुमारी के अलावा पुलिस प्रशासन मुस्तैद थे।

# केतार मैट्रिक परीक्षा केंद्र पर हिंदी विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में एकलौता परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को मैट्रिक की हिंदी विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई। उक्त केंद्र के केंद्राधीक्षक मोहम्मद मोकारिम एवं उप केंद्रधीक्षक देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 432 परीक्षार्थी में एक परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहा। जबकि 431 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। बताया कि उक्त केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हो रही है। केंद्र पर बीडीओ प्रशांत कुमार ने थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के साथ केंद्र का निरीक्षण किया। बीडीओ ने परीक्षा में तैनात सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि इस सेंटर पर किसी तरह का अनियमितता नहीं होनी चाहिए। अगर किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई गई तो संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर महिला प्रवेक्षिका तेरेशा बाखला, दंडाधिकारी घनश्याम गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, संजय मिश्रा, राम लखन राम, नवीन प्रकाश, मनोज दास सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# लंबी बीमारी के बाद महिला का निधन, पार्षद ने किया आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 13 के चुनाटांड़ गांव निवासी विनोद राम की पत्नी इंद्रावती देवी (42) की मौत मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद हो गयी. मृतिका पिछले कई वर्षो से बीमार चल रही थी. खबर मिलने पर जिला योजना समिति सदस्य सह निवर्तमान पार्षद संजय बैठा मृतिका के घर गये और परिजनों को ढांढस बंधाया. श्री बैठा ने दाह संस्कार हेतु लकड़ी उपलब्ध करवाया. इसके अलावा परिजनों को आर्थिक मदद भी किया.मौके पर अजय कुमार रवि, राजेंद्र राम, विजय नारायण राम, नागा पासवान, विजय यादव, सूर्यदेव राम, सीताराम निराला सहित कई लोग मौजूद थे।

# आगजनी घटना में बोलेरो गाड़ी जलकर राख, घर भी जला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर थाना अंतर्गत नौगढ़ा ओपी क्षेत्र के अटरिया गांव में आगजनी की घटना में बोलेरा गाड़ी (एम पी 65 सी 0883) जलकर राख हो गयी.इसके अलावा घर में भी आग लग गयी. जिसे काफी मशक्कत के बाद बुझाया गया.घटना मंगलवार की सुबह चार बजे की बतायी जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार बलराम तिवारी का बोलोरो उनके घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी थी. सुबह लगभग चार बजे उसमें आग लग गयी. गाड़ी से आग की लपटें निकलकर सीता तिवारी के घर तक पहुंच गयी. और देखते ही देखते घर में भी आग लग गयी. जिसे काफी मशक्कत के बाद बुझाया जा सका.आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है.इस संबंध में पीड़ित परिवार ने नौगढ़ा ओपी में मामला दर्ज कराया है. ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित परिवार के एक पड़ोसी नलिन तिवारी का गृह निर्माण कार्य चल रहा है. कार्यस्थल पर तीन बंडल छड़ भी रखा हुआ था,जो गायब है. जिसमें एक बंडल छड़ गांव के हीं डिआहा आहार में फेंका हुआ था, इस संब्रंध में थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि पीड़ित परिवार के द्वारा आगलगी की घटना से संबंधित मामला दर्ज कराया गया है.लेकिन नामजद शिकायत नहीं की गयी है. आग लगी की घटना शॉर्ट सर्किट से भी हो सकता है.सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है।

# जगुआर बटालियन ने शहीद कुंदन सिंह के परिजनों को किया सम्मानित



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्पेशल फोर्स झारखंड जगुआर की स्थापना दिवस पर शहीद कुंदन कुमार सिंह के परिजनों को सम्मानित किया गया।इस मौके पर झारखंड जगुआर के पदाधिकारी, स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने शहीद कुंदन कुमार सिंह के घर ग़महर बीघा पहुंचे और गांव में स्थित शहीद कुंदन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।मौके पर लोगों ने संयुक्त रूप से शहीद कुंदन सिंह के पिता सुरेश सिंह, माता शारदा देवी को उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की कुंदन कुमार सिंह ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर पुलिस बल व अपने परिजनों के साथ साथ इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा की शहीद कुंदन कुमार सिंह ने राज्य और देश के लिये अपने जीवन का बलिदान देकर इस और गांव घर परिवार समाज के लिए मिशाल कायम किया है।क्षेत्र के युवाओं को शहीद कुंदन कुमार सिंह से प्रेरणा लेने की जरूरत है।मौके पर झारखंड जगुआर के पदाधिकारी उज्वल पांडेय ने कहा की देश समाज के लिये शहीद होना का सौभाग्य सभी को नहीं मिलता है।मौके हुसैनाबाद थाना के एसआई अनंत कुमार सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता मदन पासवान, पूर्व मुखिया टूना सिंह, शिवलाल राम समेत झारखंड जगुआर व हुसैनाबाद थाना के कई पुलिस जवान मौजूद थे।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई मैट्रिक का हिंदी पेपर का परीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर नगर निगम अस्पताल चौक स्थित में राजकीयकृत +2 श्री सद गुरु प्रताप हरि उच्च विद्यालय में जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के मंगलवार को हिंदी पेपर की परीक्षा आयोजित की गई जो कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। राजकीयकृत +2 श्री सद गुरु प्रताप हरि उच्च विद्यालय में परीक्षा केंद्र पर कुल 508 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहें और दो अनुपस्थित रहें। वहीं परीक्षा कदाचार मुक्त सफल कराने में दंडाधिकारी शशि कुमार ने काफ़ी अहम भूमिका निभाते नजर दिख रहें और परीक्षा सीसीटीवी के निगरानी में ली जा रहीं है। वहीं दंडाधिकारी शशि कुमार ने परीक्षार्थी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसी प्रकार के चिट पुर्जा,मोबाइल के अलावा अन्य उपकरण पकड़े जाने पर परीक्षा से निष्कासित करने की बात कहा साथ ही कहा 100 मीटर की परिधि में किसी प्रकार के भीड़ भाड़ नहीं लगाने की अपील अभिभावक से किया। परीक्षा में शिक्षक के साथ पुलिस प्रशासन मुस्तैद थे।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड कमेटी का हुआ गठन, रविंद्र राम बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड जपला रोड स्थित परी मैरिज हॉल में झारखंड मुक्ति मोर्चा छतरपुर प्रखंड ईकाई के गठन को लेकर नवगठित पंचायत कमेटी के सदस्यों के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि सह पलामू जिला संयोजक प्रमुख राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय समिति सदस्य सह संयोजक मंडल सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा एवं हाजी ललन मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार सिन्हा ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बृहद तरीके से बतलाया। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन जी के योजनाओं से प्रभावित होकर लोगों ने झारखंड में पार्टी को प्रचंड बहुमत दिया है। हमें पार्टी को पंचायत एवं बुथ स्तर तक मजबूत बनाना है। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हमेशा खड़ा है और उनके हर सुख दुख में साथ देने का वादा किया। संयोजक मंडली सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता रीढ़ होता है और बूथ तथा पंचायत स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी को मजबूत बनाते हैं। नव गठित पंचायत कमेटी के सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से रविंद्र राम को अध्यक्ष सनी कुमार को सचिव फिरदौस आलम शिवनाथ राम मानकी यादव जगनारायण सिंह सीता देवी को उपाध्यक्ष मानिकचंद राम को कोषाध्यक्ष रामरूप राम सरिता देवी मीलू देवी मूतबर अली को संगठन सचिव श्याम सांवरिया रोज मोहम्मद मानिक यादव धनेश यादव को संयुक्त सचिव सुरेंद्र सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में चयन किया गया। कार्यक्रम में बिंदा देवी मीना देवी मदन कुमार यादव कविता देवी इंदु देवी अभिषेक कुमार सिंह अलीशेर अखिलेश प्रजापति महेंद्र भुईया उपेंद्र गुप्ता धीरेंद्र यादव बीणा देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### सदर अस्पताल से नवजात शिशु को एक महिला लेकर हुई फरार

**रांची।** शहर के बीचों बीच भव्य सदर अस्पताल से एक नवजात शिशु के चोरी होने से अस्पताल परिसर में हडकंप मच गया। घटना बीते शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है, पुलिस को इसकी जानकारी मंगलवार की सुबह हुई। इस संबंध में लोअर बाजार थाना प्रभारी खोजबीन में जुटी है, खबर लिखे जाने तक पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के अलावा रिश्तेदारों से भी पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि पिठोरिया थाना क्षेत्र के निवासी उमेश बेदिया की नवजात शिशु का जन्म चार दिन पूर्व ही हुआ है। सोमवार की रात शिशु रोने लगा, तो बच्चे की मौसी उसे घुमाने के बहाने अस्पताल से बाहर आ गई । इसके बाद एक महिला के साथ बातचीत करने लगी। इसी बीच महिला मौका देख शिशु को लेकर फरार हो गई। शिशु के गायब होने के बाद उसके मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल है। इस मामले में पुलिस ने नवजात शिशु की मौसी को अपने साथ रखकर पूछताछ कर रही है। बता दें कि पिछले साल भी एक बच्चे की चोरी के आरोप में महिला को पुलिस ने जेल भेजा था।

### पुंदाग के दीपाटोली क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी आज

**रांची।** आरबीएस एस योजना के तहत विधुत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए विधुत शक्ति उपकेंद्र हरमू के न्यू हरमू फीडर में हरमू हाउसिंग सोसाइटी में फिजियोथेरेपी क्लीनिक के पास एल टी लाइन का काम किया जाएगा। इसीलिए इस ट्रांसफार्मर की बिजली आपूर्ति दिन में 11.30 से 3.00 बजे तक बाधित रहेगी। विधुत शक्ति उपकेंद्र - पुंदाग के दीपाटोली फीडर में आरडी एस एस योजना से संबंधित कार्य किया जाएगा, जिसके कारण इस फीडर की बिजली आपूर्ति दिन के 11.30 से 03.00 बजे तक बाधित रहेगी।

# महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन पर अफरा तफरी का महौल न बनने दें : संजय आनन्दराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड के निर्देशानुसार, संजय आनन्दराव लाठकर अपर पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने -17.02.2025 को पुलिस मुख्यालय सभागार से महाकुंभ मेला को लेकर यात्रियों के आवागमन के मद्देनजर राज्य के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने हेतु व्यापक रूप से समीक्षा बैठक की।

बैठक के कम में - 26.02.2025 तक चलने वाले प्रयागराज महाकुंभ मेले को लेकर यात्रियों के यात्रा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा-व्यवस्था सुदृढ़ करने से संबंधित निम्न तथ्यों पर व्यापक रूप से समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये =

1. जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम एवं स्थानीय रेलवे स्टेशन में उपलब्ध कन्ट्रोल रूम से आपसी समन्वय स्थापित की जाय ताकि रेलवे स्टेशन और जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम में सीधा समन्वय बना रहे।

2. रेलवे स्टेशन कन्ट्रोल रूम एवं उसके माध्यम से जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम में उक्त स्टेशन पर आने वाली सभी महत्वपूर्ण ट्रेन विशेषकर जो बनारस / प्रयागराज की ओर जा रही हो या वहाँ से आ रही हो, की जानकारी उपलब्ध रखना सुनिश्चित की जाय।

3. सभी पुलिस अधीक्षक / उपायुक्त जिला में कम से कम एक पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी एवं दण्डाधिकारी को ऐसे रेलवे स्टेशन, जहाँ पर भीड़ अधिक होने की उम्मीद हो, पर प्रतिनियुक्त करेंगे, जो वहाँ के सुरक्षा व्यवस्था के लिए सम्पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे। उक्त प्रतिनियुक्त प्रभारी अधिकारी / दण्डाधिकारी का मोबाईल नम्बर / वॉट्सऐप नम्बर इत्यादि रेलवे कन्ट्रोल रूम और जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि आपसी समन्वय स्थापित कर आपातकालीन स्थिति में यथाशीघ्र यात्रियों को सहयोग एवं विधि-व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु रेलवे से आपसी समन्वय स्थापित कर माईकिंग की व्यवस्था करना सुनिश्चित की जाय ताकि आवश्यकता अनुसार अनाउंसमेट कर भीड़ सुव्यस्थित किया जा सके।

4. भीड़-भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों पर ट्रैफिक की सम्पूर्ण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए यात्रियों के भीड़ को व्यवस्थित करने हेतु पुलिस पदाधिकारी / दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाय।

5. जी0आर0पी0/ आर0पी0एफ0 के साथ रेलवे स्टेशन में प्रवेश करने वाले सभी द्वारों / भागों में पर्याप्त संख्या में बल उपलब्ध कराया जाय ताकि अनावश्यक लोग या बिना टिकट के लोग स्टेशन पर पीक आवर में प्रवेश न करें। जिला स्तर से प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारी / दण्डाधिकारी / बल (जो स्टेशन की सम्पूर्ण सुरक्षा के प्रभार में होगा) का दायित्व होगा कि वह स्टेशन में प्रवेश एवं निकास वाले सभी भागों को चिन्हित करके रखेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर उस स्थान का प्रयोग भीड़ को कम करने में किया जा सके। प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारी / दण्डाधिकारी रेलवे स्टेशन से लगातार सम्पर्क में रहेंगे ताकि ट्रेनों के आवागमन के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके एवं स्टेशनों पर आने वाली ट्रेनों पर सवार यात्रियों के भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

6. प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारी / दण्डाधिकारी यह समीक्षा करेंगे कि रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त सी0सी0टी0भी0 कवरेज है अथवा नहीं। यदि है तो वहाँ पर जी0आर0पी0/आर0पी0एफ0 के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सी0सी0टी0भी0 के माध्यम से भीड़ वाले स्थानों पर नजर रखेंगे ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर अविलम्ब वांछित कार्रवाई की जा सके।



7. प्रयागराज महाकुंभ मेला को लेकर यात्रियों का आवागमन मुख्यतः रेल मार्ग से हो रहा है जिसमें काफी संख्या में स्टेशनों / ट्रेनों में पुरूष/महिला/बच्चे / बुजूर्ग पूरे परिवार के साथ यात्रा करने को आतुर रहते हैं जिससे रेलवे स्टेशन / ट्रेन में जरूरत से ज्यादा काफी भीड़-भाड़ इकट्ठा हो जाने के कारण यात्रियों द्वारा ट्रेन को पकड़ने के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी जाती है। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना के पूर्व ही सभी व्यवस्थाएं को सुदृढ़ की जाय।

8. प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारी / दण्डाधिकारी रेलवे स्टेशन से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यह जानकारी अवश्य पता करेंगे कि कौन सी ट्रेन रद्द है एवं अचानक किसी कारण से कौन सी ट्रेन रद्द की गयी है।

9. प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारी / दण्डाधिकारी रेलवे से आपसी समन्वय स्थापित कर यात्रियों के आवागमन को लेकर स्टेशन पर बनाये गए फुट ओवर ब्रीज पर विशेष ध्यान देंगे ताकिफुटऑवर ब्रीज पर एक साथ काफी भीड़-भाड़ इकट्ठा न हो सके। भीड़-भाड़ इकट्ठा होने पर यात्रियों में भगदड की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

10. आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्टेशन पर यथासंभव एक एम्बुलेंश पारायेडिक्स स्टाफ के साथ प्रतिनियुक्ति की जाय। स्थानीय पुलिसकर्मी के पास प्राथमिकी उपचार किट उपलब्ध रहे। उपायुक्त अपने स्तर से डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करेंगे इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

11. प्रयागराज महाकुंभ मेला को लेकर अधिक से अधिक संख्या में आने वाले भीड़ की संख्या की आसूचना का संकलन निश्चित रूप से पूर्व में ही एकत्रित कर ली जाय ताकि स्टेशन पर काफी भीड़ इकट्ठा होने पर यात्रियों के लिए सड़क मार्ग की वैकल्पिक व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाय ताकि रेलवे पर कम बोझ पड़ सके तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि यात्रियों द्वारा प्रयोग किए जा रहें सड़क मार्गो पर दुर्घटना न हो इसकी सतर्कता बरती जाए।

उपरोक्त सभी बिन्दुओं का कड़ाई से अनुपालन सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक निश्चित रूप से करना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / उप-महानिरीक्षक उपरोक्त सभी व्यवस्थाओं का अनुश्रवण अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे।

इस बैठक में संजय आनन्दराव लाठकर अपर पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के अतिरिक्त अखिलेश झा प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक राँची, अमोल विनुकांत होमकर पुलिस महनिरीक्षक, अभियान, नरेन्द्र कुमार सिंह पुलिस महानिरीक्षक, रेल, श्री प्रियदर्शी आलोक पुलिस उप-महानिरीक्षक, रेल, विजय आशीष कुजूर, पुलिस अधीक्षक, सी0टी0सी0 मुसाबनी भौतिक रूप से एवं श्रीमती तदाशा मिश्रा, अपर पुलिस महानिदेशक, रेल झारखण्ड, सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/आर0पी0एफ0 के पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक / रेलवे के वरीष्ठ पदाधिकारी, राँची/ धनबाद/ देवघर / पलामू / कोडरमा और अन्य जिलों के उपायुक्त तथा सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक (रेल सहित) एवं अन्य पदाधिकारी विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

# नशा पर रोक लगाने को लेकर प्रदेश जमीयतुल कुरैश का प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ मंत्री इरफान को दिया बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश का एक प्रतिनिधि मंडल ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाक़ात की और उन्हें नशा पर कड़ाई से रोक लगाने से संबंधित प्रस्ताव को पारित करने पर बधाई दिया। इस अवसर पर मंत्री डा इरफान अंसारी ने कहा की सारी बुराई की जड़ नशा है, इस पर रोक लगाना सबसे जरूरी है।युवा पीढ़ी इसका शिकार हो रहा है। वहीं झारखंड



प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा की मंत्री डा इरफान अंसारी ने हमलोगों के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त जागरूकता अभियान में विधायक रहते हुए शामिल हुए और उसी वक्त उन्होंने जो कहा था कि इस पर कड़े कदम उठाने की जरूरत है और अपने स्तर मुजीब कुरैशी अपने बैनर तले नशा मुक्त जागरुकता अभियान चला रहे हैं काबिल ए तारीफ है। आज हमे भी खुशी हो रही है कि आज मंत्री बनने के बाद कर दिखाया। इसलिए हमलोग बधाई देते है और उम्मीद करते हैं कि इस पर कडाई के साथ लागू भी करायेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश मिडिया प्रभारी गुलाम जावेद,गफ्फार अंसारी, गुलाम गौस कुरैशी,फरहाद कुरैशी उपस्थित रहे।

# भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड प्रदेश के पदाधिकारियों का किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अमर शहीद जगदेव जागरण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय महासचिव सह अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजू महतो का माल्यार्पण कर एवं साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ में शहीद जगदेव जागरण रथ को जगदेव जागरण झंडा दिखाकर कुशवाहा सभा रांची जिला अध्यक्ष



छात्रधारी महतो ने रवाना किया। कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीत कुशवाहा, छात्र अध्यक्ष अमनजीत कुशवाहा, प्रवक्ता सुबोध कुशवाहा, हिमांशु कुशवाहा, उमेश महतो, राजेश कुमार आदि शामिल हुए।

# जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल से मिलकर हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद की छह महीने से नियुक्ति नहीं होने पर झारखंड में लाखों युवा हताश- निराश हैं। जेपीएसी में अध्यक्ष पद की अविलंब नियुक्ति की मांग को लेकर अबुआ अधिकार मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर इस गंभीर विषय पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक और सांस्कृतिक विषयों को भी राज्यपाल के समक्ष रखा।

अबुआ अधिकार मंच के नीतीश सिंह ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद के लंबे समय से रिक्त होने के कारण विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी हो रही है, जिससे हजारों युवा प्रभावित हो रहे हैं। परीक्षा प्रक्रिया ठप पड़ने से योग्य उम्मीदवारों के करियर पर संकट मंडरा रहा है। अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति अविलंब की जाए ताकि नियुक्तियों को लेकर लंबित परीक्षाओं, रिजल्ट, प्रमोशन के मामले क्लीयर हो सकें। अबुआ अधिकार मंच के नीतीश सिंह के नेतृत्व में अभिषेक शुक्ला, अभिषेक कुमार, अंशुतोष कुमार और रूही परवीन ने राज्यपाल से मुलाकात कर विस्तार से एक मांग पत्र सौंपा। और यह बताया कि झारखंड लोकसभा आयोग में अध्यक्ष का पद छह महीने से खाली है। इससे जेपीएससी 11वीं-13वीं की मेंस परीक्षा का रिजल्ट भी लंबित है। इसके अलाया अन्य कई परीक्षाएं और नियुक्तियों का मामला भी अटका पड़ा है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि जेपीएससी अध्यक्ष पद के रिक्त रहने से राज्य की प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रक्रियाएँ प्रभावित हो रही हैं, जिससे झारखंड की प्रतिभाओं का ह्रास हो रहा है।

# ऐसी स्थिति आज नहीं रह गई है जहां राजभाषा हिन्दी में काम करना कठिन हो : शांतनु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** होटल रेडिशन ब्लू में मुख्य आयकर आयुक्त, शांतनु धमीजा, भारासे की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास, के0का), रांची की छह महीने पर होने वाली समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक इस वित्तीय वर्ष की द्वितीय एवं नराकास की 28वीं बैठक थी। रांची स्थित नराकास समिति के सदस्य कार्यालयों में से लगभग 130 सदस्य इस बैठक में शामिल हुए जिसमें 45 कार्यालयों के कार्यालय/



विभागाध्यक्ष भी शामिल हुए।बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉ0 सूर्यकांत सामल ने अध्यक्ष के साथ-साथ यहां उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। सचिव ने अध्यक्ष के साथ, नराकास बैठक की महत्ता एवं सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में समिति के अध्यक्ष शांतनु धमीजा ने कहा कि ऐसी स्थिति आज नहीं रह गई है जहां राजभाषा हिन्दी में काम करना कठिन हो। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में सरकारी काम में हिन्दी का अधिक- से-अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है।कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र के तकनीकी अधिकारी (राजभाषा), अणिमा प्रभा ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# नेत्रहीन विद्यार्थियों के बीच ब्रेल लिपि की पाठ्यपुस्तकों का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड आई ए एस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन ( जेसोवा) द्वारा राजकीय नेत्रहीन विद्यालय हरमू में नेत्रहीन विद्यार्थियों के बीच ब्रेल लिपि की पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया । नेत्रहीन विद्यार्थियों के पठन पाठन में ब्रेल लिपि की पुस्तकों को बहुत महत्त्वपूर्ण माना गया है । उल्लेखनीय है कि ब्रेल लिपि की पाठ्य पुस्तकें की उपलब्धता सीमित होती है और जेसोवा ने विशेष तौर पर आपूर्ति सुनिश्चित करायी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने की । उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित राजकीय नेत्रहीन विद्यालय एवं राजकीय मूक बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया तथा उनसे उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई । जेसोवा की सचिव गायत्री सिंह ने



विद्यार्थियों को संघर्षमय जीवन में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सफल होने हेतु टिप्स दिए । कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, राजकीय नेत्रहीन विद्यालय एवं राजकीय मूक बधिर विद्यालय के अध्यापक, जेसोवा की सदस्य निक्की टोप्पो, जसीना सिद्दीकी, जगथा, दिव्याश्री, यामिनी कुमारी, अर्चना मुथु, ज्योति भजंत्री, स्टेफी मुर्मू, प्रेरणा, श्रेया चौरसिया, आर्या गौतम, अपूर्वा जौहरी, नीलम ललित, ललिता ओरांव आदि उपस्थित थे ।

# झामुमो के जिला संयोजक मंडली ने कांटाटोली चौक रांची मे चलाया गया सदस्यता अभियान

**प्रभात मंत्र मंवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में 18 फरवरी 2025 को रांची महानगर अंतर्गत कांटाटोली चौक के समीप, रांची मे शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया।

झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे चलाए गए सदस्यता अभियान मे मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, नयनतारा उरांव, एवं अफरोज आलम, जीत गुप्ता, आदिल इमाम, फरीद खान, सोहेल खान, अजीत नायक, आरिज खान, सुजीत कुजूर, आशुतोष वर्मा, अकबर कुरैशी, मो निजाम, उषा उरांव, अशोक लोहरा, परवेज आलम, विश्वजीत गोप, मो साजिद, राजेश सिंह, सुजीत उपाध्याय, अवधेश यादव, विजय रविदास, दिलबर सुरीन, लाडले खान, साहिल यादव, राकेश, कामरान, मो सन्नी, बाबू, सोनू , बबलू, प्रिंस खान, अरविन्द ठाकुर, जोहेब, जाहिद, कुलदीपक कुमार, अशरफ खान, आयुष राज वर्मा, लक्ष्मण राम, रवि कुमार, आफताब



आलम, फारुख खान, एवं अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।सदस्यता अभियान को सफल बनाने मे मुख्य रूप से जीत गुप्ता, अजीत नायक, अकबर कुरैशी, मो सन्नी एवं अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। आज के सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली, जिसमें मुख्य रूप से महिलाएं रहीं । पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली के सदस्यगणों और जिला व रांची महानगर के वरिष्ठ नेतागणों ने सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

**Ph.D Awarded**



By the order of the Vice Chancellor, Jharkhand Rai University Ranchi **Mrs. SUBIYA AHMED** D/o Parwez Ahmed and W/o S. Jaseem Rizvi, Ranchi is declared to have passed her Doctorate of Philosophy examination in English held in the month of February, 2025 on the topic of the research **"AN ANALYTICAL STUDY ON THE POSITIVE PORTRAYAL OF DEATH BY EMILY DICKINSON"**. She carried out her research work under the supervision of Dr Anita Singh Associate Professor Department of Humanities and Social Science, Jharkhand Rai University Ranchi.

# झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला न लगने दे हेमंत सरकार : प्रतुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार से मांग की है कि वह झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद की पाठशाला ना लगने दे।प्रतुल ने उस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त किया जिसमें खुफिया तंत्र ने बताया कि पाकुड़ में बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश का एक दुर्दांत आतंकवादी अब्दुल मनुन बांग्लादेश बांग्लादेश सीमा को पार कर पाकुड़ पहुंच गया था।उसने वहां दर्जनों स्थानीय युवकों को ट्रेनिंग दी थी। प्रतुल ने कहा यह बहुत ही गंभीर मामला है जब आतंकवादी झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला लगा रहे हो और उनके जाने के बाद राज्य के खुफिया तंत्र को इसकी खबर लगती है। प्रतुल ने कहा राज्य सरकार को अविलंब इस मुद्दे पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

स्थानीय स्तर पर जो लोग मदद कर रहे हैं उन पर भी कानून का शिकंजा कसे।प्रतुल शाह देव ने कहा कि झारखंड में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास रहा है। इसलिए हेमंत




सरकार को पूरे ताकत से इसे कुचलना चाहिए ।हाल ही में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में स्लीपर सेल के रूप में कार्यरत एक डॉक्टर पकड़ा गया था। इसके अतिरिक्त लोहरदगा सहित अनेक जिलों में स्लीपर सेल का खुलासा हुआ है। बोध गया बम ब्लास्ट के तार भी रांची से जुड़े थे। हिंदपीढ़ी के एक लॉज से नौ बम बरामद हुए थे जो बोधगया बम ब्लास्ट में प्रयोग किए गए बमों के समान थे। धुर्वा से सटे सीठियो के जंगल में बमों को फोड़ने की ट्रेनिंग दी गई थी।प्रतुल ने कहा कि ये देश की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। इसलिए हेमंत सरकार से अपेक्षा है कि वह पूरी ताकत लगाकर इन देश विरोधियों को कुचले।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने प्रभारी से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी के राजु मुलाकात की और बधाई दी और झारखंड की वर्तमान राजनीतिक विषयों पर दोनों ने काफी चर्चा किया।

## उद्घाटन समारोह के शानदार समापन पर मुमताज़ आलम ने स्कुल प्रबंधक क़ो दी मुबारकबाद

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन पब्लिक स्कूल चंदवे क़ा उद्घाटन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न होने पर समाजसेवी मुमताज़ आलम ने स्कुल प्रबंधक सहित समारोह में पहुंचे झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी,कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा,उम्मीद ग्लोबल स्कूल कोलकाता के डायरेक्टर वली रहमानी,डीआईजी नौशाद आलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मुस्ताक आलम,सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता गुलरेज अंसारी,हृष्टश्वत्रञ्ज के एक्सपर्ट कमिटी के पूर्व सदस्य डॉ मोहम्मद सईद,इंडियन पब्लिक स्कूल के कंसल्टेंट आदिलअज़ीज़ सिद्दीकी,मारवाड़ी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ जावेदअहमद,ऐनुल हक अंसारी, कद्दूस अंसारी,साई हॉस्पिटल चकला के डॉयरेक्टर आशिक़ अहमद,कांग्रेस के रांची जिला महासचिव रफ़ीक़ अंसारी,कांग्रेस के जिला महासचिव नईम अंसारी,ऑल झारखंड एकता मंच के सदर अशफाक खान,एकता मंच के सेक्रेटरी मुन्तजिर अहमद रज़ा,ज़ाकिरअंसारी,हैदर अंसारी प्रोफेसर शलेन्द्र मिश्रा सहित स्कूल प्रबंधक,मीडिया कर्मी,सहित अन्य लोगों को बधाई देते हुए कहा कि चंदवे में इंडियन पब्लिक स्कूल का खोलने का मकसद छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ तहजीब सीखना है सराहनीय कार्य है, बच्चे यहां से पढ़कर निकालकर देश का नेतृत्व कर सके यही स्कूल का लक्ष्य है, इस स्कूल से पढ़कर निकलने वाले बच्चे झारखंड ही नहीं पूरे देश का नाम रोशन करेंगे, वहीं उन्होंने लोगों से कहाँ की सभी लोगों क़ा सहयोग रहा तो बहुत जल्द यह स्कूल झारखंड के मानचित्र में देखेगा। इस स्कूल में बेहतर शिक्षा देने में कोई कंप्रोमाइज नहीं किया जाएगा.इस स्कुल में अनुभवी एवं क्वालिफाइड टीचरों की टीम द्वारा बच्चों को पढ़ाई कराया जाएगा,पढ़ाई लिखाई के साथ बच्चों को खेलकूद में भी धोनी जैसे काबिलियत वाला इंसान बनना है जो अपने खेल से मां-बाप व देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि अभी स्कूल में नामांकन शुल्क नहीं लिया जा रहा है,जिन बच्चों का नामांकन कराना हो वह जल्द स्कूल पहुंचकर ऐडमिशन करा ले,1 अप्रैल से क्लास शुरू हो जाएगी।



## युवक का सर धारदार हथियार से किया गया अलग

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कर्रा रांची मुख्य सड़क स्थित छाता नदी के पास अज्ञात अपराधियों ने सोमवार की संध्या लगभग सात से आठ बजे के बीच पत्नी के समक्ष युवक संदीप टोप्पो जो रातु थाना क्षेत्र के संडिल गांव निवासी का धारदार हथियार से वरकर धड़ से सर अलग कर दिया। और अपराधियों फरार हो गए। कर्रा पुलिस सोमवार को शव को बरामद कर कर्रा थाना लाया एवं मंगलवार को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का पत्नी खुशबू तिर्की ने कर्रा पुलिस के समक्ष बतलाई की मेरा पति संदीप टोप्पो उम्र लगभग 32 वर्ष और मैं मृतक का ससुराल बसिया से सोमवार को संध्या में वर्ना गाड़ी से लौट रहे थे। लगभग संध्या 7 से 8 बजे के बीच दो मोटरसाइकिल में पांच लोगों ने गाड़ी रोकने की इशारा किया तो वह गाड़ी रोके तो अपराधियों ने पानी मांगने लगे। जैसे ही संदीप टोप्पो गाड़ी का दरवाजा खोलें अपराधियों से खींच कर सड़क पर उतारा और धारदार हथियार से सर से धड अलग कर दिया। कर्रा थाना पुलिस गलती टीम द्वारा रोड किनारे गाड़ी खड़ा देख रोकने पर देखा की शव पड़ा हुआ है। तत्काल शव को कर्रा थाना लाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद तोरपा पर डीएसपी क्रिस्टोफर क्रिकेटर घटनास्थल पहुंचकर अवलोकन करते हुए कहा कि हत्या के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल चुकी है लेकिन पुलिस सभी पहलूओ में जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बहुत जल्द अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि जगह-जगह से सीसी टीवी फुटेज खंगाल जा रहा है अपराधियों घर पकड़ के लिए पुलिस द्वारा संघनन छापामारी अभियान शुरू कर दिया गया है। बहुत जल्द पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी।

## महाकुंभ जाने के लिए अंधा व्यक्ति पहुंचा मुरी स्टेशन, भीड़ के कारण दो दिनों से चढ़ नहीं पा रहा ट्रेन में



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस भीड़ में महाकुंभ जाने में अच्छे अच्छों की हिम्मत जवाब दे रही है तो वहीं एक अंधे व्यक्ति जिसकी दोनों ही आँखें नहीं है वे भी इस भीड़ में भी महाकुंभ जाने के लिए मुरी स्टेशन पहुंचे है। लेकिन पिछले दो दिनों से मारे भीड़ के कारण वे ट्रेन में चढ़ नहीं पाए हैं। फिर भी अंधे व्यक्ति ने हिम्मत नहीं हारी है। उनसे बात हुई तो उन्होंने बताया कि मुझे अपने भोले नाथ पर पूरा भरोसा है। कोई न कोई मुझे सहारा दे देगा मैं सुरक्षित महाकुंभ स्नान करके लौटूंगा। पश्चिम बंगाल के कोटशिला थाना क्षेत्र के जोलटा गांव के निवासी कन्हाई राम दो दिन पहले ही मुरी स्टेशन आए थे लेकिन ट्रेन में भीड़ के कारण नहीं चढ़ पाए फिर वे सिल्ली के लोटा गांव में अपने किसी रिश्तेदार के घर चले गए। उसने बताया कि आज फिर से कोशिश करूंग अन्यथा घर लौट जाऊंगा।

## दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग उपकरण का वितरण



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राँची जिला के नामकुम प्रखंड मुख्यालय के पास-- आज दिनांक 18 फरवरी 2025 को -- भारत देश के पूर्वी क्षेत्र दिव्यांग कृत्रिम अंग उपकरण वितरण प्रधान कार्यालय उड़ीसा के उप कार्यालय सीआरसी नामकुम प्रखंड क्षेत्र स्थित कार्यालय में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार सह रांची के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री संजय सेठ जी के सौजन्य से गेल इंडिया सीएसआर फंड द्वारा कांके प्रखंड के सुकूरहूटु निवासी दिव्यांग मनोज लोहारा को बैटरी चालित ऑटोमेटिक रिक्शा प्रदान किया गया। मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि श्री प्रमोद कुमार सिंह ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री विनय कुमार महतो जिला मंत्री रामकुमार दुबे रितेश उरांव गोरखनाथ सिंह अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो नगडी मंडल के राजपाल साहू नगडी मंडल अध्यक्ष जय किसन महतो प्रदीप लोहारा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक के द्वारा अधिकारियों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ किया गया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** प्रखण्ड सह अंचल नामकुम में खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने प्रखण्ड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, आवास योजना, पशुपालन विभाग, उर्जा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मनरेगा एवं अन्य विभागों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। विधायक राजेश कच्छप ने सभी योजनाओं को धरातल पर काम होना चाहिए। कोई भी योजना अपूर्ण नहीं होना चाहिए। सरकार के सभी योजना को आम जनता को सहूलियत से लाभान्वित मिले। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि सभी गांवों में जल नल योजना को अतिशीघ्र पूर्ण करने की हिदायत दी। राजस्व में सभी आनलाइन सुधार करने के लिए विशेष ध्यान देने की निर्देश दिया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी, जिला परिषद सदस्य रिता होरो, बिपिन टोप्पो, अशोक कुमार मिश्र, माधो कच्छप, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह, प्रभारी अंचल निरीक्षक राजेश कुमार, सिडीपिओ साबिता वर्मा, स्वास्थ्य विभाग अरविन्द कुमार, बिईईओ कल्पना तांती, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ सिन्हा, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी तपन कुमार साहू, प्रखण्ड समन्वय संजय उरांव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विजय टोप्पो, मुखिया सरस्वती देवी, लक्ष्मी देवी, निशा उरांव, जीता कच्छप, मांगरा कच्छप, अरविन्द लोहरा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।



# लंबित वादों के निस्तारण का सुलभ माध्यम है लोक अदालत : प्रवीण कुमार श्रीवास्तव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर सिल्ली प्रखण्ड के मुरी पश्चिमी पंचायत भवन में मंगलवार को जस्टिस ऑन व्हील मोबाईल वैन टूर कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के ओर से दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओ की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा लंबित वादों के निस्तारण का सुलभ माध्यम है लोक अदालत। उन्होंने पीड़ित को दी जाने वाली मुआवजा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डायन बिसाही एक अंधविश्वास है इसे हम सबको समाज से दूर करना है। कार्यक्रम के दौरान आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी।

डालसा के पीएलवी के द्वारा पम्पलेट, लिफलेट एवं जागरूकता से संबंधित पुस्तकों का वितरण भी मौके किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में पीएलवी कौशल्या देवी, एवं ब्रजेश कुमार ने भी लोगों को जानकारी दी। मौके पर बंशीधर घटवार, सुनील कुमार महतो, बबलू कुमार महतो, पंकज कुमार महतो, राजकुमार महतो, ग्राम प्रधान मनीष कुमार महली एवं अन्य उपस्थित थे।



### सेवा नियमावली नहीं बनने से आक्रोशित वनकर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

# बिल्ला लगाकर कर्मी विरोध प्रदर्शित करते हुए कार्य करेंगे : प्रिंस कुमार गोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** झारखंड वन लिपिक संघ ने पूरे राज्य में झारखंड वन अराज पत्रित कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रिंस कुमार गोप के आह्वान पर सात दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है.राज्य गठन के बाद से आज तक वन विभाग के लिपिकीय कर्मियो का सेवा नियमावली नहीं बनने से वन कर्मियों में काफी आक्रोश है। सोमवार को आक्रोशित जिला वन कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्य संपादित किया। मौके पर उपस्थित वनकर्मियों ने बताया कि वर्ष 2004 से वन विभाग के सहायक संवर्ग को निम्नवर्गीय लिपिक और उच्चवर्गीय लिपिक में विभाजित किया गया था। आज 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी एलडीसी और यूडीसी पदो को कन्फर्म नहीं किया गया है। जिस कारण झारखंड राज्य के वन विभाग में एलडीसी को कोई पदोन्नती नहीं मिली है। जिसके कारण 17 से 22 फरवरी तक प्रत्येक दिन राज्य के सभी जिला के ऑफिस में काला बिल्ला लगाकर कर्मी विरोध प्रदर्शित करते हुए कार्य करेंगे। साथ ही 2 मिनट का मौन भी रखेंगे। उसके बाद 23 फरवरी को कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। अगर विभाग एवं सरकार द्वारा 15 दिनों के अन्दर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो चरणबद्ध अंदोलन किया जाएगा।



# बाघवार एकेडमी का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** बाघवार एकेडमी में 19 वें वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृति, कला और शिक्षा का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. भूपेश कुमार (प्राचार्य, आईएचएम), विद्यालय निदेशक अशोक बाघवार और प्राचार्य अरुण बाघवार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक नागपुरी नृत्य से किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय निदेशक अशोक बाघवार ने अपने स्वागत भाषण में कहा, ÷हमारी आदतें ही हमें महान बनाती हैं। इसलिए हमें अच्छी आदतों को अपनाना चाहिए और इसकी शुरुआत शिक्षकों एवं अभिभावकों को करनी चाहिए, क्योंकि बच्चे वही सीखते हैं, जो वे देखते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. भूपेश कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, हर बच्चा समान क्षमता रखता है, सफलता के लिए स्थान कोई बाधा नहीं है। विद्यालय ही वह स्थान है, जहाँ बच्चों को 'संस्कार और संस्कृति' की शिक्षा मिलती है। विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, सामाजिक संदेशों से भरपूर प्रस्तुतियों और ऊर्जा से परिपूर्ण प्रदर्शन को अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन को उप-प्राचार्य अजय उरांव ने प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्ण सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन आँचल कुमारी, मानसी कुमारी, अंजना, प्रिधि और सिफा नाज ने किया।



# रैयत विस्थापित मोर्चा की सीसीएल स्तरीय बैठक मे शामिल हुए पिपरवार के लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रैयत विस्थापित मोर्चा पिपरवार के कार्यकर्ता सीसीएल के गिददी एरिया मे आयोजित रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय कमेटी द्वारा सीसीएल स्तरीय बैठक सह वनभोज कार्यक्रम मे शामिल हुए।सभी कार्यकर्ता मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व मे एक साथ बचरा से गिद्दी के लिए रवाना हुए।जानकारी के अनुसार रैयत विस्थापित मोर्चा पिपरवार एरिया,एनके एरिया,मगध संघमित्रा, आम्रपाली चन्द्रगुप्त एरिया और एनटीपीसी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बचरा चार नम्बर स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक मे एकत्रित हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए एक साथ रवाना हुए।कार्यक्रम मे जाने से पूर्व मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम मे सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रो के प्रतिनिधि शामिल होगे।जिसमे विस्थापित रैयतो के हक व अधिकार को लेकर चर्चा की जाएगी।जल,जंगल और जमीन की रक्षा पर बल दिया जाएगा।विस्थापित रैयतो के हक व अधिकार के लिए मोर्चा द्वारा किये जा रहे संघर्ष पर चर्चा करते हुए आगे की रजनीति बनायी जाएगी।कार्यक्रम मे मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा,केन्द्रीय महासचिव सैनाथ गंझु,केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,राजकुमार महतो सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होगे।कार्यक्रम मे जाने वालो मे इकबाल हुसैन, बिगन सिंह भोगता,रामचन्द्र उंराव,अमृत भोगता,तस्दीक आलम,रामलखन गंझु,अशोक महतो,प्रेम कुमार सहित अन्य कई लोगो का नाम शामिल है।



## श्रीमद् भागवत कथा में गूंजी कृष्ण जन्म की दिव्य वाणी

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास पुज्य इंद्रेश जी उपाध्याय ने श्रीकृष्ण लीला के अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग रहा, जिसे सुनते ही पूरा वातावरण ÷नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की÷ के जयकारों से गूंज उठा। महाराज जी ने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब भगवान स्वयं अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार में हुआ, जहां उनके माता-पिता वसुदेव और देवकी कैद में थे। जन्म के समय चारों ओर अंधकार था, लेकिन जैसे ही बाल गोपाल प्रकट हुए, पूरा कारागार प्रकाश से जगमगा उठा। यह प्रसंग इस सत्य को दर्शाता है कि जब जीवन में कठिनाइयों का अंधकार बढ़ता है, तो भगवान का प्रकाश हमें राह दिखाने आता है। श्रीकृष्ण जन्म के साथ ही जेल के ताले स्वतः खुल गए, पहरेदार गहरी निद्रा में सो गए और वसुदेव जी ने अपने पुत्र को टोकरी में रखकर यमुना पार कर गोकुल पहुंचाया। इस दौरान यमुना जी ने श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए जलस्तर बढ़ाया, लेकिन जैसे ही वसुदेव जी ने प्रभु के चरण यमुना में डाले, जल शांत हो गया। यह प्रसंग दर्शाता है कि ईश्वर की कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है। इंद्रेश जी उपाध्याय ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला केवल एक बाल लीला नहीं, बल्कि गहरा आध्यात्मिक संदेश देती है। जिस प्रकार ग्वालबाल और गोपियां श्रीकृष्ण से प्रेम करती थीं, उसी तरह हमें भी अपने हृदय में भक्ति को स्थान देना चाहिए। कथा व्यास पुज्य इंद्रेश जी उपाध्याय ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को जीवन में चार ऋण चुकाने होते हैं। देव ऋण, ऋषि ऋण, पितृ ऋण और मानव ऋण। उन्होंने सभी ऋण का उल्लेख किया। बताया देव ऋण यानी देवताओं की कृपा से हमें जीवनदायिनी शक्तियां प्राप्त होती हैं, इसलिए हमें ईश्वर और प्रकृति के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए। ऋषि ऋण यानी संत-महात्माओं और गुरुओं से प्राप्त ज्ञान का आदर करना और उनके दिखाए मार्ग पर चलना आवश्यक है। पितृ ऋण यानी माता-पिता और पूर्वजों के दिए गए संस्कारों का पालन कर उन्हें सम्मान देना चाहिए। मानव ऋण यानी समाज और मानवता की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। महाराज जी ने मांसाहार के विषय में कहा कि यह मनुष्य के क्रोध और अहंकार को बढ़ाता है। सात्विक भोजन से मन और आत्मा शुद्ध होती है, जिससे आध्यात्मिक उन्नति संभव होती है। इंद्रेश जी उपाध्याय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पत्नी को पति का सम्मान करना सिखाया गया है। पति-पत्नी का संबंध प्रेम, विश्वास और समर्पण पर आधारित होता है। पति को परमेश्वर मानने का अर्थ है कि उसमें ईश्वर का अंश देखना और पारिवारिक जीवन को प्रेममय बनाना।

## पिपरवार मे हुई इनमोसा की बैठक मे आंदोलन की बनी रूपरेखा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बसंत विहार कॉलोनी में इनमौसा क्षेत्रीय कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव अनिल कुवंर और संचालन रूपलाल महतो ने किया।बैठक मे माईनिंग सुपरवाईजर का प्रमोशन सहित अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही इनमोसा को मजबुत बनाने का आहवान किया गया।बैठक में इनमोसा केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर चार चरणों में होने वाले सीसीएल स्तरीय आंदोलन को पिपरवार क्षेत्र में सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 24 फरवरी को सीसीएल के प्रत्येक कोलियरी ऑफिस में धरना प्रदर्शन,03 मार्च को प्रत्येक महाप्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन,10 मार्च को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में धरना प्रदर्शन और 24 मार्च से 26 मार्च तक तीन दिनों तक आकस्मिक छुट्टी पर इनमोसा के लोग रहेंगे। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से इस आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।बैठक मे अनिल कुमार कुवंर,ईश्वर पाहन,रूपलाल महतो,जयप्रकाश तिग्गा, सुबोधकान्त शर्मा,बिरेन्द्र चौहान,निवास प्रसाद,सुरैश कुमार,मनीष बेदिया, जुलियश टोपनो,जोधन प्रसाद,उमेश उंराव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कोंचो पहाड़ में महा शिवरात्रि के आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न


**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कोंचो गांव के कोंचो पहाड़ के समीप कोंचो पहाड़ शिवरात्रि पुजा समिति के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जनक महतो ने की। बैठक में पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आयोजन पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये एवं पुजा समिति का पुनर्गठन किया गया । जिसमें प्रवेश महतो, रमण रंजन महतो , राजकुमार महतो एवं जनकलाल महतो को संरक्षक, रास रंजन महतो को संयोजक, तृलोचन महतो को अध्यक्ष, मोतीलाल महतो को सचिव,डबलु कुमार महतो को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे कार्यकारी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें उत्तम महतो, भुपेश महतो , भुपेश महतो, अतित, बिनोद, रामसाय, सोमनाथ, रमेश, अशोक, संजय गोस्वामी एवं कृष्णा महतो शामिल हैं।

## कांके विधायक ने किया बोरिंग और प्याउ का शिलान्यास



**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुरगांव बाजार टांड़ स्थित शिवमन्दिर के बगल में डीप बोरिंग एवं पेयजल हेतु प्याऊ का शिलान्यास विधायक सुरेश कुमार बैठा जी ने किया।जल्द ही बाजार टांड़ में सुलभ शौचालय का भी निर्माण विधायक द्वारा किया जाएगा।विधायक ने कहा कि कांके की जनता ने पहली बार उन्हें सेवा करने का मौका दिया है और मै बिस्वास दिलाता हूं कि विधायक रहतें मै छेत्र का विकास सबसे ज्यादा करूँगा जिसे यहाँ की जनता देखेगी। मौके पर विधानसभा प्रतिनिधि गोपाल तिवारी उमेश वैद्य अशोक साहू सहानंद गोप बबलू उरांव शिवशंकर उरांव मनोज साहू दिनेश साहू मनोहर साहू शंभू जायसवाल सुखनंदन सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## विक्रांत मैसी के साथ कैंपस एक्टिववियर ने लॉन्च किया 'मूव यॉर वे' कैंपेन का दूसरा चरण




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने आज जाने-माने भारतीय अभिनेता विक्रांत मैसी के साथ ब्राण्ड के कैंपेन 'मूव यॉर वे' के दूसरे चरण की शुरूआत की है। कैंपेन की पहली फिल्म की शानदार सफलता के बाद यह दूसरी फिल्म आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तिगत अंदाज़ को अपनाने का संदेश देती है। यह फिल्म फैशन विकल्पों के माध्यम से दर्शकों को अपने जुनून और अनूठी यात्रा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रेरणा अग्रवाल, चीफ़ इनोवेशन ऑफिसर, कैंपस एक्टिववियर ने कहा, हमारा कैंपेन 'मूव यॉर वे' अपने अंदाज में भावनाओं की अभिव्यक्त का जश्न मनाता है, इस यात्रा की शुरूआत नवम्बर में हमारी पहली फिल्म के साथ हुई थी। दूसरी फिल्म भी हमारे इसी दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए संदेश देती है विक्रांत मैसी ने कहा, मैं हमेशा से प्रमाणिकता में भरोसा करता हूं और एक ऐसे ब्राण्ड के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है जो न सिर्फ इस अवधारणा को बढ़ावा देता है बल्कि मेरे अपने अंदाज़ को खुलकर अपनाने की मेरी यात्रा के अनुरूप भी है। देवैया बोपन्ना, सह-संस्थापक, मूनशॉट ने कहा, एक ऐसे ब्राण्ड के साथ जुड़ना हमारे लिए बेहतरीन मौका है, जो विरासत को बनाए रखते हुए आधुनिक सांस्कृतिक रूझानों पर भी खरा उतर रहा है।

## आईडीबीआई बैंक ने मानगो के एक स्कूल में दिया पंखा समेत अन्य सामग्री



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर के आईडीबीआई बैंक शाखा के प्रबंधक व उनकी टीम ने मंगलवार को मानगो टूइलाडूंगरी झंडा सिंह मध्य विद्यालय में एक समारोह कर पंखा, अलमारी, कुर्सी, लाइट आदि सामग्री स्कूल के प्रिंसिपल को सौंपा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक, शहीद परवेज़ ( डीजीएम ) ब्रांच हेड बिस्टुपुर ने बताया कि उक्त सामग्री बैंक अपने सीएसआर के तहत प्रदान की है। इससे छात्रों को गर्मी से राहत मिलेगा और छात्रों के शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा होगी। शहीद परवेज़ ने कहा इस तरह का सीएसआर कार्य आगे भी बैंक द्वारा होता रहेगा ।

इस अवसर पर पंकज कुमार, मैनेजर, विनय श्रीवास्तव मैनेजर, जी सिंह, टीएसएम, अमित कुमार पाल टीएसएम, प्रभाकर प्रसाद आरएसएम, आनंद प्रकाश, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षक-विद्यार्थी मौजूद थे।

## स.अ संघ के पूर्व अध्यक्ष ललित हांसदा की मां का निधन




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सहायक अध्यापक संघ बोड़ाम प्रखंड कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सह मुकरूडीह गांव निवासी ललित हांसदा की माताजी मति हांसदा का मंगलवार की सुबह करीब सवा 11 बजे करीब 94 वर्ष की उम्र में अपने घर में ही निधन हो गया। इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र के सहायक अध्यापकों ने शोक व्यक्त किया है। उनके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में सहायक अध्यापक, बुद्धिजीवी मंच पटमदा के सदस्य एवं अन्य ग्रामीण शामिल हुए। वह अपने पीछे तीन पुत्रों आनंद हांसदा, महेश्वर हांसदा व ललित हांसदा का भरा पूरा संसार छोड़ गई हैं। उनकी पुत्रवधु बिनती हांसदा मुकरुडीह पंचायत की मुखिया हैं।

## झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य ने किया परीक्षा केंद्रो का दौरा



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक व 12 वीं बोर्ड परीक्षा केंद्रो का झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य अली अल अराफात ने जायजा लिया एवं केन्द्राधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। आब्जर्वर के रूप में उन्होंने ए एन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद, श्रद्धानंद प्लस टू उच्च विद्यालय टीकर, प्लस टू उच्च विद्यालय तिरूलडीह परीक्षा केंद्र पहुंचे और शांति पूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा का जायजा लिया। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि माध्यमिक परीक्षा एवं 12 वीं की परीक्षा कदाचार मुक्त कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का दौरा कर जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी सुरत में परीक्षा में कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराया जा रहा है। मौके पर केन्द्राधीक्षक मिस मिताली, मिलन रक्षित आदि उपस्थित थे।

## टांगराईन पंचायत में बाल सभा का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टांगराईन पंचायत में बाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा) के सहयोग से किया गया। इस आयोजन में पंचायत सचिव की उपस्थिति में बाल सभा के लिए अध्यक्ष का चुनाव किया गया, जिसमें संजना पात्रो ने अध्यक्षता संभाली। बाल सभा में कुल 38 विधार्थीयों ने भाग लिया और अपने स्कूल की समस्याओं को रखा, जिनमें पानी की समस्या, शौचालय में पानी की समस्या, कुडेदान की आवश्यकता, खेल सामग्री की कमी, स्कूल गेट से लेकर स्कूल तक पेवर्स ब्लॉक की व्यवस्था, नलकूप की मरम्मत, सफाई कर्मचारी की आवश्यकता, और महिला शिक्षक की आवश्यकता शामिल हैं। बाल सभा को सफल बनाने के लिए ग्राम सभा सशक्तिकरण के कार्यकर्ताओं चंद्रकला मुंडा एवं खेलाराम माहली की अहम भूमिका रही।

## शिक्षक का फेक आईडी बनाकर हैकर्स ने दो लोगों से ठगा 8300 रुपए, थाना में शिकायत

**बोड़ाम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी मोड़ में एक प्राइवेट स्कूल चलाने वाले कुईयानी गांव के शिक्षक श्रीमंत महतो का हैकर्स ने सोमवार को उनके नाम पर फेक फेसबुक आईडी बनाकर उनके फ्रेंड विष्णुपद महतो (गांव -बंगोई ) और मधुसूदन महतो(गांव - कुईयानी) को पहले फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर फ्रेंड बनाया, फिर दोनों को मुसीबत में फंसे होने का बात कह कर पैसों की मांग की। मुसीबत में फंसे होने की बात सुन कर विष्णुपद ने 4300 रुपए और मधुसूदन ने 4000 रुपया हैकर्स द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर भेज दिया। रुपए भेजने के बाद दोनों ने कॉल पर शिक्षक श्रीमंत से बात करने पर पता चला कि हैकर्स ने दोनों से पैसा ठग लिया है। इसके बाद शिक्षक श्रीमंत महतो को मंगलवार को बोड़ाम थाना में लिखित आवेदन देकर उनके नाम पर फेक फेसबुक आईडी बनाने वाले को पहचान कर करवाई करने की मांग की है। इस तरह और एक घटना उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दिघी भुला के शिक्षक निवारण महतो का भी हैकर्स ने फेक फेसबुक आईडी बनाकर उनके फ्रैंड से भी पैसा की मांग कर रहे हैं।

# डीसी ने की राजस्व एवं आंतरिक संसाधन से संबंधित समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**- बैठक से नदारत रहे उत्पाद अधीक्षक एवं वाणिज्य कर आदित्यपुर को शोकॉज**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले के समाहरणालय स्थित सभगार में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में राजस्व एवं आंतरिक संसाधन से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर पमहतो, जिला मत्स्य पदाधिकारी रौशन कुमार, उप निबंधक पदाधिकारी सरायकेला, उप निबंधक पदाधिकारी चांडिल एवं सभी नगर निकाय क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहें। उपायुक्त ने वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण के संबंध में विभागवार समीक्षा करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभाग को नियमित कार्य करने तथा धीमी प्रगति पाए जाने पर एमवीआई एवं निबंधन सरायकेला को शोकॉज कर लक्ष्य निर्धारित कर सुधरात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिए। वही बैठक मे अनुपस्थित उत्पाद अधीक्षक एवं वाणिज्य कर आदित्यपुर को शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त नें अवैध माइनिंग, अवैध शराब बिक्री, भंडारण तथा परिचालन की विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करने तथा नगर पंचायत क्षेत्र सरायकेला में होडिंग टैक्स के लंबित कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निदेश दिए।

## मुखिया पर चाकु से हमला करने की थाने में शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के बालिजुड़ी निवासी बसंत घोष ने पंचायत के मुखिया कारिया हेंब्रम पर चाकु से हमला करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में गुड़ाबांदा थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है। आवेदन में कहा गया है कि मुखिया के गाड़ी से प्रतिदिन बालू का परिचालन किया जाता है। सोमवार को तेज गति से बालू लदा ट्रैक्टर चलाया जा रहा था। जिसके कारण बाइक से उनका पुत्र गिर गया था। इसके बाद बालू गाड़ी का परिचालन सुबह 9 बजे के बाद नहीं करने को कहा। शिकायत में कहा गया है कि उसी दिन शाम को मुखिया द्वारा गाली गलौज करते हुए चाकु निकाला गया। बीच बचाव करने दौरान चाकु से उनके हाथ में चोट लग गई। थाना प्रभारी से उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। थाना के एसआई राजेश हांसदा ने बताया कि मुखिया कारिया हेंब्रम द्वारा भी इस संबंध में शिकायत दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

## गांवों के विकास के लिए सड़क होना बेहद जरूरी : दशरथ गागराई

**- जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से बनने वाली पीसीसी सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां:** खुंटपानी प्रखंड क्षेत्र के दोपाई पंचायत अंतर्गत दोपाई गांव में लघु सिंचाई विभाग के द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट( डीएमएफटी) मद से सिकंदर घाट से मालती बोदरा घर तक बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधायक दशरथ गागराई के द्वारा शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि खरसावां विधानसभा क्षेत्र को विकसित करना मेरी प्राथमिकता है। चरणबद्ध तरीके से कार्य को पूरा किया जा रहा है। क्षेत्र में बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के प्रति हमारी सरकार सजग और गंभीर है। इन योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में अवागमन की सुविधा बेहतर होगी जिससे विकास की संभावना बढ़ जाती है। और छोटे-छोटे रोजगार के अवसर मिलने लगते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई सांसद प्रतिनिधि साकारी दोंगो विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पाडिया अशोक मुडरी जय सिंह बोदरा ज्योति बोदरा जोहन बांकिरा विरेन्द्र जामुदा आदि उपस्थित थे।

## घर के बाहर बैठे बुजुर्ग पर युवक ने किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते सोमवार की रात कांड्रा थाना अंतर्गत मुख्य सड़क के किनारे अपने घर के बाहर बैठे विजय कुमार वार्ष्णेय ( 78 ) नामक बुजुर्ग पर अनिल गुप्ता नामक व्यक्ति ने अचानक पत्थर, लात- घूंसे और डंडे से हमला कर दिया। इस अचानक हमले से बुजुर्ग गिर पड़ा। इसी बीच उनके कराहने की आवाज़ सुनकर मौके पर पहुंचे उनके पुत्र द्वारा हमलावर को पकड़ लिया गया। किन्तु हमलावर ने उसपर भी हमला कर दिया। इसी बीच उधर से गुजर रहे राहगीरों द्वारा बीचबचाव कर हमलावर को पकड़ लिया गया। इस बीच मौका देखकर हमलावर फरार हो गया। घायल बुजुर्ग को तत्काल इलाज के लिए गम्हरिया स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। बुजुर्ग के परिजनों द्वारा इस मामले में कांड्रा थाना में अनिल गुप्ता पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद कांड्रा पुलिस ने तत्परता दिखाते हमलावर अनिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इधर, इस घटना को लेकर कांड्रा के लोगों में रोष व्याप्त है।

## जनता दरबार में कई आवेदनों का हुआ ऑन द स्पॉट समाधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया । इस दौरान 50 से ज्यादा फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया गया । फरियादियों ने दुकान आवंटन, विद्यालय में नामांकन, किरायेदार से घर खाली कराने, राशन नहीं मिलने, भूमि बंदोबस्ती, आधार सेंटर का लाइसेंस, घरेलू विवाद, अनुकंपा में सहाकिया का चयन, मजदूरी भुगतान नहीं होने, भूमि विवाद, वृद्धा आश्रन से संबंधित, नौकरी, चौकीदार नियुक्ति, जेआरजीबी बैंक खाता से अवैध निकासी, ईडब्लूएस सर्टिफिकेट समेत सामाजिक विषयों पर ज्ञापन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया ।

## जेपी सिंह का नाम खेलो इंडिया में चयन पर ह्यूमन वेलफेयर ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच जे पी सिंह का नाम पहली बार खेलो इंडिया में चयन पर ह्यूमन वेलफेयर ने उन्हें बधाई दी।

गौरतलब हो कि।स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के द्वारा चयनित कमेटी ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान से सम्मानित खिलाड़ी प्रशिक्षण और पदाधिकारी शामिल थे जिसमें बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की तरफ से पहले नाम जे पी सिंह का टैलेंट इंडिया आईडेंटिफिकेशन डेवलपमेंट कमेटी में नामित किया गया है। उपरोक्त कमेटी में शामिल करने के लिए जे पी सिंह और झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन ने नेशनल फेडरेशन बास्केटबॉल में अध्यक्ष अर्जुन ओढ़ब और सेक्रेटरी जनरल कुलविंदर सिंह गिल को आभार व्यक्त किया है। वही ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों में ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर,आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान एवं समाजसेवी मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी ने जे पी सिंह को मुबारकबाद दी एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया। जे पी सिंह ने इस उपलब्धि के लिए स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया का बहुत आभार व्यक्त किया।

## मीडिया कप क्रिकेट में जुबिली ने डिमना को और कालीमाटी ने दोमुहानी को हराया





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में श्रीलेदर्स और आधुनिक ग्रुप के सहयोग से मीडिया कप क्रिकेट 2025 के दूसरे दिन जुबिली एकादश ने डिमना एकादश को और कालीमाटी एकादश ने दोमुहानी एकादश को हरा दिया। कीनन स्टेडियम में खेले गए मैच में मंगलवार को पहले मैच में जुबिली एकादश ने डिमना एकादश को 16 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जुबिली एकादश ने निर्धारित 15 ओवर में एक विकेट पर 149 रनों का विशाल स्कोर बनाया। राजेश गोराई ने 24, विनीत झा ने 29, रजत सिंह ने 50 और रंजन गुप्ता ने 28 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डिमना एकादश की टीम 15 ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। डिमना एकादश की ओर से चाणक्य ने 42 रन और मो जाहिद ने 28 रन बनाए। प्रशांत सिंह ने 14 रन जोड़े लेकिन अपनी टीम की पराजय नहीं टाल सके। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए राजेश गोराई को प्लेयर ऑफ मैच घोषित किया गया। आज के दूसरे मैच में कालीमाटी ने आठ विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की। कालीमाटी के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही दोमुहानी की टीम को 15 ओवर में मात्र 117 रन पर रोक दिया। हालांकि इस दौरान दोमुहानी का केवल एक ही विकेट गिरा। बावजूद रन गति को तेज करने में टीम विफल रही। कालीमाटी ने प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक सिंह के 38 गेंदों पर दस चौके और चार छक्के की मदद से बनाए गए 77 रन की बदौलत मात्र 9.1 ओवर में 118 रन बनाकर मैच जीत लिया। कप्तान रत्नेश तिवारी ने 10 रन बनाए। आज विधायक सरयू राय और पूर्णिमा दास साहू ने कीनन स्टेडियम में पहुंचकर पत्रकारों का हौसला बढ़ाया।

## मैट्रिक की प्रथम पाली में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रखंड में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों पर चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मंगलवार से जैक बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा शुरू हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में शांतिपूर्ण ढंग से कदाचारमुक्त परीक्षा हुई। प्रथम दिन मातृभाषा हिंदी की परीक्षा हुई जिसमें सभी केंद्रों पर शत प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। विदित है कि इस वर्ष गम्हरिया प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें कुल 2891 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरे के साथ व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वहीं केंद्राधीक्षक और दंडाधिकारी भी पूरे मुस्तैद रहे। परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की दूरी तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। वहीं केंद्रों के मुख्य द्वार पर पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे। गम्हरिया प्रखंड के ऊपरबेड़ा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के केंद्राधीक्षक तपन बनर्जी और दंडाधिकारी अभिषेक साहू ने बताया कि केंद्र में एक भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहे और शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा ली जा रही है।

## विधायक ने बाराद्वारी पीपुल्स एकेडमी स्कूल में चल रहे मैट्रिक परीक्षा का किया निरीक्षण




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने बुधवार को बाराद्वारी स्थित पीपुल्स एकेडमी स्कूल का दौरा कर मैट्रिक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्रों को कदाचार मुक्त एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, शिक्षकों और परीक्षा केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विद्यार्थियों को शांत और तनावमुक्त माहौल प्रदान करें, ताकि वे सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें। निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## वित्तीय समावेशन के प्रमुख संकेतकों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय बैठक

**- बंधन बैंक और इंडियन बैंक को आधार सीडिंग में अपना योगदान प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला में वित्तीय समावेशन के प्रमुख संकेतकों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में वित्तीय सेवा विभाग, नई दिल्ली के अवर सचिव जॉय सक्सेना, जिला योजना पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार ने किया । बैठक में आकांक्षी जिला के प्रदर्शन का विस्तृत विवरण डीडीएम नाबार्ड जस्मिका बास्के, सभी बैंकों के समन्वयकों तथा जिले के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैठक में सिलसिलेवार ढंग से सभी वित्तीय संकेतकों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान श्री सक्सेना ने विशेषकर बंधन बैंक और इंडियन बैंक को आधार सीडिंग में अपना योगदान प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया। जिले के विभिन्न श्रेणियों में प्रदर्शन लक्ष्य के अनुपात में बेहतर पाया गया। प्रमुख उपलब्धियों में जन धन खातों में आधार सीडिंग 90 प्रतिशत (कुल 8,87,368 खातों में), ऑपरेटिव सीएएसए 113 प्रतिशत, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 179 प्रतिशत, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 128 प्रतिशत और अटल पेंशन योजना 213 प्रतिशत शामिल हैं। श्री सक्सेना ने जिले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अन्य वित्तीय संकेतकों में और सुधार करने पर बल दिया। उन्होंने बैंकों और प्रशासन को मिलकर वित्तीय समावेशन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु निर्देशित किया।

संपादकीय

## सुबह उठते ही जब दिल्ली में डोलने लगी धरती!

दिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्र में 17 फ़रवरी की सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। कई सेकंड तक धरती डोलती रही। लोग दशहत में अपने घरों से बाहर निकल गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था। इसीलिए तेज झटके महसूस हुए। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया, जिससे लोगों की नींद उड़ गई। लोगों में दहशत फैल गई और वे एहतियात के तौर पर अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर के साथ पड़ोसी राज्यों में भी महसूस किए गए। फिलहाल कहीं से जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है। दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 4 में आता है, जिससे यहां मध्यम से तीव्र भूकंप आने का खतरा रहता है। समय-समय पर दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं, लेकिन इस तीव्रता के झटके बहुत समय बाद महसूस किए गए हैं। उत्तराखंड समेत नेपाल और भारत के अन्य क्षेत्रों में धरती बार बार डोलने लगती है। भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ जाते है।सन 2022 में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सोए लोग हड़बड़ाहट में उठे और घरों से बाहर की ओर भागे थे।उस समय उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.5 मापी गई थी। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकेंड तक भीषण झटके महसूस किए गए। इसके कारण लोग उठ गए और कई लोग अपनी सोसायटी में बाहर निकल आए।ऐसा लगा कि बेड को कोई बहुत तेज धक्का मार रहा है। इस दौरान घर के फैन और झूमर भी भूकंप के असर के कारण तेजी से हिलने लगे।भूकंप पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरी आबादी को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है।भूकंप का मापन भूकम्पमापी यंत्र से किया जाता है, जिसे सीस्मोग्राफ कहते है। 3 या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है।भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है।पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं।पिछले साल यानि सन 2021 में 11 सितंबर को जोशीमठ से 31 किलोमीटर पश्चिम दक्षिण पश्चिम में सुबह 5:58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6 थी। उत्तराखंड में इस भूकंप का प्रभाव चमोली, पौड़ी, अल्मोड़ा आदि जिलों में रहा था।इससे पूर्व 24 जुलाई सन 2021को उत्तरकाशी से 23 किलोमीटर दूर करीब 1 बजकर 28 मिनट पर भूकंप आया था। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई थी। जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के साथ डुंडा, मनेरी, मानपुर, चिन्यालीसौड़, बड़कोट, पुरोला व मोरी से भी भूकंप के झटके महसूस किये गए थे। हरिद्वार जिले में वर्ष 2020 में एक दिसम्बर को नौ बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यड मापी गई थी, जिसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर तक थी। इस भूकंप से कोई क्षति तो नही हुई थी।लेकिन यह भूकंप भविष्य में किसी बड़े भूकंप का संकेत अवश्य माना गया था।उत्तराखंड भूकंप के दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है। यहां एक साल में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए जाते हैं। 25 अगस्त सन 2020 को भी उत्तरकाशी में भूकंप आया था। उस समय भूकंप का केंद्र टिहरी गढ़वाल था। रिक्टर पैमाने पर उसकी तीव्रता 3.4 मापी गई थी। इससे पहले को चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में 21 अप्रैल सन 2020 को भूकंप के झटके महसूस हुए थे। जिसका केंद्र चमोली जिले में था, रिक्टर पैमाने पर उस भूकंप की तीव्रता 3.3 थी। भूकंप के इन झटको ने लोगो के मन में बेचैनी बढ़ा दी है।देवभूमि उत्तराखंड से लेकर गुजरात तक भूकंप का खतरा लगातार बना हुआ है। 14 जून सन 2020 की शाम गुजरात के भचाऊ,राजकोट, अहमदाबाद में 5.5 तीव्रता के भूकंप ने सबकी नींद उड़ा दी थी।सन 2015 में नेपाल केन्द्रित भंयकर भूकम्प के कारण नेपाल और उत्तर भारत में ढाई हजार से अधिक मौते भूकंप से हो गई थी और अरबो रूपये की सम्पत्ति नष्ट हो गई थी।सबसे अधिक क्षति नेपाल और नेपाल से सटे बिहार में हुई थी। उस समय सात दशमलव नौ रियेक्टर पैमाने के अधिक तीव्रता के भूकम्प से जो कि हिरोशिमा बम विस्फोट से पांच सौ चार गुना ताकतवर था,से उत्तराखण्ड में भी दहशत फैल गई थी।हिरोशिमा बम विस्फोट से साढे बारह किलोटन आफ टीएनटी एनर्जी रिलीज हुई थी जबकि इस भंयकर भूकम्प से उनास्सी लाख टन आफ टीएनटी एनर्जी रिलीज हुई है जिससे नेपाल और विहार,उत्तर प्रदेश के साथ साथ कई राज्यों में भारी नुकसान हुआ था। उत्तराखण्ड में भी उस समय कई जगह भूकम्प के झटके महसूस किये गए थे। लेकिन उत्तराखंड में भूकम्प से अधिक नुकसान नही हुआ था,लेकिन इससे पूर्व उत्तराखंड भूकंप की भयंकर त्रासदी झेल चुका है।उत्तरकाशी, पिथौरागढ़,अल्मोड़ा, द्वारहाट, चमोली जिले भूकंप के निशाने पर है।दरअसल उत्तराखण्ड भूकम्प के मुहाने पर खड़ा है, यहां कभी भी भूकंप से धरती डोल सकती है।जिससे उत्तराखण्ड कभी भी तबाह हो सकता है। अपनी भोगोलिक परिस्थिति के कारण बादल फटने,जल प्रलय,भूस्खलन के कारण हजारो मौतो के साथ ही मकानों तथा खेत खलियानों के नष्ट होने का कारण बनता रहा है। भू वैज्ञानिको की माने तो उत्तराखण्ड कभी भी भूकम्प आपदा से प्रभावित हो सकता है। भूकम्प की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील उत्तराखण्ड सच पुछिए तो मौत के मुहाने पर खडा है। उत्तरकाशी में आए भूकम्प और धारचूला व लोहाधाट जैसी जगहों पर कई बार आ चुके भूकम्प की त्रासदी झेल चुके उत्तराखण्ड न सिर्फ अपने लिए बल्कि पडोसी राज्यों के लिए भी तबाही का सबब बन सकता है।

### त्रिवेणी में डुबकी शब्दातीत और अकल्पनीय ऊर्जा प्रदान करती है

## सनातन की दिव्यता और आस्था का जीवंत अनुभव है महाकुंभ

संजय मिश्रा

**भगवान विष्णु की पत्नी यमुना माता और विष्णुपदी के रूप में गंगा मैया का वर्णन वैदिक ग्रंथों में उल्लिखित है। जब गंगा मैया महारानी माता यमुना से जाने की राह माँगती है तब यमुना जी उनको अपने गले लगाकर साथ में प्रवाहित होने का संकल्प लेती हैं, जो प्रयागराज के संगम घाट पर सभी को प्रत्यक्ष दिखाई भी देता है।**

प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती का त्रिवेणी संगम है, जहाँ श्रद्धालुओं को गंगा और यमुना मैया तो दिखाई देती है परन्तु श्रद्धालु माँ सरस्वती का आभासी अनुभव करते हुए त्रिवेणी संगम में स्नान कर परम आनंद और पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। यमुना मैया से अधिक गंगा जी को पौराणिक कथाओं और वैदिक ग्रंथों में सम्मान प्रसिद्धि मिली। उनका वैभव भी उनसे ज्यादा विस्तृत है।

महाकुंभ के पावन अवसर पर हमने भी जनसैलाब के रूप में उत्पन्न की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपना सफर परिजनों के साथ प्रारंभ किया। प्रयागराज तक की यात्रा में हर कदम पर बाधाओं से साक्षात्कार हुआ किंतु आस्था से प्राप्त अदृश्य शक्ति के बल पर जबलपुर से पहुँचकर प्रयागराज में परिजनों के साथ 11 बार आस्था की डुबकी लगाने का पुण्य दैव कृपा से प्राप्त हुआ। स्नान के उपरांत ऐसा लगा मानो संगम में माँ गंगा, यमुना और सरस्वती के आंचल की छाँव में कुछ क्षण व्यतीत करने किये हों। एक शब्दातीत और अकल्पनीय ऊर्जा का संचार शरीर में अनुभव हुआ। यहाँ यह बतलाना चाहते हैं कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा महाकुंभ के प्रचार-प्रसार को लेकर अलग मायने रहे हैं। उनका प्रभाव इतना गहरा और व्यापक रहा कि देश के कोने - कोने से ही नहीं अपितु विदेशों से भी असंख्य श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित किया।

अभी तक 52 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा त्रिवेणी संगम में स्नान करना केवल विश्व कीर्तिमान ही नहीं सनातन की संगठित शक्ति का उद्घोष है। देश - विदेश के साधु - संतों के साथ-साथ जाने माने गणमान्यजनों, उद्योगपतियों, बॉलीबुड की हस्तियों के अलावा खुद राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और अनेक मुख्यमंत्रियों ने भी अपने मंत्रीमण्डल के साथ आस्था की डुबकी लगाकर विश्व कल्याण की कामना की। महाकुंभ जबलपुर



संस्कारधानी से 364 कि.मी. दूर प्रयागराज में आयोजित किया गया है। यह दूरी तय करने के लिए श्रद्धालुओं को 5 टोल प्लाजा से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस दौरान देखा गया है कि कम से कम एक टोल प्लाजा नाका पर 1 करोड़ रूपये से अधिक की आय प्रतिदिन दर्ज हो रही है, इस प्रकार जबलपुर से प्रयागराज तक हर टोल नाके में करोड़ों रु. की राशि जमा हो रही है। महाकुंभ का आयोजन 144 साल में एक बार आता है इसे भव्य और दिव्य कुंभ भी कहा जाता है जो दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मानव समागम है। यहाँ स्नान करने से पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मेले से अर्थव्यवस्था को हुए लाभ की टोल नाके एक बानगी मात्र हैं। इसके अलावा भारत सरकार की स्टॉर्ट अप योजना की सफलता धरातल पर महाकुंभ के दौरान दिखाई दी जहाँ लाखों बेरोजगारों द्वारा नए-नए रोजगार के अवसर ढूंढकर धनोपार्जन किया गया। उदाहरण के लिए बाइकर्स, हाथ ठेले और आटो वालों, के अलावा छोटे-छोटे समूह में सड़क किनारे सामग्रियों को बेचने वाले देश के कोने - कोने से यहाँ आकर आर्थिक लाभ प्राप्त करते नजर आए।

महाकुंभ की अभूतपूर्व सफलता में डिजिटल इंडिया की भी शानदार भूमिका दिखाई दी, वहीं इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया की सक्रियता से भी विश्व भर में महाकुंभ की अलख जगी और प्रयागराज में अमृत स्नान करने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा जो आज तक बरकरार है। 47 दिवसीय महाकुंभ के इस आयोजन में सरकार और समाज की दोनों को आर्थिक लाभ हुआ। समाज के प्रत्येक वर्ग को इस आयोजन ने आर्थिक संबल प्रदान किया, वहीं सरकार को भी खर्च की गई राशि से अधिक आय की प्राप्ति हुई है। अनुमान है कि सरकार ने 1500 करोड़ का व्यय कर 2 लाख करोड़ से अधिक की आय प्राप्त की। 144 साल बाद आयोजित इस महाकुंभ में लाखों युवाओं ने पहली बार कोई व्यवसाय जबलपुर से प्रयागराज तक किया है जिसमें चने बेचने, फुल्की बेचने, रेस्टारेन्ट - लॉज खोलने, डीजल - पेट्रोल की अस्थाई दुकान खोलने, टेक्सी किराये से चलवाने के साथ-साथ सड़कों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल बेचने और प्रसाधन केन्द्रों की व्यवस्था तक शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदेशों ने भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर में रहने वाले सनातनियों में भी महाकुंभ का रंग भरा। इसीलिए दुनिया के कोने - कोने से लोग प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुँचे। इसका जीवंत दृश्य संगम के घाटों पर जाकर देखा जा सकते हैं। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में सरकार को बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा और श्रद्धालुओं के लिए सड़क परिवहन, हवाई सेवा और रेल के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी जुटानी पडीं। जिसमें अरबों रूपये खर्च करने पड़े हैं परन्तु इन खर्चो के बावजूद सरकार को देश - विदेश से आए श्रद्धालुओं से भरपूर आय प्राप्त हुई है। लिहाजा अब सरकार को टोल टैक्स से देश के नागरिकों को राहत देना चाहिए और सभी नाकों पर चार पहिया वाहनों को निःशुल्क कर देना चाहिए।

### सारथी कुशल हो तो आसान हो जाती हैं हर चुनौतियाँ

लेखक ने स्वयं संस्कारधानी से प्रयागराज तक पत्नी श्रीमती मधु मिश्रा, अनुज सतीश, बहू कल्पना, और मित्र प्रमोद तिवारी के साथ सफर किया और हर विपरीत चुनौती को स्वीकार कर माँ त्रिवेणी के आँचल में जाकर आस्था की डुबकी लगाकर जन्म-जन्मों का पुण्य लाभ प्राप्त कर अपने सभी परिजनों, पूर्वजों, इष्टमित्रों और कुटुम्बजनों के मंगल की कामना की। इस पूरी यात्रा में सारथी प्रमोद तिवारी का सहयोग किसी दैवीय शक्ति से कम नहीं था। क्योंकि अनुभवी और कुशल सारथी के कारण ही हम अपने परिजनों के साथ महाकुंभ के चारों दिशाओं का भ्रमण कर पूज्य साधु - संतों का दर्शन लाभ प्राप्त कर सके। और माँ गंगा, यमुना, और सरस्वती से आर्शीवाद लेकर जबलपुर लौट पाए। इस यात्रा में मुझे 4 दिन का समय लगा।

दृष्टि कोण

## भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है।

ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे।

इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा, जिससे भारत सैन्य मोर्चे पर सशक्त होकर उभरेगा। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया।

मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजूक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की व्यक्तिगत मित्रता एवं आत्मीयता भी चर्चित रही है। यह सुखद संयोग है कि दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े पुराने और सबसे विशाल लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमेरिका को पहले से ही दुनिया ग्लोबल लीडर मानती रही है। अब भारत नया और उभरता हुआ विश्वनेता बना है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जोड़ी से दुनिया पर नये तरीके से आधिपत्य बदलता दिख रहा है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर भले ही संदेह की परतें चढ़ा रखी थी, लेकिन मोदी की कुशलता एवं कूटनीति से सभी वार्ताएं सौहार्दपूर्ण होकर सकारात्मक बनी। जिससे भारत एक बार फिर दुनिया के सामने सशक्त एवं ताकतवर बनकर ही प्रस्तुत हुआ है।

ट्रंप के कतिपय सख्ती से बने तनाव को मोदी ने हावी नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (एमआईजीए), और यह भी कहा कि जब एमएजीए और एमआईजीए साथ आते हैं तो बन जाता है एमईजीए जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। इस तरह दोनों देश ने दुनिया के बॉस होते हुए अपने वर्चस्वी होने को व्यक्त किया। अमेरिका तो इस भूमिका में रहा है, लेकिन अमेरिका भारत को भी इस भूमिका में मानता है तो निश्चित ही यह भारत की दुनिया में मजबूत होती स्थिति को ही बयां कर रहा है। अब दुनिया के हर विवादों को सुलझाने में भारत-अमेरिका की संयुक्त एवं भूमिका महत्वपूर्ण होने से भारत की ताकत को समझा जा सकता है। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो, रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। मोदी की इस अमेरिका यात्रा की अहमियत जाहिर है और इसे संभावनाभरा भी माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका का उनका पहला सफर है। ट्रंप के साथ वाइट हाउस में मोदी की मुलाकात ने यही जताया कि दोनों नेताओं एवं देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की ललक दोनों तरफ है।

भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों में से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया एवं नीतियां मायने रखती है। इस मुलाकात को लेकर जिज्ञासा का एक कारण यह भी था कि बाइडन प्रशासन के समय अमेरिका और भारत के संबंधों में एक खिंचाव आ गया था। एक अर्से से यह महसूस किया जा रहा था कि बाइडन प्रशासन भारतीय हितों की वैसी चिंता नहीं कर रहा है, जैसी करनी चाहिए। मोदी और ट्रंप की मुलाकात ने यह तो रेखांकित किया कि दोनों देशों के संबंधों में गर्मजोशी लौट आई है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि अमेरिका भारत की समस्त चिंताओं का समाधान करने जा रहा है, लेकिन इसे नकारा भी नहीं जा रहा है। ट्रंप ने बांग्लादेश के मामले में भारत के मन मुताबिक बात कहकर, सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मिलकर लड़ने का वादा किया। कुल मिलाकर विकसित भारत के लक्ष्य में सहायक बनने वाले विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका से सहयोग की राह प्रशस्त होना भारत के लिये एक नये सूरज का उदय ही कहा जायेगा।

विचार मंथन

## स्कूलों में स्मार्टफोन के प्रतिबंध पर दुनिया भर में बहस

स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध एक वैश्विक बहस का विषय बन गया है। जबकि कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, अन्य देशों ने इसके उपयोग को कानूनी दायरे में लाने का फैसला किया है। यूनेस्को की ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग (जेम) टीम के अनुसार, कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो बच्चों के शिक्षा और गोपनीयता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं।

फ्रांस में वर्ष 2018 में स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रदर्शन पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करता था। इसी तरह, कुछ ऑस्ट्रेलियाई और ब्रिटिश स्कूलों ने भी स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो विचलित होने और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं। अन्य देशों ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए हैं। चीन के झेंगझओए शहर में, माता-पिता को अपने बच्चों को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में स्मार्टफोन का उपयोग करने के लिए लिखित सहमति देनी होती है। इसके अलावा, कुछ देशों ने गोपनीयता की चिंताओं के कारण शैक्षिक सेटिंग्स से विशिष्ट अनुप्रयोगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। डेनमार्क और फ्रांस ने दोनों ने गूगल वर्कस्पेस पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि जर्मनी के कुछ राज्यों ने माइक्रोसॉफ्ट उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके विपरीत, कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने का फैसला किया है, इसके बजाय प्रतिबंध लगाने के। यह दृष्टिकोण शैक्षिक सेटिंग्स में स्मार्टफोन के संभावित लाभों को स्वीकार करता है, जैसे कि ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच और छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार को सुविधाजनक बनाने की क्षमता। भारत में, उदाहरण के लिए, सरकार ने स्कूलों में स्मार्टफोन के जिम्मेदार उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो शिक्षकों को इन उपकरणों को शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले तरीके से अपने शिक्षण प्रथाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सिंगापुर ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए कई पहल शुरू की हैं, जिनमें मोबाइल डिवाइस प्रबंधन सॉफ्टवेयर का उपयोग शामिल है ताकि स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी और नियंत्रण किया जा सके। इसी तरह, कुछ कनाडाई स्कूलों ने स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए नीतियां लागू की हैं, जिनमें निर्दिष्ट 'टेक-फ्री' क्षेत्रों का उपयोग शामिल है। स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या इसके उपयोग को विनियमित करने का निर्णय शैक्षिक समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। इसके बजाय एक समग्र प्रतिबंध लगाने के बजाय, स्कूलों और सरकारों को एक संतुलन खोजने का प्रयास करना चाहिए जो छात्रों को स्मार्टफोन के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देता है जबकि जोखिमों को कम करता है।

स्पष्ट नीतियों को लागू करके, छात्रों और शिक्षकों को शिक्षित करके, और स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी करके, स्कूल स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं जो शिक्षा, सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, स्कूल स्मार्टफोन की लत और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने के लिए शारीरिक गतिविधि और आउटडोर प्ले को बढ़ावा दे सकते हैं। भारत सरकार ने स्कूली छात्रों में स्मार्टफोन की लत के मुद्दे को हल करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कुछ स्कूलों ने परिसर के आसपास मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह दृष्टिकोण विचलित होने को कम करता है और एक स्वस्थ शिक्षा वातावरण को बढ़ावा देता है। स्मार्टफोन की लत बच्चों पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिनमें ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में कमी, साइबर बुलिंग का खतरा बढ़ना और शारीरिक गतिविधि में कमी शामिल है। इसके अलावा, अत्यधिक स्मार्टफोन के उपयोग को कई नकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य परिणामों से जोड़ा गया है, जिनमें चिंता, अवसाद और अकेलापन शामिल हैं। इन जोखिमों को कम करने के लिए, स्कूल और माता-पिता कई कदम उठा सकते हैं, जिनमें स्मार्टफोन के उपयोग पर सीमाएं निर्धारित करना, शारीरिक गतिविधि और आउटडोर प्ले को प्रोत्साहित करना और डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदार प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है। स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर बहस जटिल और बहुआयामी है। जबकि कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, अन्य देशों ने इसके उपयोग को विनियमित करने का फैसला किया है। स्मार्टफोन के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देते हुए छात्रों को जोखिमों को कम करने के लिए एक संतुलन खोजने से, स्कूल और सरकारें छात्रों के लिए एक स्वस्थ और समर्थनकारी शिक्षा वातावरण बनाने में मदद कर सकती हैं।

अंततः, स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या इसके उपयोग को विनियमित करने का निर्णय कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शैक्षिक समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं शामिल हैं। स्कूल, सरकारें और माता-पिता मिलकर काम करके यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि छात्र स्मार्टफोन का उपयोग शिक्षा, सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने वाले तरीके से करते हैं।

कांग्रेस में फेरबदल

## क्या नुकसान पहुंचाने वालों को हटाया जाएगा?

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लंबे समय बाद यह काम हो रहा है इसलिए उम्मीद थी कि एक बार में पूरी तरह होगा। लेकिन शायद इसके लिए बहुत मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। राहुल गांधी के पास है मगर वह प्रधानमंत्री मोदी भाजपा संघ के सामने। अपनी पार्टी में वह मजबूत नेता की तरह आते नहीं दिख रहे। और अब जब सब कुछ उनके हाथ में है तब भी अगर वे पार्टी में मजबूत नेता के तौर पर काम नहीं करते तो कांग्रेस को मान लेना चाहिए कि राहुल इन्दिरा गांधी या आज की बात करें तो प्रतिद्वन्दी मोदी की तरह, अपनी पार्टी चलाने के इच्छुक नहीं हैं, अब पार्टी को ही उन्हें उनकी तरह चलाना होगा। उनकी तरह चलाने से क्या मतलब है? पहले यह स्पष्ट कर दें! राहुल व्यक्तिगत रूप से हजारों किलोमीटर जैसी मुश्किल दो-दो यात्राएं, बेशुमार लोगों से मिलना, विभिन्न कामकाजी वर्गों के पास जाना उनके काम और जिन्दगी के बारे में समझना, पिता राजीव गांधी की तरह नई टेक्नालॉजी एआई, ड्रोन से भारत के भविष्य बनाने की बात करना, किसी खतरे से नहीं घबराना जैसे वाले आदमी हैं। नेताओं का वह मिजाज उनका नहीं है कि सब कुछ खुद करना है। अपने कंट्रोल में रखना है।

नहीं है तो नहीं है! हालांकि आज इस चीज की सबसे ज्यादा जरूरत है। भाजपा में तो मोदी ही मोदी हैं। उनके अलावा और कोई कुछ नहीं है। ऐसे ही बाकी पार्टियों में भी। टीएमसी में ममता बनर्जी हैं। सपा में अखिलेश यादव। राजद में लालूप्रसाद यादव। सब जगह एक व्यक्ति जो उसका सबसे बड़ा नेता है वही सर्वेसर्वा है। जदयू में अब नीतीश कुमार का कंट्रोल नहीं रहा तो नीचे गिरते हुए दिखने लगी। बाकी एक नेता की जिन पार्टियों का जिक्र किया वे अपने-अपने में मजबूत हैं। तो आज की देश की परिस्थितियां ऐसी हैं कि वहां पार्टी के आन्तरिक लोकतंत्र के सवाल का कोई मतलब नहीं है। मुख्य बात है आपकी पार्टी कितना मजबूत हो रही है। राहुल गांधी पार्टी में लोकतंत्र की स्थापना करते रहें लेकिन जब देश में ही वह कमजोर किया जा रहा है जिसे खुद राहुल कहते हैं तो वह किसी पार्टी में कितना रहेगा। मतलब पार्टी रहेगी तो आन्तरिक लोकतंत्र और दूसरे सिद्धांत रहेंगे। पहली बात पार्टी को मजबूत करना है। तो इन परिस्थितियों में कांग्रेस को यह सोचना होगा कि वह राहुल का बेहतर इस्तेमाल कैसे कर सकती है। संगठन जैसे काम अगर उनकी रूचि का विषय नहीं है तो उसमें उनकी राय ली जाए मगर भूमिका सीमित रखी जाए। कहना आसान है। मगर करना बहुत टिपिकल। वैसे राहुल अहंवादी व्यक्ति नहीं हैं। टीम के हिसाब से खेल सकते हैं। मगर कोई खिलाने वाला होना चाहिए। जो कांग्रेस में चाणक्य की बात की जाती है वह इसीलिए। मगर आजकल चाणक्य कहां मिलते हैं। मैनेजर होते हैं। और मैनेजर अपना फायदा देखते हैं। कांग्रेस के सबसे पुराने और बड़े मैनेजर गुलामनबी आजाद रहे। तमाम राज्यों के प्रभारी रहे। काम हाईकमान का नाम लेकर करते थे मगर प्रचार यह कि उनकी राजनीतिक क्षमता है। आज मालूम पड़ गई राजनीतिक क्षमता!

पार्टी में एक आदमी नहीं बचा। खुद ही झोला झंडा सब उठाना पड़ रहा है। ऐसे ही बीजेपी में एक हुए थे-प्रमोद महाजन। वाजपेयी जैसे जमीनी नेता को भरोसा दिला दिया कि इंडिया इज शाइनिंग! और जल्दी चुनाव करवाकर हरवा दिया। वाजपेयी जी ने जिन्दगी भर विपक्ष की राजनीति की। पुरानी अम्बेसडर में देश भर की सड़कों की खाक छानी। मगर मैनेजर के चक्कर में वे भी आ गए और छह महीने पहले चुनाव करवा दिए। प्रधानमंत्री मोदी की सफलता का एक बड़ा कारण यह है कि कोई मैनेजर नुमा नेता उनके आसपास नहीं है।

वाजपेयी जैसे दूसरे जमीन से जुड़े नेता मुलायम सिंह यादव भी अमर सिंह जैसे मैनेजर के कारण 2007 का चुनाव हारे थे। उसके बाद अखिलेश यादव ने जब अमर सिंह का ठीक से इलाज किया तब वे 2012 में सपा को फिर सत्ता में ला पाए थे। लेकिन असली जो अपने हितों को नहीं देखे पार्टी और नेता को आगे बढ़ाने की सोचे अर्जुन सिंह जैसा। सोनिया को कांग्रेस में सक्रिय करने और 1998 में अध्यक्ष बनाने से लेकर 2004 की केन्द्र की सत्ता में वापसी तक अर्जुन सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण है। लेकिन बाद में खुद उनको ही अलग थलग कर दिया गया। लेकिन वे आखिरी तक पार्टी और परिवार के प्रति अपनी वफादारी बनाए रखते हुए ही इस दुनिया से गए। राहुल के लिए और उनसे ज्यादा पार्टी के लिए यह समय थोड़ा भूमिकाओं को पुनर्निधारित करने का है। मल्लिकार्जुन खरगे एक अध्यक्ष के तौर पर बहुत सही काम कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष और पार्टी अध्यक्ष दो ही सबसे बड़े पद हैं। लोग दोनों जगह जाकर स्थिति भांपने की कोशिश करते हैं। कांग्रेसी तो इस काम के लिए प्रसिद्ध हैं। लेकिन अभी खरगे और परिवार के बीच नाइत्तफाकी पैदा करने का कलाकारों को कोई मौका नहीं मिल रहा है। खरगे की राहुल के साथ ट्यूनिंग बहुत अच्छी है। लेकिन पार्टी के लिए कुछ और चीजें होना भी जरूरी हैं। खासतौर से संगठन के लिए। और इनमें सबसे जरूरी है नेताओं पर पार्टी का डर। वह सिरे से गायब है। राहुल कहते हैं पार्टी छोड़कर चले जाएं! अभी पुनर्गठन में मौका है। निकालें। अभी जो पहली लिस्ट आई है उसमें कुछ के महासचिव और इंचार्ज के पद लिए हैं मगर वह अनुशासन के मामले नहीं है। राजीव शुक्ला, दीपक बावरिया, मोहन प्रकाश, अजोय कुमार सबके अलग-अलग मामले हैं। असली चीज होगी उन पर कार्रवाई जो नेतृत्व की परवाह ही नहीं करते हैं। उसी से पता चलेगा कि पार्टी आगे कितनी दम से चलेगी।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु चार प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के मां भद्रकाली मंदिर परिसर में 19, 20 एवं 21 फरवरी को राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 का आयोजन निर्धारित है। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री सुदिव्य कुमार माननीय मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा 3 बजे किया जाएगा। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद श्री कालीचरण सिंह, सम्मानित उपस्थित माननीय विधायक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री उज्ज्वल कुमार दास एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री जनार्दन पासवान, गरिमामयि उपस्थिति श्री धर्मगुरु स्वामी रविन्द्र कीर्ति जी हस्तिनापुर, श्री ताराचंद जैन अध्यक्ष झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड, नांगजेय दोरजी सदस्य सचिव बोध गया मंदिर प्रबंधन समिति




रहेगी।राजकीय ईटखोरी महोत्सव के पहले दिन 19 फरवरी को सर्वप्रथम माननीय मंत्री श्री सुदिव्य कुमार का आगमन, मंदिर दर्शन, पूजन एवं महोत्सव का उदघाटन, वहीं 04:30 बजे से 05:00 बजे संध्या तक विपिन मिश्रा एवं ग्रुप द्वारा शंख वादन एवं डमरू वादन, 05:00 बजे से 05:15 बजे तक न्यू झारखण्ड कला संगीत सृजन केन्द्र द्वारा नागपुरी नृत्य, 05:15 से 05:30 बजे तक नटराज कला केन्द्र चोगा, ईचागड छउ नृत्य, 05:30 बजे संध्या से 05:45 बजे तक नीरज डांस एकेडमी चतरा द्वारा डांस, 05:45 बजे से 06:15 बजे तक एवं 07:45 बजे से 08:15 बजे तक राजीव निगम द्वारा कॉमेडियन, 06:15 बजे से 07:45 तक चंदन तिवारी द्वारा भोजपुरी लोकगायिका, 08:15 बजे रात्रि से 10:15 बजे तक सलमान अली द्वारा बॉलीवुड गायन। 01:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक सेमिनार, 06:00 बजे संध्या से 06:15 बजे तक सुप्रिया कुमारी एण्ड ग्रुप द्वारा योगासन, 06:15 बजे से 06:30 बजे तक साक्षी प्रिया दुबे द्वारा लोकगीत, 06:30 बजे से 06:45 बजे तक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्कूल चतरा द्वारा डांस, 06:45 बजे से 07:00 बजे तक मानभूम सांस्कृतिक समिति, सरायकेला द्वारा पाईका नृत्य, 07:00 बजे से 08:00 तक रवि त्रिपाठी एण्ड ग्रुप द्वारा बॉलीवुड गायन, 08:00 रात्रि से 10:00 तक जॉली मुखर्जी द्वारा बॉलीवुड गायन।11:00 बजे दिन से महोत्सव तक प्रदर्शनी, 06:00 बजे संध्या से 06:30 बजे संध्या तक वर्षा ऋतृ एण्ड ग्रुप द्वारा नागपुरी एवं खोरठा डांस, 06:30 बजे संध्या से 06:45 बजे संध्या तक अनुज्ञा शार्मा द्वारा लोकगीत, 06:45 बजे संध्या से 07:00 संध्या तक सिमरन डांस एकेडमी एण्ड ग्रुप चतरा द्वारा डांस, 07:00 बजे संध्या से 07:20 बजे संध्या तक अथर्व बक्सी द्वारा बॉलीवुड गायन, 07:20 बजे संध्या से 07:40 बजे संध्या तक दिवस कुमार धनबाद द्वारा बॉलीवुड गायन, 07:40 बजे संध्या से 07:50 बजे संध्या तक अभिषेक प्रधान द्वारा गायन, 07:50 बजे संध्या से 08:00 रात्रि तक आर्यन राय द्वारा गायन, 08:00 बजे रात्रि से 10:30 बजे रात्रि तक डॉ0 विष्णु सक्सेना, पदमिणी शार्मा, सर्वेश अस्थाना, स्वयं श्रीवास्तव एवं राजेश अग्रवाल द्वारा हास्य कवि एवं प्रेमगीत कवि, रात्रि 10:30 बजे समापन समारोह।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने द्वारी पंचायत में कमेटी का किया पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के द्वारी पंचायत में मंगलवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने पंचायत स्तरीय कमिटी का पुनर्गठन को लेकर बैठक किया गया। बैठक झामुमो कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के नेता देवदीप पासवान, यदुनंदन पांडेय बिनोद ठाकुर शंभू राणा उपस्थित थे।पंचायत स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से अजय कुमार दास को द्वारि पंचायत के अध्यक्ष, ईश्वर यादव को उपाध्यक्ष, यासिन अंसारी को सचिव, खेमलाल सिंह भोक्ता को सहसचिव एवं प्रमोद यादव को कोषाध्यक्ष तथा संगठन सचिव ब्रजेश रजक को बनाया गया। मौके पर दीपक राणा, सीताराम प्रजापति, अशोक रविदास, मोहन रजक, इरशाद अंसारी उर्फ ननकू, मोहम्मद वसीम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रीन यूथ फाउंडेशन के तहत सात महिलाओं का किया गया बंध्याकरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्रीन यूथ फाउंडेशन एनजीओ एवं सिओटी के तहत सात महिलाओं का बंध्याकरण निशुल्क मंगलवार को किया गया।यह कार्य डॉक्टर सुशील सिंह एवं उनके टीम के द्वारा किया जा रहा है?। एवं बंध्याकरण करवाने वाली महिलाओं को दवा भी निशुल्क दिया जाएगा। इस कार्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दर्जनों कर्मी के साथ सहीया साथी एवं सहिया उपस्थित हैं।

## दो परीक्षा केंद्र में 908 छात्र-छात्राओं के बीच हुई मैट्रिक इंटर की परीक्षा चार अनुपस्थित



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के दो परीक्षा केंद्र में मंगलवार को शांति पूर्ण व कदाचारमुक्त हुई।मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में एवं इंटर की परीक्षा दूसरे पाली में। संपन्न हुआ।प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में मैट्रिक के 520 बच्चों में 518 बच्चे उपस्थित थे। तथा पीएम श्री मध्य विद्यालय में 380 में 378 छात्र छात्रा परीक्षा में शामिल हुए।जबकि पीएम श्री विद्यालय में इंटर के आठ परीक्षार्थी शामिल हुए।मजिस्ट्रेट रामकुमार सिंह, सचिन दत शर्मा की उपस्थिति में प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह तथा पीएम श्री मध्य विद्यालय के केंद्राधीक्षक रामकुमार यादव के साथ साथ अन्य शिक्षक परीक्षा ड्यूटी में शामिल थे।

# महोत्सव में भाग लेने के लिये जनप्रतिनिधियों को दिये गये आईडी कार्ड सुप्रिया कुमारी की ग्रुप बिखरेगी महोत्सव में जलवा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** इटखोरी महोत्सव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू व अंचलाधिकारी उदल राम द्वारा प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों एंव उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय सिंघानी के सहायक शिक्षिका सुप्रिया कुमारी को प्रवेश आइडी कार्ड दिया गया और महोत्सव में आने का आमंत्रण किया। बताते चले की शिक्षिका सुप्रिया कुमारी की ग्रुप राजकीय इटखोरी महा उत्सव में अपना जलवा बिखेरेगी। इस महोत्सव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू एंव अंचलाधिकारी उदल राम ने शुभकामनाएं दी है। कलीन्द्र साहू ने कहा कि जिस तरह से प्रखंड में सांस्कृतिक नृत्य कला से पूरे जिला में अपना प्रखंड नाम बेहतर कर रही है इससे मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस महोत्सव में भी पत्थलगड़ा प्रखंड का नाम आगे लेकर जाएगी। सुप्रिया कुमारी ने कही की मुझे और मेरी टीम को इस महोत्सव में अपना कला प्रस्तुत करने का मौका दिया है। इसके लिए में जिला प्रशासन और हमारे प्रखंड अधिकारी को आभार प्रकट करती हूं। इस मौके पर बरवाडीह के मुखिया संदीप कुमार सुमन, नावाडीह मुखिया प्रतिनिधि मेघन दांगी, नोनगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता, सिंघानी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि संजय दांगी, नाजीर सत्येंद्र कुमार, सहायक शिक्षक मिथिलेश कुमार, ध्रुपाल प्रसाद मौजूद थे।

# कोल हाइवा ने सरादु स्कूल के बाउंड्री मुख्य द्वार किया ध्वस्त, मामला दर्ज करने का दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**चतरा :** अहले सुबह मंगलवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित हायवा जेएच 24 जे 9059 ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय सराढू में ज़ोरदार टक्कर मारकर बाउंड्री वॉल तथा मुख्य गेट को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया गया सुबह लगभग चार बजे टक्कर काफ़ी जोरदार था जिसके चपेट में बिजली के पोल समेत सोलर लाइट उखड़ गये। इस दौरान गनीमत रहा कि आसपास खड़े कई लोगों की जान गंवाने से बाल बाल बच गए। अनियंत्रित परिचालन से ग्रामीणों को अपने जान माल की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों ने बताया केरेडारी से ओएसएल कंपनी की दर्जनों हाइवा इन दिनों बालूमाथ टोरी में कोयला अनलोड कर सरादु सड़क से टंडवा होते केरेडारी जाती हैं। पूर्व में भी कहीं घटना घट चुकी



है। सरादु विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंबेडकर कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर ग्रामीणों ने भी जानमाल के सुरक्षा हेतु ग्रामीण सड़क का दोहन कर कोल वाहनों के परिचालन पर अविलंब रोक लगाने की मांग प्रशासन से की गई है। आपको बता दे इन दिनों कोल वाहनों का परिचालन बेलगाम तरीके से किया जा रहा है। एक सप्ताह पूर्व हीं प्रस्तावित उच्च विद्यालय बिंगलात के मेन गेट तथा बाउंड्री वॉल को कोल वाहन ने क्षतिग्रस्त कर दिया था।

## सिंघम सीओ ने इचाक कला स्कूल के समीप केशर हिंद भूमि को कराया खाली, लगाया बोर्ड

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया अंचलाधिकारी सह सिंघम सीओ गौरव कुमार ने अंचल क्षेत्र के इचाक कला स्कूल के समीप केशर हिंद भूमि को कब्जा मुक्त कराया है । जहां खाता नंबर77 प्लॉट नंबर 141,140,142 रकबा 1 एकड़ 13 डिसमिल पर सरकारी बोर्ड लगा कर चेतावनी दी गई है कि यहां किसी




भी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का काम काज या दखल कब्जा नहीं करेंगे ।जिस व्यक्ति को ऐसा करते देखा गया तो उस पर तर्क संगत कानूनी कारवाई किया जाएगा। वहीं मामले को लेकर सिंघम सीओ गौरव कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने ने बताया कि अंचल क्षेत्र से लगभग 500 सौ एकड़ गैरमजूरुआ भूमि को कब्जा मुक्त करा कर अंचल को सौंपेंगे। जिससे क्षेत्र में विकास कार्य को लेकर उपयोग किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग मुझे क्या कहते हैं उससे मुझे परवाह नहीं है मुझे अपना काम करना है। चुकी यह न्यालय के निर्देशानुसार आईए एस सह जाबांज अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के आदेशानुसार किया जा रहा है। मैं कर्तव्य का पालन करते हुए गैरमजूरुआ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराएंगे।

# मां द्वारा स्कूल जाने के लिये डांटने पर छात्रा ने किया आत्महत्या का प्रयास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कुसमाही ग्राम में मंगलवार को एक स्कूली छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनीता कुमारी 19 वर्ष पिता बलदेव गंझु को उसकी मां ने स्कूल जाने के लिए डांट लगाई जिसके बाद गुस्साई मनीता कुमारी ने घर में रखा कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया ।वहीं घटना के बाद परिजनों द्वारा युवती को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

# जमीन का मुआवजा राशि की मांग को लेकर तीन घंटा सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ- रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर गेरेन्जा ग्राम के समीप मंगलवार को दर्जनों ग्रामीणों ने अपने जमीन की मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया ।सड़क जाम होने से रांची - चतरा मुख्य पथ पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जमाकर्ताओं ने मुख्य पथ पर ही टेंट लगाकर धरना दिया व जमकर नारेबाजी की। रैयत देवनाथ उरांव ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व चंदवा से गोनिया तक सड़क निर्माण कराया जा रहा था उस समय गेरेन्जा के 17-18 लोगों का चार एकड़ जमीन संवेदक संतोष सिंह द्वारा यह कहकर अधिग्रहण कर लिया कि शीघ्र आप लोगों का मुआवजा दिला देंगे ।सड़क बनने के बाद वह अपना पल्ला झाड कर निकल गया। बाद में हम लोग




अपना जमीन का मुआवजा के लेकर अंचल कार्यालय से लेकर लातेहार भूअर्जन कार्यालय का चक्कर लगाने लगे। इसी बीच बालूमाथ अंचल के बड़ा बाबू मनोज कुमार द्वारा 25,000 रिश्वत लेकर फाइल आगे नहीं बढ़ाया ।वहीं राजस्व कर्मचारी दयालू केरकेट्टा द्वारा 50,000 की मांग की जाने लगी ।जब हम लोग पैसा नहीं दिए इसलिए आज तक फाइल हम लोगों का लटका रहा।ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी हम लोग अपना मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम किए थे उस समय अंचलाधिकारी के द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था कि 15 दिनों के अंदर आप लोगों का बालूमाथ आंचल द्वारा की जाने वाली प्रक्रिया पूरा कर मुआवजा के लिए भेज दिया जाएगा ।लेकिन भू अर्जन कार्यालय द्वारा मुआवजा की प्रक्रिया पर कोई रुचि नहीं ले रहा है। जाम की सूचना पाकर बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, एसआई राहुल कुमार समेत कई पुलिस बल के जवान पहुंचे ।व जामकर्ताओ से वार्ता किया ।जहां भू अर्जन कार्यालय में बुधवार को रैयतों को बुलाकर मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। सड़क जाम सुबह 11 बजे से 2:00 बजे तक 3 घंटा रहा इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, श्याम उरांव, रामप्रवेश उरांव, कार्तिक उरांव, राजू उरांव, शंकर उरांव, बलमनी देवी, राजमणि टोप्पो, तारामणि देवी, सीतामनी देवी, सरसों देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## नेतरहाट में बच्चे की हत्याकांड का आरोपी पुलिस जवान गिरफ्तार

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्चे की हत्या करने वाले दरिंदे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दरिंदा वर्तमान में बोकारो पुलिस विभाग में कार्यरत है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। दरअसल नेतरहाट में 20 घंटे से लापता एक मासूम बच्चे का वीभत्स शव बरामद होने से पूरे इलाके में कोहराम मच गया था। बच्चे की हत्या जिस बेरहमी से की गई थी, उसे देखते हुए लोगों के हृदय कांप गए थे। दरिंदे ने 10 वर्षीय मासूम के दोनों आंख फोड़ दिए थे और उसके शरीर पर चाकू तथा सरिया से गंभीर घाव किए थे। हत्या के बाद आरोपी ने बच्चे के शव को अस्पताल के पास झाड़ियां में फेंक दिया था। इधर वीभत्स हालत में मासूम के शव को देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा था। **अभ्युक्त पुलिसकर्मी हुआ गिरफ्तार** घटना के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम ने पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी।छानबीन के दौरान पुलिस को यह पता चला कि पूर्व में जंगली वार फेयर स्कूल नेतरहाट में प्रशिक्षण के लिए आए पुलिसकर्मी चंद्र देव यादव का कुछ दिन पूर्व मासूम के पिता के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपी ने बच्चे के पिता को धमकी दिया था कि इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।हालांकि बाद में उसे जंगल वार फेयर स्कूल से वापस बोकारो भेज दिया गया था।मामले की छानबीन में पुलिस को पता चला कि आरोपी रविवार की रात को मोटरसाइकिल से नेतरहाट आया था।हत्याकांड उद्भेदन को लेकर एसपी कुमार गौरव के निर्देशानुसार महुआडांड़ डीएसपी शिवपूजन बहेलिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमे नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।एसपी कुमार ने बताया कि घटना में शामिल आरोपी चंद्रदेव यादव को बोकारो से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है।इस मामले से जुड़े अन्य पहलू की भी जाँच चल रही है।जल्द ही पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा।

# एक अंतर जिला वाहन चोर की गिरफ्तारी व सात चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु व बालुमाथ पुलिस ने संयुक्त करवाई कर अंतर जिला वाहन चोर की गिरफ्तारी की व उसके निशानदेही पर सात मोटरसाइकिल बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है .प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की जानकारी देते हुए बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि 07.02.2025 को बारियातु सप्ताहिक बाजार से एक स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई थी इस संबंध में बारियातू थाना कांड संख्या 11/2025, दिनांक 10.02.2025, धारा 303(2) बी0एन0एस0 के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया था अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि कल बारियातू साप्ताहिक बाजार में मो0 दिलशाद नाम का एक मोटरसाइकिल चोरी बाजार में घुमते हुए देखा गया है तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हुए बारियातू पुलिस के द्वारा मो0 दिलशाद को पकड़



लिया गया, कड़ाई से पूछताछ करने पर मो0 दिलशाद के द्वारा दिनांक 07.02.2025 को बारियातु बाजार से स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की गई साथ ही इसके अतिरिक्त कई जिलों एवं थाना क्षेत्रों से 05-06 अन्य मोटरसाइकिल भी चोरी करने की बात स्वीकार की गई जिसे मो0 दिलशाद के द्वारा बरामद करने की बात बताई गई मो0 दिलशाद के निशानदेही पर फुलसु मोड़ बारियातू से एक मोटरसाइकिल तथा ग्राम दिरीदाग बालुमाथ से 06 मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिसमे एक काले रंग का स्पलेंडर प्रो, एक काला रंग का हिरो स्प्लेण्डर प्लस ,एक काला रंग का हिरो पैशन प्रो , एक लाल रंग का हिरो पैशन प्रो, एक काला रंग का पैशन प्रो, एक काला रंग का हिरो पैशन प्रो, एक लाल रंग का हिरो होण्डा पैशन प्लस. एक सिल्वर रंग का हिरो होण्डा सीडी डिलक्स मोटर साइकिल शामिल है उल्लेखनीय है कि मो0 दिलशाद का पूर्व से कई अपराधिक इतिहास है तथा ये आदतन मोटरसाइकिल चोर है, तदोपरांत बारियातू थाना कांड संख्या 11/2025, दिनांक 10.02.2025, धारा 303 (2) बी0एन0एस0 में दोषी पाते हुए मो0 दिलशाद (40) पिता नेसार अहमद ग्राम मासियातु थाना बालुमाथ जिला लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायीक हिराशत में भेज दिया गया. छापामारी दल में पुअनि देवेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी बारियातू, पुअनि अमरेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी बालुमाथ पुअनि निर्मल कुमार मंडल पुअनि जितेंद्र कुमार सअनि द्वारिकानाथ पांडेय व थाना के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में लगेगा आधार सुधार शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय के बच्चों के आधार कार्ड में जन्म तिथि और अन्य सुधार के लिए शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर 19 और 22 फरवरी को विद्यालय परिसर में लगायी जायेगी। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय के छात्र व छात्राओं का अपार कार्ड बनाया जा रहा है।लेकिन कई छात्रों का आधार कार्ड और विद्यालय के नामांकन पंजी में जन्म तिथि का मिलान नहीं होने के कारण उनका अपार कार्ड नहीं बन पा रहा है।आधार कार्ड में जन्म तिथि के अलावा अन्य दूसरी गलतियों को सुधार करने के लिए यह शिविर विद्यालय के छात्र व छात्राओं के लिए आयोजित की जा रही है। अपार कार्ड की जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि ऑटोमैटेड परमानेंट



एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्रेशन (अपार) भारत सरकार की एक पहल है। यह कार्ड छात्रों को उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया है।यह कार्ड भी आधार कार्ड की तरह ही होगा और इसमें छात्रों को 12 अंकों की यूनिक आईडी दी जायेगी। उन्होने बताया कि यह कार्ड छात्रों के शैक्षणिक दस्तावेज़ों को एक ही जगह पर सुरक्षित रखने में मदद करेगा। छात्र कहीं भी अपने रिकार्ड को एक्स से कर पायेगें। यह कार्ड छात्रों को स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक और उसके बाद में रोजगार प्राप्त करने तक उनके सभी रिकॉर्ड को एक ही जगह सुरक्षित रखेगा। उन्होने ऐसे छात्रों के अभिभावक जिनके बच्चों का आधार कार्ड और विद्यालय के नामांकन पंजी में जन्म तिथि में अंतर है, शिविर में अपने बच्चों का जन्म तिथि सुधारवा लेने की अपील की है, ताकि उनका अपार कार्ड बनाया जा सके।

## ऑनलाइन भूमि रिकॉर्ड सुधार के लिए विशेष राजस्व शिविर, रैयतों को मिलेगा समाधान

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला स्तर पर आयोजित जनता दरबार एवं जन शिकायत निवारण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में अधिकांश आवेदन ऑनलाइन जमाबंदी, लगान रसीद निर्गत, दाखिल-खारिज एवं भू-मापी से संबंधित होते हैं। हालांकि, पूर्व में जारी निर्देशों के बावजूद झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदी में त्रुटि निवारण की प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, जिससे रैयतों को लगान भुगतान में कठिनाई हो रही है और राजस्व संग्रहण में भी कमी देखी जा रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए, उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रत्येक अंचल में 18 फरवरी 2025 से 4 मार्च 2025 तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे।यदि निर्धारित दिन अवकाश पड़ता है, तो शिविर अगले कार्य दिवस पर आयोजित होगा। इन शिविरों में ऑनलाइन झारभूमि पोर्टल पर दर्ज जमाबंदी की त्रुटियों के निवारण, ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत करने तथा दाखिल-खारिज से संबंधित शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही, दाखिल-खारिज वादों के शुद्धिपत्र भी आवेदकों को वितरित किए जाएंगे। शिविरों की निगरानी विशेष राजस्व शिविरों के सफल आयोजन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता, लातेहार एवं महुआडांड़ को वरीय पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। वे इन शिविरों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे, ताकि शिकायतों का त्वरित समाधान हो सके। राजस्व संग्रहण को मिलेगा बढ़ावा इन विशेष शिविरों के माध्यम से रैयतों को ऑनलाइन लगान भुगतान की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे राजस्व संग्रहण में भी वृद्धि होगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे शिविरों के सफल संचालन एवं आवेदकों की समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाए।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने विधायक के विभागीय कार्यालय में सुनी ग्रामीणों की समस्या

# लोगों की समस्याओं का समाधान करना हमलोगों की पहली प्राथमिकता है : रमेश ठाकुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में स्थित विधायक मनोज कुमार यादव के विभागीय कार्यालय में मंगलवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी समस्या को जाना। और शीघ्र समाधान करने की बात कही, वहीं मौके पर ग्रामीणों ने पेंशन से संबंधित, आवास से संबंधित, जमीन म्यूटेशन से संबंधित, ऑनलाइन रसीद से संबंधित, ओटीपी मामलों से संबंधित अन्य कई मामलों में भाजपा जिला



उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर को अवगत कराया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने संबंधित विभाग के कर्मियों से वार्ता कर मामले का निराकरण करने का आग्रह किया। आगे उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए मंगलवार और शुक्रवार को विधायक के विभागीय कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा। और उसकी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी से वार्ता कर निदान की जाएगी। मौके पर सोमर उरांव उमेश भुइयां, विशेश्वर लिंडा, नारायण यादव, लीलो सिंह, विजय राणा, सिकंदर प्रसाद, सचिन यादव, पिंटू ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# विनोबा भावे विवि अंतर्गत एलएलएम प्रवेश परीक्षा में धांधली का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कला संकाय भवन में एलएलएम पाठ्यक्रम सत्र 2025 -2027 में मंगलवार को नामाकन हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित किया गया था जिसमे सेंटर सुप्रिटेंडेंट और अन्य निरीक्षकों को मैनेज कर छात्रों के एक समूह ने खुले आम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और चिट -पुर्जा खोलकर लिखने का आरोप लगा है । परीक्षा समाप्त होने के पश्चात कुछ छात्र इसकी शिकायत करने प्रशासनिक भवन पहुंच लेकिन कुलपति समेत सभी प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी गायब मिले गायब मिले। इस संबंध मे अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के जिला मीडिया संयोजक रुद्र राज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की



विवि का विधि महाविद्यालय में नामाकन प्रक्रिया शुरू से हीं विवादित रहा है जिसका शिकार कितने प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी हो चुके हैं , ऐसे परिस्थिति में बिना किसी प्रमुख प्रशासनिक पदाधिकारी के मौजूदगी में एग्जाम कंडक्ट करवाना संदेहास्पद प्रतीत होता है, जिसका अभाविप निंदा करता है। अभाविप ने इस संबंध मे सदर अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन देते हुए तत्काल सीसीटीवी फुटेज को अपने निगरानी में लेते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग कर दोषियों पर कार्रवाई करने का मांग की है।

# विवेकानंद सेवाश्रम के हुए 35 वर्ष, स्थापना दिवस पर किया गया भव्य समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के समीप स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम का आज मंगलवार को 35 वां स्थापना दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 35 वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि बालगोविंद प्रसाद बरनवाल,विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र उपाध्याय ने दिप्रजावलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विवेकानंद सेवाश्रम के प्राचार्य यशवंत मिश्रा ने अपने सम्बोधन में सभी का अभिवादन करते हुए विनम्रता पूर्वक कहा कि मेरा शौभाग्य है,आज मेरे पिताजी स्व.गजानंद मिश्रा विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय सहयोगी रहे बालगोविंद प्रसाद बरनवाल, वीरेंद्र उपाध्याय आज हमारे बीच इस समारोह में उपस्थित है। जिन्होने लगातार 30 वर्षो तक विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के माध्यम से पूर्व प्रखंड में शिक्षा का दीप प्रज्वलित किया था।संबोधन के पश्चात् उपस्थित लोगों के सम्मान में स्वागत गान, स्वागत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा की गई। ठाकुर एवं श्री श्री माँ के प्रति स्कूली बच्चों के द्वारा गुरु वंदना एवं स्तुति प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा की भले ही यह विद्यालय अपना 35 वर्षो का सफर तय कर चूका है, लेकिन मेरे लिए ये




कल की बात है ऐसा मैं महसूस करता हूँ। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की स्वर्गीय गजानंद मिश्रा जिन्होंने विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय की नींव रखी, जिन्होंने शिक्षा के प्रति अपना पूरा जीवन समर्पित किया, आज उनके पुत्र यशवंत मिश्रा के द्वारा उनके सपनों को साकार किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता सुनील कुमार अकेला, डॉ थानेश्वर महतो, निरंजन मिश्रा, विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका उमा सोनी एवं देवेश सर, वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद आबेदिन,कार्यक्रम में मिरर ऑफ द सोसायटी के संचालक अमन कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ईशा कुमारी, ममता मिश्रा, स्नेहा कुमारी, प्रतिष्ठा कुमारी, पियूष कुमार सिन्हा एवं आयुष कुमार सिन्हा,विद्यालय के अभिभावक, विष्णुगढ़ के प्रभुत्व नागरिक एवं विद्यालय के छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही।

# एनटीपीसी सीबी द्वारा महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण व सौर दीपक वितरण कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने मंगलवार को पेटो दुर्गा मंडप में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें परियोजना से प्रभावित गांवों की 30 महिलाओं के लिए तीन महीने का सिलाई प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्कृत महिला समिति की उपाध्यक्ष रेखा गुप्ता ने कहा यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रशिक्षण से वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी और अपने परिवारों की स्थिति में सुधार ला सकेंगी। सिलाई मशीन प्रशिक्षण से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, रोजगार के अवसर प्राप्त करने, परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने और समाज में समानता व




सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इसके साथ हीं परियोजना के पगार पीट कार्यालय में 88 सौर दीपकों का भी वितरण किया गया। जो उन गांववासियों और परिवारों को दिए गए, जिन्होंने खदान परियोजना से प्रभावित होकर नए स्थानों पर पुनर्वास किया है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने दीपक वितरण के बाद कहा हमारे लिए यह आवश्यक है कि पुनर्वासित परिवारों की समस्याओं का समाधान किया जाए और उन्हें बेहतर जीवनशैली मिले। यह सौर दीपक उनके जीवन को रोशन करने के साथ-साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखेंगे। यह सारे कार्यक्रम परियोजना के कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर प्रयासों का हिस्सा था, जो स्थानीय समुदाय के विकास और भलाई में योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## बड़कागांव कोल माइनिंग संवेदक संघ ने एनटीपीसी परियोजना प्रमुख को सौंपा चार सूत्री मांग पत्र




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** कोल माइनिंग संवेदक संघ के द्वारा पकरी बरवाडीह कोल माइंस के परियोजना प्रमुख फैज तैयब को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। संवेदकों द्वारा परियोजना प्रमुख से गेट पास निर्गत करने के अलावा 5 करोड़ की राशि तक निविदा में विस्थापित प्रभावित एवं स्थानीय संवेदक को ही लिमिटेड टेंडर में भाग लेने की मांग रखी। मांग पत्र में महंगाई को देखते हुए डीएसआर 2022 लागू करने तथा ढेंगा कॉलोनी में संवेदकों के लिए एक कार्यालय हेतु भवन उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान बड़कागांव कोल माइनिंग संवेदक संघ के अध्यक्ष लीलाधन प्रजापति, सचिव मुजाहिद खान, कोषाध्यक्ष बादल कुमार राज, मीडिया प्रभारी अजय तिवारी, सक्रिय सदस्य सुभाष तिवारी, हसन सिद्दीकी, नंदकिशोर कुमार, मनोज कुमार साव, दयानंद साव, शिवम कुमार, आदित्य कुमार समेत अन्य संवेदक उपस्थित थे।

## राजस्व वसूली में जिले में नंबर एक बना विष्णुगढ अंचल

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वित्तीय वर्ष 2024 -2025 तक राजस्व वसूली में जिले में नंबर एक बना विष्णुगढ अंचल। बता दें कि हजारीबाग जिले के 16 प्रखंडों में विष्णुगढ़ अंचल 4,59,085.85 रुपये की राजस्व वसूली कर पूरे जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया। इस बाबत जानकारी देते हुए विष्णुगढ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने बताया कि राज्य सरकार व जिले के आला अधिकारियों के निर्देश पर आम जनो के कार्यो में शिविर के माध्यम से तेजी लाकर जांचोपरांत कार्य का निष्पादन करते हुए राजस्व की वसूली की गई। शिविर लगाए जाने से बिचौलियों को पूर्णतः रोका गया जिसकी वजह से आमजन की सीधी पहुँच अंचल कार्यालय में हुई जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग आकर अपने अधूरे कार्यो को पूरा कर पाई,वहीँ बेहतर राजस्व की वसूली भी हुई और राज्य सरकार के कोष में भी वृद्धि हुई। विष्णुगढ वासियों से अपील है,आप अपने भूमि संबंधी कार्यो को लेकर मुझसे सीधे आकर संवाद करें आपके कागजातो की जाँच कर अविलंब कार्य का निष्पादन किया जायेगा।

## ग्रामीणों राहगीरों के शिकायत पर प्रखंड प्रमुख ने सड़क का लिया जायजा

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी से बुंडू भाया पाताल पंचायत तक 23.650 किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर राहगीरों ग्रामीणों समेत केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने सवाल उठाया है। सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर प्रमुख सुनीता देवी ने कही कि ग्रामीणों और राहगीरों के द्वारा सड़क निर्माण के दौरान उपयोग में लाए जा रहे मैटेरियल और सड़क की वास्तु स्थिति का जायजा लेने के क्रम में देखा गया कि सड़क निर्माण में ऐसा मैटेरियल का उपयोग हो रहा है कि एक ओर से सड़क में पिच डाला जा रहा है वहीं तुरंत दूसरी ओर से सड़क उखड़ते जा रहा है।

## अपराध और नशा पर लगाम लगाना पहली प्राथमिकता : आईपीएस श्रुति

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 2023 बैच की आईपीएस अधिकारी श्रुति ने मंगलवार को इचाक थाना प्रभारी का पदभार संभाला। निवर्तमान थाना प्रभारी संतोष कुमार ने आईपीएस अधिकारी श्रुति को पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद आईपीएस अधिकारी सह थाना प्रभारी श्रुति ने पत्रकारों से कहा कि अपराध और नशा पर लगाम लगाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने इचाक क्षेत्र से अपराध को नेस्तनाबूद करने के साथ अवैध शराब बनाने वालों और चौक चौराहों पर बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा। जिससे अपराध पर अंकुश लगेगा साथ ही कई घर परिवार उजड़ने से बच पाएगा।

## बीडीओ ने वार्षिक माध्यमिक इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड में मैट्रिक,इंटरमीडिएट की परीक्षा चल रही है,इसी के तहत बरही प्रखंड के मध्य विद्यालय, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, प्लस टू उच्च विद्यालय मैं भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी बीच बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो औचक निरीक्षण करने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने औचक निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले परीक्षा केंद्र में बनाया गए परीक्षा हॉल में परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था को देखा, कितने शिक्षक निगरानी में लगाए गए हैं, उसे देखा विद्यालय के आसपास का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की, एवं परीक्षा केंद्र में तैनात परीक्षा कर्मी से जानकारी प्राप्त की एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए हर संभव व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण करने का मकसद यही है कि परीक्षा केंद्र में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को जांचा जाए, ताकि किसी तरह की केंद्र पर गड़बड़ी न हो, उन्होंने बताया कि जब तक मैट्रिक, इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित हो रही है, अनुमंडल के सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण समय-समय पर किया जाएगा।

# मिशन अस्पताल में आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क जननी स्वास्थ्य मेला संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन अस्पताल में आयोजित महिलाओं के विशेष निशुल्क %जननी स्वास्थ्य मेला% दिन मंगलवार को ऐतिहासिक रूप में संपन्न हुआ। जननी स्वास्थ्य मेला में निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त किया गया। स्वास्थ्य मेला के माध्यम से हेयर ट्रांसप्लांट एवं अन्य जांच में भारी छूट दिया गया। जिसमें 2168 महिलाएं सहित कई पुरूषों ने स्वास्थ्य मेला लाभ उठाकर अपना जांच एवं उपचार कराया। मुफ्त उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य मेला के दौरान एक नवजात शिशु ने भी नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से जन्म लिया। अस्पताल परिवार की ओर से मां एवं नवजात शिशु को बुके भेंटकर स्वागत व




अभिनंदन किया गया। स्वास्थ्य मेला में चिकित्सक डॉ जे के आर्य, डॉ एएन सिंह, डॉ पूजा बैरवा, डॉ फोरम कटारा, डॉ रणजीत, डॉ रिंकू यादव, डॉ मिताली सोरेन, डॉ प्रिंस कुमार एवं डॉ मधु झा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर संत कोलम्बस मिशन अस्पताल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जननी स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य सार्थक हुआ। हजारीबाग के सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं शहर की महिलाएं व कई पुरूषों ने अपना जांच एवं उपचार करवाया। संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल आगे भी समाजिक सरोकार से जुडकर इस प्रकार का निशुल्क शिविर आयोजित कर जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में हमारे चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं ऑफिस कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान देकर शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कर काफी ऐतिहासिक बनाया। जिससे पूरे हमारे अस्पताल परिवार को काफी गर्व की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनूठी पहल और जरूरतमंदों को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाने के लिए हमेशा संकल्पबद्ध रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से संत कोलम्बस छोटानागपुर आदिवासी ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित अमर सोरेन, कोषाध्यक्ष निपम खलखो, सीएनआई चर्च फादर दीपक अनिल जोजो सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री 108 शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का हुआ आरंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमदाग :** प्रखंड के ग्राम सालगावां में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आरंभ हुआ। महायज्ञ का आयोजन सलगावां बड़ा शिव मंदिर जिर्णोद्धार को लेकर किया जा रहा है। कलश यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। 2 किलोमीटर पैदल यात्रा कर गोंदा डैम पहुंचे, जहां विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भर कर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचे। तत्पश्चात पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती व कथा प्रवचन का आयोजन हुआ, 19 फरवरी को वेदी पूजन, स्तंभ पूजा, मंडप पूजन आरती मथन द्वारा अग्नि स्थापन, पूजा पाठ हवन आरती, 20 को वेदी पूजन, मंडप पूजन, प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा, दोपहर रुद्राभिषेक हवन, कन्या पूजन, कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन के बाद भंडारा का आयोजन होगा। महायज्ञ आयोजन को लेकर जलगांव सहित आसपास गांवों में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इस यज्ञ का आयोजन में डॉ गंगधरा मिश्रा एवं उनके परिवार का अहम योगदान है।कलश यात्रा में इंद्रजीत मिश्रा, इंद्र नारायण कुशवाह, महेश प्रसाद, उप मुखिया अवधेश प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि महेश प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि गंगा साव, लखन कुशवाहा, नरेश प्रसाद, मनोहर शर्मा, कौलेश्वर महतो, सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## बड़वार से महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुआ जत्था



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू :** बड़वार गांव से प्रयागराज में महाकुंभ स्नान को लेकर सैकड़ो श्रद्धालु मंगलवार को बस मेटाडोर और कार से निकला। श्रद्धालुओं के द्वारा प्रयागराज में स्नान करने के बाद अयोध्या ,काशी ,बनारस ,विंध्याचल आसपास के क्षेत्र में भी दर्शन करेंगे। रोजाना दारू क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने को लेकर प्रयाग जा रहे हैं। लोगों में इसको लेकर भारी उत्साह भी है। दारू के कई कर्मी, व्यापारी और समाजसेवी शामिल हैं। श्रद्धालुओं में प्रमुख रूप से विकाश कुमार यादव, बीरेंद्र यादव, संतोष यादव, पवन यादव, बिनोद यादव, इंद्रनाथ यादव, अजय यादव एंव तमाम भक्तगण शामिल है।


# हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में भव्य रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर को सफल बनाने और अधिक से अधिक युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवाओं के बीच व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत मंगलवार को गांधी मैदान सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर युवाओं को रक्तदान के महत्व और इसकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। युवाओं को बताया गया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

**युवाओं में दिखा उत्साह, शिविर में भाग लेने का लिया संकल्प**

रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हजारीबाग यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य विवेक तिवारी और पंकज (फिजिकल डिफेंस एकेडमी के संचालक ने गांधी मैदान में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात की और उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान युवाओं ने रक्तदान करने का संकल्प लिया और इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी की इच्छा जताई। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने इस अवसर पर कहा



की रक्तदान करना एक महान कार्य है, जो न केवल किसी की जान बचा सकता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है। इस सराहनीय प्रयास मैं सभी युवाओं से अपील करता हूं कि 3 मार्च को आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और जरूरतमंदों की मदद करें। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा की रक्तदान केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस शिविर का उद्देश्य केवल रक्त संग्रह करना ही नहीं, बल्कि लोगों में रक्तदान के प्रति सकारात्मक मानसिकता विकसित करना भी है। हम सभी को मिलकर इस सामाजिक अभियान को सफल बनाना चाहिए। हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों ने सभी नागरिकों से 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होकर इस मानव सेवा के कार्य में अपना योगदान देने की अपील की।

# कलश यात्रा के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोंदलपुरा में नवनिर्मित शिव मंदिर के शुभारंभ को लेकर श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा शिव मंदिर के पास से शुरू हुआ और ग्राम गाली, बलोदर, पकरिया टोली होते हुए जोगिया दाह पहुंचा। यज्ञकर्ता आचार्य ईश्वरी पांडे ने जोगिया दाह में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए जल को कलशों में भरवाया और बाबूपारा होते हुए श्रद्धालु ढोल नगाड़ों व गाजे-बाजे के साथ यज्ञ स्थल शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिला और पुरुष भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। 19 फरवरी से 25 फरवरी तक कथा वाचन का कार्यक्रम होगा। 26



फरवरी को जागरण और झांकी के साथ यज्ञ का समापन होगा। यज्ञ कार्यक्रम में कथावाचन के लिए मध्यप्रदेश से कथावाचक मानस मोहिनी संध्या दीदी और उत्तर प्रदेश से आचार्य सुंदरम जी महाराज का आगमन हुआ है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुनेश्वर महतो, जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया बासुदेव यादव, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, खेमलाल महतो, सबूर महतो, यज्ञ अध्यक्ष फागुन गोप, सचिव यशोदा देवी, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, उपाध्यक्ष उमेश यादव, उप सचिव रमेश तुरी, ग्राम अध्यक्ष चंदन कुमार, मंच संचालक श्रीकांत निराला, कृष्णा राणा, कमलेश कुमार, देवनाथ महतो, बिंदेश्वर कुमार, विकास महतो, त्रिलोकी महतो, देवप्रकाश यादव, नरेश यादव, मुकेश महतो, विनय महतो, रघु तुरी, गणेश भुइयां, सहदेव गोप, बिलेश्वर महतो, पुजारी सोहर महतो, इन्द्रनाथ महतो, हरजीवन गोप, राथू महतो, अशोक राणा, गोविंद राणा, चंद्रदेव राणा, सहदेव गोप, सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सड़क दुर्घटना में दो महिला की मृत्यु, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार कार ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर जिससे कर में सवार दो महिलाओं की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए द्य जानकारी के अनुसार प्रयागराज से कुंभ स्नान कर लौट रही



श्रद्धालुओं की एक मारुति कार संख्या WB 56 P 7408 मांडू थाना अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने खड़ी एक ट्रक के पीछे में जोरदार टक्कर मारी । टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए । कार में सवार छह लोगों में से दो महिलाओं की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । तीन लोग में एक महिला और दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हैं और एक व्यक्ति को मामूली चोट आई है । घटना की सूचना मिलते ही मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान पुलिस बल के साथ पहुंचकर सभी को कार से बाहर निकाला । इसमें दोनों मृत महिलाओं को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया । और घायलों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया । घटना में बिंदु देवी और एक साठ वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई वही विरसा , संदीप बेदिया , उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गए वही रामपोदो मांझी को।मामूली चोट लगी है । सभी श्रद्धालु पश्चिम बंगाल पुरुलिया जिला के झालदा गुड़ियार के रहने वाले थे । घायल राम पदों मांझी ने बताया कि सभी प्रयागराज से कुंभ स्नान कर लौट रहे थे । इधर पुलिस दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जप्त कर दिया।

## बंशीधर गोप मुख्य चुनाव पदाधिकारी चयनित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी की एक बैठक दिनांक 14 फरवरी 2025 को आहूत की गई चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सर्वसम्मति से सत्र 2025-2027 के 15 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के चुनाव को लेकर बंशीधर गोप (अधिवक्ता) को मुख्य चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किया गया एवं



उनसे अनुरोध किया गया कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वितीय वर्षीय चुनाव की प्रक्रिया 25 मार्च 2025 तक पूर्ण करें। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानद सचिव मानू चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी कार्यकारिणी सदस्य विमल बुधिया, विष्णु पोद्दार, मुरारी लाल अग्रवाल, दिनेश पोद्दार, अमरेश गणक, अनूप कुमार सिंह, राहुल जैन,अमित साहू, दिलीप दत्त एवं अन्य उपस्थित थे।

## बाइक चालक के माथे में हाइवा का चक्का चढ़ा,हेलमेट ने बचाया युवक का जान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला क्षेत्र मे मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना हुई, युवक अपनी बाइक से सफर कर रहा था जिसे भारी वाहन हाइवा के चपेट मे आ गया, बाइक चालक सड़क पर गिर गया और ट्रक का चक्का दो पहिया चालक मे माथा पर चढ़ गया, वह बुरी तरह से घायल हो गया मोटर साइकिल चालक माथा पर मजबूत हेलमेट पहना हुआ था जिससे सर पर हाइवा ट्रक का चक्का चढ़ने के बावजूद भगवान बचा लिया, हेलमेट क्षतिग्रस्त हुआ युवक की जान बची,



सड़क दुर्घटना मे कहावत सार्थक हुआ कि जाको राखे साइयां मार सके न कोय÷ जो भगवान की असीम कृपा और हेलमेट पहनकर चलाना सुरक्षा की भाव को चरितार्थ करती है। दुर्घटना में सटीक दिखाई दिया। बताया गया की पेटरवार थाना क्षेत्र धोबीयाजारा,निवासी राजू भोक्ता पिता गोबिंद गंझु अपने होंडा सिटी बाइक से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान मगनपुर के समीप एक हाइवा ने उसको धक्का मार दिया। जिसके वो सडक पर गिर कर अचेत हो गया। पास पड़ोस सड़क किनारे खडे प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि धक्के के बाद युवक सड़क पर गिर गया इसके बाद हाइवा का चक्का युवक के माथा में चढ़ गया। बाइक चालक अपनी सुरक्षा हेतू हेलमेट पहन रखा था। जिसके कारण युवक को हल्की -फुल्की चोट लगा है। लेकिन माथा मे भी चोट लगी है जबकि बाइक चालक का हेलमेट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद तुरंत बेहतर इलाज हेतू ग्रामीणों ने युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद युवक को रेफर कर दिया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिचांई, सी.पी.डबलु.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित करते है।

निविदा सूचना संख्या : डबलू–7/ई–टेन्डर/17/ओपन/दानापुर/2024–25, **क्रमांक :01,** 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : दानापुर मंडल के अधीन धिना गिट्टी साइडिंग पर तथा धिना गिट्टी साइडिंग के विकास हेतु किसी सहायक कार्य हेतु किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन से आरडीएसओ के दिशानिर्देशों का ध्यान रखते हुए ढेरी की माप के अनुसार 80000 घनमीटर, मशीन से तोड़ी गई रेल पटरी हेतु 50 एमएम साइज की गिट्टी की आपूर्ति एवं ढेर लगाने का कार्य। (दो पैकेट)। 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹22,76,80,000/–, 3. बयाना की राशि : ₹12,88,400/–

**क्रमांक :02,** 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : वीजी रेलवे ट्रैक के लिए आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार 97,562.40 सह 50 मिमी आकार की मशीन क्रश ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति और ईसीआर के तहत सभी प्रकार के आकस्मिक प्रभार सहित किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन एफओआर–बाकुडीह/तालझारी में इसे लोड करना (दो पैकेट), 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹14,66,46,043.44/– 3. बयाना की राशि : ₹8,83,200/–

4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाईन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 10.03.2025 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। 5. वेब साईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा क्रिस के वेब साईट CRIS website http.//www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा बल्कि वेब–साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। 3. संशोधनों के लिए वेब साइट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

मंडल रेल प्रबंधक (इन्जी.)/
पूमरे/दानापुर

पीआर/02126/डीएनआर/अभि./टी/24–25/68

### उपायुक्त की अध्यक्षता में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में हुआ जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन

# आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में अभियान मोड में कार्य करेगा जिला प्रशासन रामगढ़ : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**रामगढ़ :** झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ द्वारा मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, नजारत उप समाहर्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा सहित अन्य का सम्मेलन में पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुखिया सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त श्री चंदन कुमार ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं उन विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के विकास में मुखियाओं सहित सभी जनप्रतिनिधियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। मौके पर उपायुक्त ने सभी मुखियाओं एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से नियमित रूप से उनके क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का निरीक्षण करने, विद्यालयों में चल रहे पठन पाठन कार्यों का जायजा लेने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर अपील की। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने सभी को हाल ही में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा बच्चों को 24म 7 शिक्षा संबंधित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर शुरू की गई योजना की विस्तृत जानकारी दी वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बच्चियों को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष गर्मी के दौरान ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य किया जा रहा है जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन वैसी जलापूर्ति योजनाएं जो कि वर्तमान में किसी कारणवश खराब है उन्हें चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जाएगी मौके पर उपायुक्त में सभी जनप्रतिनिधियों से इस पर विशेष ध्यान देने एवं अपने-अपने क्षेत्र में कार्यों का अनुश्रवण करने की अपील की। उपायुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा मरम्मत्ती कराए जाने के उपरांत जलापूर्ति योजना के रखरखाव एवं नियमित रूप से जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करने को लेकर भी सभी को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा भी उपस्थित मुखियाओं एवं जनप्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं उनमे पढ़ रहे बच्चों के विकास की दिशा में कार्य करने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के द्वारा दिया गया वहीं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री नलिनी रंजन द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के उद्देश्यों, जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मुखियाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय एवं बच्चों के विकास की दिशा में किए जाने वाले कार्यों आदि को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन शिक्षक संजय राय द्वारा किया गया वहीं स्वागत गीत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामगढ़ के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## वरिष्ठ नागरिक मंच ने पहला वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय मे वरिष्ठ नागरिक मंच ने पहला वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाया। समारोह की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अशोक चौहान और संचालन प्रवीर चटर्जी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सिटीजन फोरम पब्लिक स्कूल अरगड्डा के पूर्व प्राचार्य उदयशंकर भट्टाचार्य शामिल रहे। जबकि मंचासिन अतिथियों में केडी सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा, सीताराम, झरी मिस्त्री, राजपाल शर्मा, राजेंद्र प्रसाद राणा, राजाराम यादव, ब्रजकिशोर पासवान, आरपी सिंह चंदेल शामिल रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके उपरांत सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गया। साथ ही दो मिनट का मौन रख कुंभ यात्रा के दौरान विभिन्न दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में आगे गणमान्य अतिथियों और मंच के पदाधिकारियों को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। अवसर पर दिवंगत वयोवृद्ध पत्रकार और मंच के अति विशिष्ठ नागरिक स्व. नाना तिवारी को याद किया गया। वहीं कार्यक्रम में परमजीत सिंह धामी और उनकी पत्नी नरेंद्र सिंह धामी को शादी की 50वीं सालगिरह पर बुके देकर शुभकामनाएं दी गई। साथ ही प्रवीर चटर्जी को सम्मानित करते हुए उनकी शादी की 34वीं सालगिरह पर शुभकामनाएं दी गई। इसके उपरांत स्वागत संबोधन अशोक कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान झरी मिस्त्री ने स्वरचित कविता ÷मैं 90 वर्ष का युवा हूं÷ प्रस्तुत किया। इसके उपरांत लक्की कूपन का ड्रा कराया गया। जिसके विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में योगदान देनेवाली उत्क्रमित मध्य विद्यालय की शिक्षिका और छह छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को आगे विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया।अपने संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि उदयशंकर भट्टाचार्य ने कहा कि जीवन चलने का नाम है। अभी थम कर नहीं बैठ जाना है। अपने ज्ञान और अनुभवों से समाज को अभी बहुत कुछ देना है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक मंच में महिलाओं की पूरी भागीदारी होनी चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम हो जिसमें वरीय महिलाओं को मंच से जोड़ा जाए। आधी आबादी के जुड़ने पर ही मंच की सार्थकता पूरी होगी। इस मौके पर परमजीत सिंह धामी कुलानंद पांडे राजेंद्र पांडेय, रघुनाथ, चमन लाल, शशिकांत प्रसाद, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, गौतम मुखर्जी, प्रभाकर महतो सहित अन्य शामिल रहे।

## रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** जिला के सीसीएल कोलियरी सिरका परियोजना के कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर आउटसोर्सिंग कंपनी स्थल के समीप सिरका के आसपास के ग्रामीणों ने रोजगार की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे घंटो ओबी ढुलाई कार्य बाधित हुआ। किसी भी प्रबंधन या आउटसोर्सिंग अधिकारी के नहीं आने के बाद ग्रामीणों ने सिरका पीओ दिलीप कुमार को आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार संबंधी मांग पत्र सौंपा। इसके बाद ग्रामीणों व पीओ के बीच वार्ता हुई। ग्रामीण विस्थापित संजय कुमार महतो ने स्थानीय सिरका प्रबंधन को ग्रामीण इलाके तेलियाटांड़, बड़काटाड़, चाणक, कहुवाबेड़ा आदि जगहों के ग्रामीण युवाओं की बेरोजगारी दूर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों पहले आउटसोर्सिंग सिरका कंपनी में ग्रामीणो को रोजगार मिला था, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों को नजरअंदाज करते हुए बीते 17 फरवरी से काम चालू कर दिया गया।आउटसोर्सिंग में ड्राइवर ऑपरेटर हेल्पर मजदूरों में सभी लोगों को रोजगार मिलना चाहिए।वहीं सिरका परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि ग्रामीणों को तकनीकी तर्ज के आधार पर आउटसोर्सिंग कंपनी में काम पर जाने के लिए कहा जाएगा।इसके लिए आउटसोर्सिंग कंपनी से बातचीत होगी। ग्रामीणों में तकनीकी रूप से जानकार युवकों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने भी बकाया मुआवजा नौकरी की भी बात रखी। प्रबंधन ने स्कूटनी कराकर सकारात्मक पहल करने की बातें कही है?।

## खूंटी जिला कांग्रेस वर्किंग प्रेसिडेंट से रामगढ प्रशासन ने खाली करवाया सर्किट हाउस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** झारखंड में कांग्रेस अभी सत्ता में है और सत्ता का नशा पार्टी नेताओं पर चढ़ा हुआ है। इसका उदाहरण रामगढ़ सर्किट हाउस में देखने को मिला। कांग्रेसी नेताओं के द्वारा शराब के नशे में कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। नशे में धुत नेताओं ने गाली गलौज तक कर डाली। इसके बाद सर्किट हाउस में रुके हुए खूंटी जिला कांग्रेस के वर्किंग प्रेसिडेंट अरुण सांगा से सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जबरन रूम खाली करवा दिया।जानकारी के अनुसार यूथ कांग्रेस के खूंटी जिला वर्किंग प्रेसिडेंट 1 फरवरी को रामगढ़ पहुंचे थे यहां उन्होंने पहले दो दिनों के लिए सर्किट हाउस का कमरा बुक करवाया। इसके लिए बाकायदा एक वरीय नेता से फोन भी करवाया था। लेकिन वे 17 दिनों तक रूम नंबर 8 में रुके रहे। इस दौरान उनसे मिलने कई लोग कमरे में पहुंचे। कुछ लोग तो रात 2ः00 बजे तक भी सर्किट हाउस में घुसे थे। इस दौरान नशे में धुत नेताओं ने कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। कांग्रेसी नेताओं के इस हरकत से नजारत उप समाहर्ता भी परेशान हो गए। सोमवार को एनडीसी अन्य अधिकारियों के साथ डीसी से मिले और पूरे वाकए को सामने रखा। इसके बाद कई अधिकारी सर्किट हाउस पहुंचे और अरुण सांगा को रूम खाली करने को कहा। कांग्रेसी नेता अरुण सांगा ने बताया कि सोमवार को वह अपने एक पार्टी कार्यकर्ता के साथ उन्हीं की गाड़ी में रांची कल्याण मंत्रालय के लिए निकले थे। कोठार ओवर ब्रिज के पास ही जब अधिकारियों का फोन आया, तो वह दोबारा सर्किट हाउस पहुंचे। वहां उनसे कमरा खाली करने का आग्रह किया गया। साथ ही उस व्यक्ति के बारे में भी पूछताछ की गई, जिसके द्वारा कर्मचारियों के साथ नशे की हालत में अभद्र व्यवहार किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह के साथ सर्किट हाउस के कर्मचारियों ने गलत व्यवहार किया था जिसको लेकर तू-तू-मैं-मैं हुई थी। इसके बाद उन्होंने तत्काल सर्किट हाउस के रूम को खाली कर दिया और किराए का भुगतान भी कर दिया। कांग्रेसी नेता अरुण सांगा ने बताया कि पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी थी, उसी के तहत वे रामगढ़ पहुंचे थे। निकट भविष्य में आयोजित होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसकी वजह से वे 17 दिनों तक रामगढ़ में रुक गए।

### संथाल समाज दिशोम मांझी कर्णपुरा परगना बड़कागांव कि बैठक जोजो टोला में हुई

## मरांग बुरु प्रसिद्ध देव स्थल बचाने को लेकर राष्ट्रपति के नामे उपायुक्त हजारीबाग को सौंपा जाएगा ज्ञापन : सोनाराम मांझी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जोजो टोला के समीप मंगलवार को संथाल समाज दिशोम मांझी कर्णपुरा परगना बड़कागांव प्रखंड कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता कर्णपुरा मांझी हाड़ाम सूरज बेसरा और संचालन राजेन्द्र सोरेन ने किया। बैठक में बताया गया कि मधुबन पीरटांड़ प्रखंड के मारांग बुरू (पारसनाथ) पहाड़ पर वर्षो से आदिवासियों का देव स्थाल स्थापित किया गया है। इस स्थाल को जैन समुदाय के द्वारा अतिक्रमण कर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। आदिवासियों का प्रसिद्ध देव स्थाल रहने के कारण वर्षो से पूजा होते हुए आ रहा है।बैशाख पूर्णिमा में तीन दिवसीय धार्मिक पूजा का आयोजन किया जाता है और पूजा में बलि भी दि जाती है जिसे बंद करने के लिए और मारांग बुरू पारसनाथ पहाड़ को कब्जा करने के लिए जैन समुदाय द्वारा केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को पार्टी बना कर न्यायालय में याचिका दाखिल किया गया है। मरांग बुरु पारसनाथ प्रसिद्ध देव स्थाल को बचाने के लिए संथाल समाज दिशोम मॉझी परगना एकजुट होकर आगामी दिनांक 07 मार्च को हजारीबाग उपायुक्त महोदया के मध्यम से महामहिम राष्ट्पति के नामे ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन सौंपने में हजारों की संख्या में कर्णपुरा परगना से लोग शामिल होंगे। साथ ही बैठक में मरांग बुरू पारसनाथ बचाओ, अतिक्रमण हटाओ मारांग बुरू अतिक्रमण के विरोध में प्रतिरोध 12 मार्च को मधुबन गिरिडीह में जाने के लिए तैयारी की समीक्षा कि गई। जिसमें सभी बयालीस गांव से लोग हजारो की संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से संथाल समाज दिशोम मॉझी परगना केन्द्रीय महासचिव सोनाराम मांझी, मोहन सोरेन, महादेव मुर्मू, सीताराम किस्कू, जतरू बेसरा, बहादुर मांझी, बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन,विमल टुडू,र ाजेन्द्र सोरेन, अजय बेसरा, बिनोद बेसरा, मनुलाल सोरेन,राजू बेसरा, मुन्शी मुर्मू, जगदीश मांझी, दशई टुडू, उदन सोरेन, बिरसा हेम्ब्रोम, लुसा मांझी,बूचा मांझी ,राजेश टुडू, अकला मांझी, महादेव हांसदा पप्पुलाल मांझी, जगदीश मांझी, विकास सोरेन, पुरन टुडू,संजुल सोरेन, लखीराम मांझी, शिकारी मांझी, रामलाल हांसदा, सुखदेव हांसदा, जितेन्द्र सोरेन, सुखलाल किस्कू,लालजी किस्कू, ढेनालाल सोरेन,सरना मांझी, सोनाराम सोरेन,मुकेश सोरेन, कार्तिक सोरेन,महेन्द्र सोरेन, अमित मुर्मू सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## ग्रामीणों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के हरहद कंडेर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेंद्र का मंगलवार को भव्य उद्घाटन किया गया। रामगढ़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायक ममता देवी ने शिलापट्ट अनावरण कर फीता काटकर उद्घाटन किया गया।विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश बिडिओ अमित कुमार मिश्रा प्रभारी चिकित्सा राजकुमार चौधरी थे। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करेगा, जिससे उन्हें छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ÷ग्रामीणों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। साथ ही विधायक ने जल्द ही उपस्वास्थ्य केंद्र का चारदिवारी कराने की बात कही।मौके पर जय प्रकाश राम महताब राही छोटू गझू मुखलाल महतो मनोज कुमार अकमल अंसारी निलेश कुमार सुफल खलखो प्रेम मुंड़ा मंजू देवी ललिता कुमारी दीपक महतो टिकेश्वर महतो योगेंद्र गझू मुकेश कुमार युगल किशोर महतो करमू महतो रामप्रसाद महतो दुलारी देवी गीता देवी नाजमा निशा सुमन देवी गीता देवी पूनम देवीसोनी कुमारी नीला देवी व क्षेत्र के गणमान्य लोग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** सोमवार की रात्रि सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक शहर के वार्ड आठ स्थित यादव होटल में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता धनंजय कुमार पुटूस व संचालन सुरेन्द्र राम ने किया।बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने उपस्थित सदस्यों के साथ रामगढ़ जिला के लोगो के उत्थान के लिए संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने संगठन की मजबूती और रामगढ़ जिला की बेहतरी के लिए अपने अपने सुझाव दिए।धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति लगातार लोगो के हित में कार्य कर रही है। जल्द ही साफ छवि के लोगो को संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में उपस्थित सिकंदर सोनी, रघुवरन स्वामी,राम कुमार,अजय राम,पिंटू मालाकार आदि उपस्थित थे।

## फूसरी चौक में भव्य बजरंगबली मंदिर का होगा निर्माण, ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग जिला मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के अध्यक्षता में बजरंगबली चौक फुसरी स्थित मंदिर का नव निर्माण हेतु एक ग्रामीणों द्वारा बैठक आयोजित की गई, बजरंगबली मंदिर निर्माण कार्य हेतू महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श हुआ बैठक के निर्णय लिया गया जिसमे मुख्यतः निम्नवत है,मंदिर निर्माण समिति के नाम पर बैंक में खाता खोला जाएगा, कजरी चौक ,फूसरी पूजा समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामीणों तक चंदा राशि पर्ची का वितरण सभी घरों में सुनिश्चित किया जाएगा, बजरंगबली मंदिर के नवनिर्माण में तन मन धन लगाकर सभी ग्रामीण निर्माण कार्य में युद्धस्तर पर साथ देंगे,सभी पास पड़ोस के प्रमुख नामित व्यक्तियों से चंदा राशि संग्रह हेतू नाम चिन्हित किये जाएंगे, इस दौरान मुखिया देवकी महतो ने सभी सदस्यों को आश्वासन दिया कि, इस मंदिर निर्माण कार्य में जितना अधिक से अधिक सहयोग हो पाएगा हर सम्भव मदद की जाएगी,हम इसके लिए हमेशा समाज के साथ खडे हैं। मौके पर संयोजक मुखिया देवकी महतो, अध्यक्ष ,नरेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष संतोष केशरी के रुप मे चयन किया गया जबकि कार्यकारिणी सदस्यों मे मुकेश प्रजापति, नीलकंठ महतो, शुभम कुमार, विकास सिंह, प्रमोद सिंह, राम प्रजापति, सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

*पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर उपायुक्त ने की बैठक*

# मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत हर घर, गांव, मोहल्ले-टोले में पहुचाएं बिजली : उपायुक्त

➪ **योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने दिए प्रचार प्रसार के निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 18 फरवरी 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई।बैठक में परियोजना अधिकारी ने बताया गया कि सरकार की ओर से संयंत्र क्षमता के हिसाब से एक किलोवाट पर अनुदान 30 हजार, दो किलोवाट संयंत्र क्षमता पर 60 हजार और तीन किलो वाट एवं उससे अधिक संयंत्र क्षमता पर अनुदान 78 हजार रुपये दिया जाएगा। इसके लिए उपभोक्ता नेशनल पोर्टल http://pmsuryaghar.gov.in / पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं के द्वारा सोलर रूफटॉप के माध्यम से ऊर्जा दन को बढ़ावा देना है। इस हेतु जिले के उपभोक्ताओं, डिस्कॉम एवं अन्य हितधारकों के बीच समन्यय स्थापित करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा की पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत धनबाद जिला में किसी एक ग्राम को चिह्नित करते हुए मॉडल सौर ग्राम के रूप में विकसित किया जाना है। इस हेतु सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश उपायुक्त द्वारा दिये गए।उपायुक्त ने कहा कि इस योजना के प्रचार प्रसार हेतु शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अधिकारी जाए एवं सभी लोगों को योजना की जानकारी पहुंचाए एवं योजना से लोगों को अच्छादित करें। इसके अलावा उन्होंने सभी सरकारी भवनों में इस योजना के अंतर्गत सोलर लगाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उज्ज्वला



योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इस योजना के तहत घर, गांव, मोहल्ले-टोले में सर्वे कराकर विद्युतीकरण करने की योजना है। जिसे लेकर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को छुटे हुए गांव, टोला, मोहल्ला का सर्वे कराकर घर-घर बिजली पहुंचाने हेतु निर्देशित किया।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद ने समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का समय पर पता लगाने के उद्देश्य से बाघमारा अंचल के काण्ड्रा पंचायत सचिवालय में नि- शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए आयोजित किया गया था, जो स्वास्थ्य जांच के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं।इस शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के चिकित्सकों की एक टीम ने कैंसर की प्रारंभिक पहचान के लिए स्क्रीनिंग की। इसके साथ ही, शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य संबंधित परीक्षण भी किए गए। शिविर का मुख्य उद्देश्य




लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना और समय रहते उचित उपचार की दिशा में मदद करना था।असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि, हमारा मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। विशेष रूप से ऐसे लोग जो दूर-दराज के क्षेत्रों में रहते हैं और जिन्हें महंगे इलाज की समस्या होती है। उनके लिए इस तरह के शिविर आयोजित करना बेहद आवश्यक है। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और उन्हें नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन करने का संकल्प लिया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

## बजाज ऑटो शोरूम में लगी आग, आधा दर्जन ऑटो जल कर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनसार इलाके में मंगलवार की सुबह बजाज ऑटो शोरूम में आग धधक गई। यह आग मंगलवार को तड़के लगी बताई गई है। जानकारी के मुताबिक आधा दर्जन ऑटो जल गए है। सुबह-सुबह आसपास के लोगों ने शोरूम से धुआं निकलते देखा। उसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। दमकल की गाड़ी जब तक पहुंची, तब तक आग बढ़ चुकी थी। दमकल विभाग की गाड़ियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मिहनत करनी पड़ी। एक नहीं, आग पर काबू पाने के लिए तीन दमकल की गाड़ियों को पहुंचना पड़ा। आग लगने की असली वजह का पता अभी नहीं चला है। आगलगी की वजह से पूरे मोहल्ले में 2 घंटे से अधिक समय तक अफरातफरी का माहौल रहा। आग बुझाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियों को लगाना पड़ा था। दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि कोई नजदीक जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी परेशानी झेलनी पादि।

## आरोही नाट्य मंच की ओर से आरोही रंग महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के तत्वाधान में आरोही नाट्य मंच द्वारा नाट्य प्रस्तुति सह सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आरोही रंग महोत्सव 2025 का आयोजन सफल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमेश लोहरा, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, धनबाद, जिला जन-संपर्क विभाग, धनबाद से एस.एम.पी.ओ. विनीता कुमारी व ए.पी.आर.ओ. आलोक मिश्रा, संस्था के निर्देशक संजय भारद्वाज व सचिव सह टीम लीडर उर्मिला प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति उस्ताद प्रभात कुमार महतो, नटराज कला केंद्र, चौगा, सरायकेला के द्वारा मानभूम छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गई। लगभग 20 मिनट तक छऊ नृत्य ने दर्शकों को बांधे रखा। 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में भाग लिए हुए बच्चों के द्वारा नाटक अंधेर नगरी की प्रस्तुति की गई। साथ ही संस्था के रंग कर्मियों द्वारा नाटक सिद्धू, कान्हु के जीवन पर



आधारित नाटक विद्रोह की प्रतिध्वनि का मंचन किया गया। यह नाटक पूरे एक घंटे तक दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम में गणेश वंदना एवं मणिपुरी नृत्य, पापरी राय चौधरी के द्वारा तो झारखंड लोक नृत्य की भी प्रस्तुति ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हमेशा हो, जिससे कि बच्चों में छिपी प्रतिभा बाहर आती है। यह कार्यक्रम पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद के सभागार में संपूर्ण हुआ। मौके पर उर्मिला प्रसाद, संजय भारद्वाज, अक्षत भारद्वाज, नरेश, नितेश रवि, बंटी, दिलीप, काजल, ज्योति, गंगा, ज्ञानेन्द्र, जानकी, कंचन उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत, समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 18 फरवरी 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।जनता दरबार में मुख्यतः रोजगार, पेंशन, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, सड़क निर्माण, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, बिजली बिल माफी, जाति आवासीय प्रमाण पत्र बनाने हेतु कैम्प लगाने, आयुष्मान कवर्ड से इलाज कराने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, अबुआ आवास समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि



आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## महाकुंभ स्नान कर पश्चिम बंगाल लौट रही बस धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त, दर्जनों लोग घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** महाकुंभ से स्नान कर पश्चिम बंगाल लौट रही एक बस धनबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। बस में करीब 65 यात्री सवार थे। इस हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हो गए। जिसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं। घायल सभी लोग पश्चिम बंगाल के मेदनीपुर के रहने वाले हैं। प्रयागराज कुंभ में स्नान कर सभी घर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ है। सभी घायलों का इलाज धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में चल रहा है।जिले के निरसा के तेतूलिया मोड़ पर दिल्ली-कोलकाता मार्ग में यह हादसा हुआ। बस की जोरदार टक्कर ट्रेलर से हुई, जिससे बस में सवार 65 यात्रियों में 12 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायल यात्री सुबोचंद्र ने बताया कि




पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर से सभी कुंभ स्नान के लिए गए थे। स्नान कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान बस ने ट्रेलर में जाकर टक्कर मार दी, जिससे लोग घायल हो गए।बस में करीब 65 यात्री सवार थे। घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। हादसे में शिकार हुए गाड़ी गणपति बस है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के द्वारा सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। फिलहाल सभी सुरक्षित हैं, उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था में प्रशासन जुटी हुई है। दुर्घटनाग्रस्त बस को एनएचएआई के क्रेन की मदद से जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में शुरू कर दी है।

*उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई विभिन्न विभागों के कार्यों के प्रगति की समीक्षा*

## समस्याओं का आपसी समन्वय स्थापित कर निराकरण करें सभी विभागीय पदाधिकारी : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 18 फरवरी 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वक्षता विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं नगर आवास एवं आवास विभाग से संबंधित धनबाद जिला में हो रहे कार्यो के प्रगति की समीक्षा की।इस दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा, एसबीएम अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, निबंधित खनन पट्टों की समीक्षा कर अनुमान्यता से कम मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क भुगतान किये जाने की स्थिति में नियमानुसार वसूली हेतु कार्रवाई की समीक्षा, खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क को प्रभावित करने वाले समस्त तथ्यों के निमित्त निर्गत दिशा-निर्देश के अनुपालन की समीक्षा, राज्यांतर्गत राजस्व कार्यालयों के नियमित निरीक्षण की समीक्षा, जाली मुद्रांको की बिक्री रोकने के संबंध में की गई



कार्रवाई की समीक्षा, सरकारी भूमि के स्थायी हस्तांतरण/लीज बंदोबस्ती हेतु अभिलेख गठन के समय विभागीय निदेशों के अनुपालन की समीक्षा, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित समीक्षा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना की समीक्षा, 100 एवं 500 एम0टी0 क्षमता का कोल्ड स्टोरेज निर्माण से संबंधित भूमि संबंधित समस्या की समीक्षा, लैम्प्स/पैक्स को कार्यालय कार्य हेतु पंचायत भवन में एक कमरा उपलब्ध कराने से संबंधित समीक्षा, धनबाद वाटर सप्लाई फेज 2, धनबाद सीवरेज फेज 2 समेत कई अन्य मामलों की समीक्षा की गई।उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सभी मामलों के कार्य मे आ रही समस्याओं का निबटारा करने हेतु निर्देशित किया। वहीं भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु अपर समाहर्ता विनोद कुमार को निर्देशित किया गया। पशुपालन हेतु शेड निर्माण हेतु उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, एसडीएम राजेश कुमार, एलआरडीसी दिलीप महतो, डीएलएओ राम नारायण खलखो समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहें।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**क्र.सं. :** 1, **ई–निविदा सं. :** 343-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "व. मंडल अभियंता(2)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद के अधीन ग्रैंड कार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में पुल सं. 305, 352, 371, 374, 384, 401, 410 और 414 एवं अन्य का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण" के संबंध में पुल सं. 305, 352, 371 एवं 374 आदि का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 2,46,96,133.70

**क्र.सं. :** 2, **ई–निविदा सं. :** 344-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "व. मंडल अभियंता(2)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद के अधीन ग्रैंड कार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में पुल सं. 305, 352, 371, 374, 384, 401, 410 और 414 एवं अन्य का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण" के संबंध में पुल सं. 384, 401, 410 एवं 414 आदि का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 2,48,07,463.32

**क्र.सं. :** 3, **ई–निविदा सं. :** 345-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "सहा. अभि./पू.म.रेल/गुझंडी के अधीन ग्रैंड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में कि.मी. 392/26–28 पर पुल सं. 234, कि.मी. 395/8–10 पर 237, कि.मी. 396/24–26 पर 244, कि.मी. 404/14–16 पर 264, कि.मी. 405/22–24 पर 268, कि.मी. 407/14–16 पर 275, कि.मी. 411/34–36 पर 286, कि.मी. 413/16–18 पर 290, कि.मी. 420/24–26 पर 314, कि.मी. 439/17–19 पर 359, कि.मी. 442/12–14 पर 368, कि.मी. 445/12–14 पर 379 एवं कि.मी. 450/28–30 पर 400 का पुर्ननिर्माण" के संबंध में कि. मी. 392/26–28 पर पुल सं. 234, कि.मी. 395/8–10 पर पुल सं. 237, कि.मी. 395/24–26 पर 239 एवं कि. मी. 397/26–28 पर पुल सं. 247 आदि का पुर्ननिर्माण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,75,82,877.06

**क्र.सं. :** 4, **ई–निविदा सं. :** 346-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "सहा. अभि./पू.म.रेल/गुझंडी के अधीन ग्रैंड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में कि.मी. 392/26–28 पर पुल सं. 234, कि.मी. 395/8–10 पर 237, कि.मी. 396/24–26 पर 244, कि.मी. 404/14–16 पर 264, कि.मी. 405/22–24 पर 268, कि.मी. 407/14–16 पर 275, कि.मी. 411/34–36 पर 286, कि.मी. 413/16–18 पर 290, कि.मी. 420/24–26 पर 314, कि.मी. 439/17–19 पर 359, कि.मी. 442/12–14 पर 368, कि.मी. 445/12–14 पर 379 एवं कि.मी. 450/28–30 पर 400 का पुर्ननिर्माण" के संबंध में कि. मी. 404/14–16 पर पुल सं. 264, कि.मी. 411/26–28 पर पुल सं. 284, कि.मी. 420/24–26 पर 314 एवं कि.मी. 438/19–21 पर पुल सं. 358 आदि का पुर्ननिर्माण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,61,68,391.67

**क्र.सं. :** 5, **ई–निविदा सं. :** 347-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** (अवशेष कार्य) "सहा. अभि./पू.म.रेल/गुझंडी के अधीन ग्रैंड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप–ग्रेडेशन करने के संबंध में कि.मी. 392/26–28 पर पुल सं. 234, कि.मी. 395/8–10 पर 237, कि.मी. 396/24–26 पर 244, कि.मी. 404/14–16 पर 264, कि.मी. 405/22–24 पर 268, कि.मी. 407/14–16 पर 275, कि.मी. 411/34–36 पर 286, कि.मी. 413/16–18 पर 290, कि.मी. 420/24–26 पर 314, कि.मी. 439/17–19 पर 359, कि.मी. 442/12–14 पर 368, कि.मी. 445/12–14 पर 379 एवं कि.मी. 450/28–30 पर 400 का पुर्ननिर्माण" के संबंध में कि. मी. 443/30–444/2 पर पुल सं. 375, कि.मी. 445/910–940 पर पुल सं. 382, कि.मी. 447/845–875 पर 389 एवं कि.मी. 459/0–8 पर पुल सं. 424 आदि का पुर्ननिर्माण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 2,38,79,186.69

**क्र.सं. :** 6, **ई–निविदा सं. :** 348-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व.मं.अभि. /1/धनबाद सेक्शन के अधीन विभिन्न निरीक्षण के दौरान अवलोकित गढ़वा रोड, बरवाडीह, रॉय एवं खलारी के वर्तमान रनिंग रूमों का विशेष बृहद मरम्मत। 06 (छ:) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 30,08,731.52

**क्र.सं. :** 7, **ई–निविदा सं. :** 349-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व.मं.अभि. /1/धनबाद के क्षेत्राधिकारी अधीन पूल सं. 133 टाउन, 156 टाउन, 188 टाउन, 251 अप एवं डाउन, 315 अप एवं डाउन और 253 डाउन पर संक्षारित क्षतिग्रस्त चेकर्ड प्लेट को एस एस प्लेट के द्वारा बदलना एवं लघु एवं बृहद पूलों का अन्य मरम्मत। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 79,61,130.39

**क्र.सं. :** 8, **ई–निविदा सं. :** 350-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व.मं.अभि. /1/धनबाद के अधीन डाल्टनगंज, गढ़वा रोड एवं बरवाडीह में पुराने एवं जीर्ण–शीर्ण कॉलोनी पाइपलाइन नेटवर्क, सिवर लाइन, सेप्टिक टैंक एवं अन्य फिटिंग्स का अपग्रेडेशन। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 88,84,413.73

**क्र.सं. :** 9, **ई–निविदा सं. :** 351-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./2/गोमो के अधीन 02 वर्षों (चौबीस महीने) के लिए विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में निजी वॉटर टैंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति। 24 (चौबीस) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 29,99,647.28

**क्र.सं. :** 10, **ई–निविदा सं. :** 352-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./बरकाकाना के अधीन 02 वर्षों (चौबीस महीने) के लिए विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में निजी वॉटर टैंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति। 24 (चौबीस) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 29,99,647.28

**क्र.सं. :** 11, **ई–निविदा सं. :** 353-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./बरकाकाना के अधीन सिधवार सांकी सेक्शन सुरंग 3 में पानी एवं तलछट का पंपिंग एवं नालियों का अनुरक्षण। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 11,87,501.54

**क्र.सं. :** 12, **ई–निविदा सं. :** 354-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./बरकाकाना के अधीन डीजल शेड पतरातु में पिट लाइन शेड का मरम्मत। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 73,19,334.36

**क्र.सं. :** 13, **ई–निविदा सं. :** 355-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** बरकाकाना – बरकाकाना में कोच अनुरक्षण पिट का विस्तार। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,70,30,949.10

**क्र.सं. :** 14, **ई–निविदा सं. :** 356-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./2/गोमो के अधीन सर्विस भवन के साथ सर्कूलेटिंग क्षेत्र एवं उसके प्रवेशों का विशेष मरम्मत। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 84,99,912.97

**क्र.सं. :** 15, **ई–निविदा सं. :** 357-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** व.मं.अभि. /4/धनबाद के क्षेत्राधिकार में मोबाइल फलैश बट्ट बेल्डिंग मशीन के साथ साइट पर 60 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर–260), (नये/एसएच/एसआर/एसडब्लयुआर/एलडब्लयुआर) रेल का फलैश बट्ट बेल्डिंग अर्थात धनबाद मंडल के गढ़वा रोड जं.–बिल्ली (एसएल एवं अप) सेक्शनों (टीडब्ल्युआर–78.845 टीकिमी)। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 16,38,37,053.29

**क्र.सं. :** 16, **ई–निविदा सं. :** 358-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल व.मं.अभि./4/धनबाद के क्षेत्राधिकार अधीन (i) टीबीआर=13.435 टीकिमी गढ़वा रोड–बिल्ली (6.146 टीकिमी), बिल्ली–करैला रोड (1.92 टीकिमी), करैला रोड–एनसीएल (2.352 टीकिमी), करैला रोड–शक्तिनगर (1.015 टीकिमी), करैला रोड–एवीडी (1.132 टीकिमी) और सलाइबनवा–महादिया (0.087 टीकिमी), (ii) टीएफआर= 10.172 टीकिमी : गढ़वा रोड–बिल्ली (2.547 टीकिमी), बिल्ली–करैला रोड (2.296 टीकिमी) और करैला रोड–एनसीएल (5.329 टीकिमी)। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 1,13,72,700.45

**ब्याने की राशि (रू. में) :** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 11.03.2025 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 11.03.2025 को 12:30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
पीआर/02127/डीएचएन/इंजी०/टी/24–25/208

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा**

**आम सूचना**

राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में सिमडेगा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण एवं अबुआ आवास योजना अन्तर्गत बड़े पैमाने पर प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का सर्वे/ आवासों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य चल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण / अबुआ आवास योजना हेतु लाभुकों का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण / अबुआ आवास योजना का प्राथमिकता सूची के आंकड़ो के आधार पर किया जाता है। प्रखण्ड द्वारा तैयार की गई योग्य लाभुकों को स्वतः प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण / अबुआ आवास योजना के अन्तर्गत अच्छादित किया जा रहा है।

सिमडेगा जिले के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आपके क्षेत्रों में अगर विभिन्न स्तर के सरकारी कर्मियों/बिचौलियों/असमाजीक तत्वो द्वारा आवास दिलाने के नाम से राशि की माँग की जाती है तो जिला ग्रामीण विकास शाखा, सिमडेगा के मोबाईल नम्बर 9304377600 /8340769255 पर अविलम्ब सूचना दी जाय ताकि वैसे व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकें।

उप विकास आयुक्त,
सिमडेगा

PR 346704 (Simdega)24-25*D

**असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

**अल्पकालीन-निविदा**

जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा, लोहरदगा द्वारा प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न प्रकार के फ्लैक्स, बैनर, होर्डिंग इत्यादि के मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु दर निर्धारण एवं एजेंसियों का चयन कर सूचीबद्ध करने हेतु खुली निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा विस्तृत विवरण के साथ निविदा दस्तावेज को वेबसाइट https://lohardaga.nic.in पर देखा और डाउनलोड किया जा सकता है। सीलबंद निविदा को केवल निबंधित डाक अथवा हाथों–हाथ स्वीकार किया जाएगा।

निविदा दिनांक 05.03.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक ही स्वीकार की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 06.03.2025 को पुर्वाह्न 11:00 बजे निविदा निस्पादन समिति (क्रय समिति) के समक्ष खोली जायेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.346701 Lohardaga(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई०–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-02/RDSD/RAMGARH/07/2024-25(3rd Call)*

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE-02/RDSD/RAMGARH/DMFT/01/2024-25 | दुलमी | ईचातु | ग्राम– देवदीप महतो के घर से ईश्वर महतो के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 6247000 | 124000 | 10000 | 05 (पाँच माह) |
| 2 | RE-02/RDSD/RAMGARH/DMFT/02/2024-25 | गोला | हेरमदगा | ग्राम– हेरमदगा में गोला ब्लॉक के बगल से कालीकरण रोड़ से बजरंग बली मंदिर होते हुए संजय साव के घर तक पी०सी०पी० पथ निर्माण। | 603500 | 13000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 3 | RE-02/RDSD/RAMGARH/DMFT/13/2024-25 | गोला | कुम्हरदगा | ग्राम– कुम्हरदगा गन्दौरी महतो के घर से कोचा खोर होते हुए गायत्री मंदिर तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली निर्माण। | 932700 | 19000 | 1250 | 03 (तीन माह) |
| 4 | RE-02/RDSD/RAMGARH/DMFT/04/2024-25 | माण्डू | माण्डूडीह | ग्राम+पंचायत– माण्डूडीह के सुण्डी टोला में रामसेवक साव के घर से लेकर राजेन्द्र प्रसाद घर के सामने तक पथ एवं नाली (स्लैब) सहित निर्माण। | 2454700 | 50000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |
| 5 | RE-02/RDSD/RAMGARH/DMFT/05/2024-25 | गोला | कुम्हरदगा | प्रखण्ड– गोला, ग्राम+पो०– कुम्हरगा के आर०ई०ओ० रोड़ गंदौरी महतो के घर से लेकर लाल किशुन महथा के धर तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली निर्माण। | 2583600 | 52000 | 5000 | 05 (पाँच माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 19.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.02.2025 से 27.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 03.03.2025 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9162178293
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 346675 Rural Work Department(24-25)#D

# तहरीक-ए-अमन सोसायटी के पदाधिकारीगण मिले, डीसी, एसपी, एसडीओ व डीएसपी से

## आगामी 25 फरवरी को आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में शामिल होने हेतु दी निमंत्रण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा देश के महान क्रांतिकारी अंग्रेजी हुकूमत को अपने दम पर धूल चटाने वाले शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को ऐतिहासिक और भव्य तरीके से आयोजित कराए जाने हेतु सोसायटी के तमाम पदाधिकारी व सदस्यगण पूरी तरह से अपने-अपने जिम्मेदारियों का शत-प्रतिशत निर्वहन करने हेतु जुटे हुए हैं। इसी निमित आगामी मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में अतिथियों को आने हेतु तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के संयुक्त अगुवाई में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय समीर कुमार तिर्की से मिलकर प्रोग्राम में शामिल होने हेतु निमंत्रण दिया गया। इस बीच उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार व डीएसपी मुख्यालय समीर कुमार तिर्की ने तहरीक-ए-अमन सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा दी गई निमंत्रण को स्वीकार करते हुए प्रोग्राम में हर संभव शामिल होने की बात कही। उल्लेखनीय है कि धुर्वा मोड़ में आयोजित आगामी मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम में देश के जाने-माने मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और युवाओं के बीच अपनी खास पहचान बनाने वाले मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली उक्त प्रोग्राम में अपनी दमदार प्रस्तुति देंगे और रात-भर लोगों को गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने हेतु एक से बढ़कर कव्वाली पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने का कार्य कर दिखाएंगे। इधर जिले के आलाधिकारियों को न्योता देने के पश्चात सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी द्वारा आयोजित उक्त प्रोग्राम की सभी तैयारियां जोरों पर है,जल्द ही बाकी तैयारी को पूरा कर लिया जाएगा। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित यह प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार का अहम योगदान है। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में शानदार महामुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम पूरे देश में गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने और एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का कार्य कर दिखाएगा। कहा कि उक्त प्रोग्राम में आधे दर्जन झारखंड सरकार के मंत्री और कई विधायक और नामचीन हस्तियों का आगमन होगा। साथ ही बताया कि उक्त प्रोग्राम में सभी वर्गों की सहुलियत हेतु खास तैयारियां की जा रही है, ताकि लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी महसूस ना हो सके। मौके पर अंजुमन ए इस्लामिया कुर्से के सेक्रेटरी हातिम अंसारी, तहरीक-ए-अमन सोसायटी के उपाध्यक्ष साकिर अंसारी, जियाउल अंसारी सह सचिव रेयाज अंसारी अकबर अंसारी, समाजसेवी संदीप मिश्रा, मोहम्मद कैश आलम मौजूद थे।

## आम जनता का समस्याओं का समाधान शांतिपूर्वक करना मुख्य उद्देश्य : थाना प्रभारी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रशासन द्वारा शांति पूर्वह विधि व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक लोहरदगा निर्देशानुसार सेन्हा थाना प्रभारी का तबादला किया गया। जिस निमित वारिश हुसैन सेन्हा थाना प्रभारी के रूप में मंगलवार पदभार ग्रहण किया। वही वारिश हुसैन ने पदभार संभालते के उपरान्त कहा कि आम जनता का समस्याओं का समाधान शांतिपूर्वक करना मुख्य उद्देश्य है। साथ ही कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देशानुसार अपराध एव उग्रवाद का खात्मा कर क्षेत्र को भयमुक्त कर शांति बहाल करना है। जिसे ग्रामीण निर्भीक हो कर थाना में आ के अपनी समस्या को रख सकेंगे जिसे सभी का समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। वही क्षेत्र भ्रमण कर सभी बिंदुओं का जानकारी लिया और उन्होंने आम जनता से सहयोग करने का अपील करते हुए कहा कि पुलिस आम जनता का सहयोगी मित्र है। जिसे सभी के सहयोग से अपराध और उग्रवाद के खिलाफ़ मजबूती से कारवाई किया जायेगा।

## दो व्यक्तियों को मिला ट्राई साइकिल व एक को मिला ब्लाइंड स्टीक



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में दो व्यक्ति को ट्राई साइकिल व एक व्यक्ति को ब्लाइंड स्टीक दिया गया। वही झारखण्ड सरकार का कल्याण विभाग की ओर बाल विकास परियोजना द्वारा दिव्यांगों का उपयोग के लिये उपकरण का वितरण किया गया। जिस निमित सेन्हा बांधटोली निवासी स्व.रोपन महतो का 50 वर्षीय दिव्यांग पुत्र अजय महतो और सुखन मुंडा का सुखन मुंडा का 36 वर्षीय पुत्र मंजीत मुंडा को ट्राई साइकिल दिया गया। तथा चितरी अम्बाटोली निवासी रहीमुद्दीन अंसारी का 48 वर्षीय पुत्र सफदर अंसारी को ब्लाइंड स्टीक मिला। ट्राई साइकिल मिलने से अजय महतो व मंजीत मुंडा ने कहा कि चलने फिरने में काफी परेशानी होती थी और ट्राई साइकिल मिलने से कही आने जाने में काफी सुविधा होगी साथ ही सफदर अंसारी ने कहा कि दूसरों के सहारे इधर उधर जाना पड़ता था। लेकीन ब्लाइंड स्टीक मिलने से काफी सहयोग हुआ। वही ट्राई साइकिल व ब्लाइंड स्टीक मिलने से सभी के चेहरे में खुशी झलक रही थी। मौके पर बाल विकास की महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर,बॉबी नायक समेत अन्य उपस्थित थे।

# मैट्रिक में 772 छात्र छात्राओं ने दिया हिन्दी की परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मंगलवार को हिन्दी की परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।मैट्रिक परीक्षा आयोजित कराने के लिये प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु व कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 418 छात्र छात्राओ में से 416 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में 356 विद्यार्थियों ने हिन्दी का परीक्षा दिया। वही 777 परीक्षार्थियों में से 772 परीक्षा में उपस्थित हुए। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिसमें सोमवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। साथ ही परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी छात्र छात्रा परीक्षा में उपस्थित हो हिन्दी का परीक्षा दिया। मौके पर दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी, रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## डा0 अनुग्रह नारायण प्लस 2 उच्च विद्यालय 09 वीं के छात्र-छात्रा ने इंटरनेशनल कराटे मे जीता कांस्य पदक और गोल्ड मेडल

➲ विशाखापत्तनम में फरवरी के प्रथम सप्ताह में हूआ था प्रतियोगिता का आयोजन, शिक्षक परिवार ने छात्रों की उज्वल भविष्य का किया कामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो मुख्यालय स्थित डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय के 9 वीं के छात्र-छात्रा ने राजीव गांधी स्टेडियम विशाखापत्तनम आन्ध्र प्रदेश मे आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैम्पियंसशिप में गोल्ड मेडल और कांस्य पदक जितकर विद्यालय समेत क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उक्त विषय पर डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री ने बताया कि पिछ्ले दिनो इसी फरवरी माह 2025 के प्रथम सप्ताह में इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता आन्ध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम मे राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित हूई थी जिसमे डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय 9 वीं कक्षा के छात्र शैलेश कुमार ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल वही 9 वीं की ही छात्रा शुशीला कुमारी ने 02 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय समेत क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उपरोक्त दोनो छात्र प्रतियोगिता के 02 इवेन्ट में भाग लिये थे, प्रतियोगिता जीतकर विद्यालय पहूँचने पर छात्र-छात्रा को विद्यालय परिवार के द्वारा वेलकम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, शिक्षक जितेन्द्र भुषण कुमार, आनन्द कुमार दुबे, राजेश साहू, नईम अंसारी, सुनील पन्ना विनीत कुमार, नीलम मुंडा, मनौवर हुसैन, अर्शद आलम, प्रीति कुजुर, अणिमा एक्का,संध्या मुक्ति केरकेट्टा, राखी उराँव, मसाद खँदा समाज सेवी शरद कुमार विद्यार्थी, कराटे एशोशियेशन के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह इत्यादि ने विद्यालय के लिये उपलब्धि बताते हुए विजेता छात्र-छात्रा की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पांच दिवसीय महाकुंभ तीर्थ यात्रा के लिए राम भक्त हुये रवाना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर से इन दिनों महाकुंभ प्रयागराज के लिए भारी संख्या में भक्तजन प्रस्थान कर रहे है। जिसमे की मंगलवार कूडू बस स्टैंड से प्रखंड के विभिन्न गांव से सनातनियों राम भक्त दिन मंगलवार को प्रयागराज, अयोध्या, विंध्याचल और बनारस के लिए रवाना हुए।जय सनातन जय श्री राम का उद्घोष कर सभी सनातनियों प्रखंड और जिले वासियों की मनोकामनाएं और कुशल मंगल के लिए रवाना हुए। इस दौरान राम भक्त के साथ में संजय चौधरी, ओम भारती, अरविंद यादव, बिंदेश्वर साहू, मनीष कुमार, लीलाधर यादव, जगन्नाथ राम, दीपक कुमार, बलराम यादव, संतोष यादव, सुषमा देवी, लीलू देवी, जितेंद्र गिरी, जानकी देवी, कांति देवी, मदन भारती के अन्य राम भक्त शामिल है।

## डीसी एवं एसपी सिमडेगा ने किया परीक्षा केंद्रों का निरिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड राज्य में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी 2025 से शुरू हो गई है। सिमडेगा जिले में माध्यमिक में 7473 एवं इंटरमीडिएट में 5280 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इन दोनों परीक्षाओं के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक के परीक्षार्थियों के लिए 21 परीक्षा केंद्र बने हैं। इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा शुरू होने के बाद आज दिनांक - 18/02/2025 को उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ ने एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय कोलेबिरा एवं एस के बागे डिग्री कॉलेज कोलेबिरा, सिमडेगा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सीसीटीवी कैमरे के माध्यम परीक्षा संचालन का जायजा लिया। उपायुक्त महोदय ने केंद्राधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियम का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा, थाना प्रभारी कोलेबिरा, सहित अन्य उपस्थित थे।

### आयोजन से खिलाड़ियों को देश दुनिया मे नाम कमाने को लेकर मिलती है ऊर्जा : विधायक भूषण बाड़ा

# झारखंड स्टेट बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा

## 200 बॉडी बिल्डरों को शारीरिक दक्षता और फिटनेश के दिये टिप्स



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** रांची के कांके जोड़ा पुल के पास स्थित ममता फिटनेश पॉइंट में झारखंड स्टेट बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से दो सौ से भी अधिक बॉडीबिल्डर उपस्थित हुए। मौके पर आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सफल होने वाले बॉडीबिल्डरों को विधायक भूषण बाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रतियोगिता की सराहना की। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से निश्चित ही नए खिलाड़ियों को ऊर्जा मिलेगी, जिससे वह भी देश और दुनिया में अपना नाम रोशन कर सकेंगे। इस दौरान विधायक भूषण बाड़ा ने युवाओं को फिटनेस और शारीरिक दक्षता के लिए प्रेरित किया। साथ ही संतुलित आहार लेते हुए लक्ष्य बनाकर कसरत करने और खुद की पहचान बनाने के लिए युवाओं को जागरुक किया। विधायक ने कहा कि उनको हर खेल पसंद है। वो भी हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट सभी खेलों में शुरू से आगे रहे हैं। हॉकी के तो वे बेहतरीन खिलाड़ी रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं में खुद को साबित करने और आगे बढ़ाने का जज्बा रखते है। आज बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में भी कई युवा अपना नाम रोशन करने के साथ साथ भविष्य संवार रहे हैं। प्रतियोगिता में यूथ कांग्रेस के सिमडेगा जिलाध्यक्ष आकाश सिंह, बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में दो बार के नेशनल चैंपियन नरेंद्र यादव, एसोसिएशन के मंटू शर्मा सहित 200 से अभी बॉडी बिल्डर एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## श्री सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर श्री विश्वकर्मा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव भक्तिभाव के साथ हुआ संपन्न



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरी क्षेत्र अंतर्गत पुराना शुक्रबाजार में स्थित श्री सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर श्री विश्वकर्मा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव सोमवार को भक्तिभाव से संपन्न हुआ। वहीं पुजारी उतम शास्त्री, हरिहर शास्त्री व सूरज शास्त्री ने पूजन संपन्न कराया। यजमान के रूप में मनोहर गुप्ता सह पत्नी उपस्थित रहे। वहीं सर्वप्रथम सीठियो कोयल नदी से कलश में जल भरा कर मंदिर परिसर में लाया गया। जिसके बाद पुजारियों द्वारा पूरे विधि विधान से भक्तिपूर्ण माहौल में पूजा सम्पन्न कराया गया। वहीं मंत्रोच्चारण और जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पूरे मंदिर को विद्युत सज्जा एवं फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर प्रांगण में पूजा पाठ, तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन समिति के द्वारा किया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शाम में महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कीर्तन मंडली शामिल हुई। मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष सरोज प्रजापति, कुलदीप कुमार, दीपक अग्रवाल, प्रदीप कुमार, अजय प्रजापति, प्रदीप गुप्ता, सुजल शर्मा, रवि शंकार शर्मा, दुर्गा प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, शिव कुमार प्रजापति, विनय कुमार, विनोद प्रजापति सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

## स्वर्गीय कमल किशोर भगत का सपना पूरा करना मेरी जिम्मेवारी है दगाबाजों की नहीं : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी, आजसू पार्टी की पूर्व केंद्रीय महासचिव और लोहरदगा विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने मीडिया में आये एक खबर पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने लोहरदगा क्षेत्र के विकास के लिए जो रोडमैप तैयार किया था और सपना देखा था उन सपनों को पूरा करना मेरी जिम्मेवारी है दगाबाजों की नहीं। जो लोग अखबारों के माध्यम से स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के हितैसी बनने का नाटक करते हैं और मीठे बोल बोलते हैं वे अक्सर चुनाव के समय दूसरे की गोद में बैठकर पार्टी प्रत्याशी के साथ दगाबाजी और चाल बाजी करते हैं। अगर उन्हें स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों का इतना ख्याल होता तो विधानसभा चुनाव के समय पार्टी प्रत्याशी के साथ दगाबाजी, चालबाज़ी और गद्दारी नहीं करते। ऐसे लोगों का चरित्र खाने का कुछ और दिखाने का कुछ और होता है। नीरू शांति भगत ने कहा कि यदि ऐसे चालबाज़ लोग समर्पण भाव से पार्टी प्रत्याशी के लिए कार्य करते तो निश्चित रूप से हमारी जीत होती और हम सभी मिलकर स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों को पूरा करते। उन्होंने कहा कि मैं अपना पूरा जीवन लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित कर चुकी हूँ। मेरा सुख-दुख,जीवन-मरण यहीं के लोगों के बीच होगा और मैं यहां के लोगों के हर सुख-दुख में अपने पति की तरह हमेशा उपस्थित रहूंगी। नीरू शांति भगत ने पूर्ण विश्वास के साथ कहा कि यहां के लोग बेईमान नहीं हैं। कमल किशोर भगत जी के त्याग और कार्य को यहाँ के लोगों ने नजदीक से देखा और परखा है। उनके आशीर्वाद से मुझे इस बार अगर अस्सी हजार वोट मिला है तो आने वाले समय में यहीं के लोग मुझे अधिक से अधिक वोट देकर विजयी बनाएंगे और स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के सपनों को पूरा करने का अवसर देंगे।

## धूमधाम से मनाया गया डॉक्टर इंद्रेश कुमार का जन्मदिन : मौलाना अशरफी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सहसंयोजक मौलाना जिया उल हक अशरफी अपने उलेमा टीम के साथ निस्वार्थ भाव का आन बान और शान मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचारक डॉक्टर इंद्रेश कुमार की जन्मदिन धूमधाम से किस्को अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र में कुपोषित के शिकार बच्चों बच्चियों एवं आम मरीज के बीच फल फ्रूट का वितरण कर मनाया गया। आगे मौलाना अशरफी ने कहा भाई साहब डॉक्टर इंद्रेश कुमार का जन्मदिन की बधाई हो और उनकी आयु लंबी हो और हमेशा स्वस्थ रहें मैं और हमारा टीम ऐसी कामना करती है। दंगा मुक्त भारत हो दहशत नफरत हिंसा इंसानियत का दरस नहीं देता है बालिक बुराई की तरफ ले जाता है और यह मोहब्बत का पैगाम भाई साहब वर्षो से देते आ रहे हैं,वतन से मोहब्बत करना ईमान का हिस्सा है। आगे मौलाना अशरफी ने कहा एक हिंद जय हिंद का नारा गूंजता रहे ताकि देश का ताना-बाना बनें रहे राष्ट्र की एकता और अखंडता हम सबको विकसित भारत के लिए पूर्ण रूप से आगे बढ़ने का अवसर देता है यह पैगाम भी डॉक्टर इंद्रेश कुमार की रहनुमाई में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हमेशा आगे है ताकि भारत सरकार दबे कुचले वंचितों पीड़ितों पसमांदा समाज के लोगों को भी सरकार में काम करने का अवसर प्राप्त हो परम आदरणीय डॉक्टर इंद्रेश कुमार भाई साहब की जन्मदिन के मौके पर हम सबको संकल्प लेना चाहिए की स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण समाज के अंतिम व्यक्तियों तक पहुंच कर लाभ पहुंचाएं और देश की उन्नति में भागीदारी सुनिश्चित करें। मौलाना अशरफी ने कहा समाज के सभी तबकों में तथा एम आर एम के वफादार नेताओं कार्यकर्ताओं को काम करने का अवसर मिलता रहा है और आवश्यक मिलेगा देर है अंधेर नहीं है। इस मौके पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के हाफिज व करी अब्दुल जब्बार साहब मुख्य रूप से थे और स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर निकिता बोदरा सिस्टर,रेखा देवी, संतोषी शमशेर, आलम तनवीर अख्तर, पीयूष ताजी नाजिया, शीला देवी, मंटू इत्यादि शामिल थे।

## किसानों के बीच किया गया बकरी वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत घाटा में व सेन्हा पंचायत ग्राम में किसानों के बीच बकरी वितरण किया गया। झारखण्ड सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से प्रखंड क्षेत्र के 9 किसानों के बीच 4 बकरी व एक बकरा का वितरण किया गया। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में से एक पशुपालन योजना के तहत सुमंती देवी, सरस्वती देवी, गुड़िया देवी, राजू महली, साबा उरांव, शान्ति उराइन, शिला उरांव, मोहनी उराइन और मैना देवी के अलावे अन्य किसानों को आय वृद्धि जीविकोपार्जन के लिये बकरी दिया गया। साथ ही दवा भी दिया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी कुमारी, पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### जीएन कान्वेंट स्कूल में फाइलेरिया की दवा का वितरण कार्यक्रम संपन्न



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से चलाए जा रहे हैं फाईलेरिया उन्मूलन तथा आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल गढ़वा के द्वारा फाइलेरिया की दवा जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सभी बच्चों के बीच खिलाई गई। विद्यालय के निदेशक मदन केसरी ने फाइलेरिया बीमारी के संबंध में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रमक रोग है जिसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। यह दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा दिव्यांगता व कुरूपता लाने वाली बीमारी है। यह हाथ या पैर के अलावे और भी अंगों को प्रभावित करता है। इस बीमारी से यदि मुक्ति चाहते हैं तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो मुफ्त में दवाइयां निर्धारित समयानुसार दी जाती है। इसका सेवन आवश्यक रूप से करें तथा इससे बचाव के लिए अपने घर एवं पास पड़ोस के लोगों को उचित जानकारी दें ताकि स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके। इसके लिए अपने आसपास रुके हुए पानी में जल जमाव न होने दें क्योंकि मच्छर पानी में ही तेजी से पनपते हैं। संक्रमित व्यक्ति को काटकर मच्छर संक्रमित हो जाते हैं अतः इससे बचने की आवश्यकता है। अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें। अंत में सभी शिक्षकों ने भी दवा का खायी।उक्त समस्त कार्यक्रम का संचालन खुर्शीद आलम के गाइडलाइन में किया गया जबकि उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर,वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद, वीरेन्द्र साह, नीरा शर्मा, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, मुकेश भारती आदि की उपस्थिति रही।

### जलसा ए शिरात उल मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलसा ए शिरातुल मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का आयोजन आजाद हिंद नगर हरमू में किया गया। इस मौके पर आजाद हिंद नगर हरमू के कई लोग उपस्थित हुए और जलसा ए शिरातुल मुस्तफा कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिए। इस मौके पर कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला जामा मस्जिद के इमाम ओ खातिब मौलाना मंजूर हसन बरकाती ने संबोधित किया और कुरान शरीफ के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर शहर काजी रांची हाफिज मसूद फरीदी, मौलाना असरार मृदा, करी आरिफ राजा सहित कई जाने-माने हस्ती उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में ताल्मी कुरान पर चर्चा किया गया। मौलानाओं ने अपने अपने अंदाज से मुकद्दश कुरान पाक की महत्व को बताया । सभी ने कहा कि मजहब इस्लाम में कुरान का महत्व बहुत ही बड़ा है । कुरान में जो बातें कही गई है, लिखी गई है,इसी कुरान पर ही दुनिया के लोग अमल कर रहे हैं और जो अमल कर रहे हैं वही कामयाब भी हो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 6 पोर्टल का किया अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 6 पोर्टल्स का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र, रांची अवस्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया।इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-सीईओ सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड संजय कुमार राकेश, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतिगण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**विभिन्न पोर्टल्स के अनावरण का मुख्य उद्देश्य**

डिजिटल गवर्नेंस तथा डिजिटल इनफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित किया गया है।

**वेतन निर्धारण पोर्टल :** विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन सत्यापन को सरल बनाने, त्रुटियों को कम करने एवं दक्षता में सुधार करने हेतु वेतन निर्धारण पोर्टल विकसित किया गया है।

**लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल :** ऑनलाइन मोड में शिक्षण और प्रशिक्षण सेवाओं का प्रबंधन करेगा एवं संस्थानों में चल रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षणों या शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के प्रशासन, दस्तावेजीकरण आदि के प्रबंधन करने में मदद करेगा।

निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल निजी विश्वविद्यालय पोर्टल राज्य में नए निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना एवं प्रबंधन की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

*** नव प्रवर्तन केंद्र का भी सीएम ने किया उद्घाटन**



**मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, उच्च शिक्षण संस्थानों स्तर पर शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू हेतु यह पोर्टल विकसित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को फेलोशिप हेतु आवेदन एवं इसका लाभप्राप्त करने में आसानी होगी।

**अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल:** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों तथा विभागान्तर्गत अन्य संस्थानों में अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षुओं के चयन प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ करने हेतु अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल विकसित किया गया है।

**वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल :** राज्य में वित्त रहित स्थायी संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की मौजूदा प्रक्रिया में न केवल समय लग रहा है, बल्कि निरीक्षण और सत्यापन के कई स्तर भी है। इस पोर्टल के विकसित होने से महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया सरल होगी और समय भी कम लगेगा।

**इनोवेशन हब :** क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, राँची परिसर में स्थापित इनोवेशन हब रचनात्मक एवं नवाचारी विचारों का पोषण, इनोवेटिव सोच और व्यावहारिक समस्या का समाधान, इनोवेशन को प्रेरित करने आदि के लिए उचित वातावरण प्रदान करेगा।

**साइन्स सिटी, रांची :** रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र साइन्स सिटी के रूप में अपग्रेड करने हेतु 270 करोड़ की परियोजना तैयार की गई है। इसका निर्माण लगभग 25 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। इसके निर्माण से रांची में वैज्ञानिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों के दर्शन हेतु वैज्ञानिक प्रदर्शन के साथ-साथ मनोरंजन का साधन भी उपलब्ध होगा।

**कार्यक्रम में ये रहा खासः** रांची विश्वविद्यालय, रांची के प्रस्तावित नए भवन का प्रेजेंटेशन ¬ रांची विश्वविद्यालय का नया भवन कुल रु0 1100 करोड़ की लागत से रांची जिला के चेड़ी में अवस्थित 87 एकड़ भूमि पर स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में रांची विश्वविद्यालय, रांची के नए परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इस नए परिसर में राज्य के 30,000 छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय सुविधा के साथ शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा।

**झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी, 2025 का उद्देश्य :** राज्य में छात्रों के बीच अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा के उद्देश्य से झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी, 2025 गठित की जा रही है। यह नीति उच्च शिक्षा में अनुसंधान के एकीकरण पर जोर देती है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। यह नीति स्टार्टअप के लिए सीड फंडिंग (ह्यद्गद्गस्र द्घह्वठ्ठस्र-द्बठ्ठद्द) और अनुसंधान परियोजनाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों के लिए अनुदान प्रदान करती है। रु0 1,280 करोड़ के बजट के साथ यह नीति झारखंड छात्र अनुसंधान एवं नवाचार निधि के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को संस्थान अनुसंधान और इनोवेशन सेल की स्थापना के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। झारखंड को अनुसंधान-आधारित आर्थिक और तकनीकी विकास का एक प्रमुख केंद्र बनाने में यह नीति सहायक होगी।

## सामाजिक विषमताओं के खिलाफ जनांदोलन थे संत रैदास : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** संत शिरोमणि गुरु रैदास जयंती का पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस मौके पर पड़वा प्रखंड के मुरमा गांव में जयंती समारोह का झारखंड मुक्ति मोर्चा के फायर ब्रिगेड और संत मरियम विद्यालय के डायरेक्टर अविनाश देव को मुख्य अतिथि बनाया गया। संत रैदास जयंती समारोह के अध्यक्ष फूलमाला अंगवस्त्र और बाबा साहेब के तस्वीर भेंट स्वागत किया। दर्शक दीर्घा श्रोता समाज को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि संत रैदास आज के सात सौ साल पहले भक्ति आंदोलन चला कर समाज से जिस अंधविश्वास व जातिवाद के खिलाफ जंग छेड़ी थी, उस में तनिक भी बदलाव नहीं आया है। बल्कि वह और भी बृहद रूप लेते जा रहा है। इसीलिए संत रैदास की प्रासंगिकता कल से ज्यादा आज है। आप सभी को हमारा सुझाव है कि परिस्थिति चाहे जो हो, पढ़ाई कर अपना मुकाम हासिल करें। तभी संत शिरोमणि को याद करना सार्थक होगी। उनके अधूरे सपने को अपने कलम के नोक पर पूरा करें। लड़ो पढ़ाई करने को,करो लड़ाई पढ़ने को। अविनाश देव ने सामाजिक परिवर्तन मंच मुरमा कमिटी के सभी सदस्यों संरक्षक दिलीप मेहता,अध्यक्ष युगल किशोर राम,रमेश राम,विनय रवि,मुन्ना राम,जानकी राम,संडे राम,कुलदीप राम,राजेश राम प्रदीप राम,देशमुख जी,संजय राम,मान्यवर राजन मेहता को बहुत बहुत बधाई दिया।

## सीएम ने नशामुक्ति अभियान वैन को किया रवाना

**गांधीनगर :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय तथा केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित नशामुक्त भारत अभियान की सेवा योजना वैन को मंगलवार को गांधीनगर से रवाना किया। पटेल ने इस वैन को प्रस्थान कराते हुए नशामुक्त भारत अभियान का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। यह अभियान गुजरात में 19 फरवरी (बुधवार) को अंबाजी से प्रारंभ होने वाला है। पूरे वर्ष चलने वाले इस नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत यह वैन राज्य के सभी जिलों को समाहित करते हुए प्रतिदिन पाँच गाँवों का दौरा करेगी। इन गाँवों में लोगों को नशामुक्ति की समझ देकर नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा भी दिलाई जाएगी। साथ ही नशामुक्ति के लिए जनजागृति परिसंवाद, कार्यशिविर एवं रैली का भी आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षकों द्वारा लोगों को नशामुक्ति का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।अभियान के दौरान नशामुक्त हो चुके लोगों से अन्यों को भी व्यसन से मुक्त कराने के भी प्रयास कराए जाएंगे। इस मौके पर डॉ. नीताबेन तथा ब्रह्माकुमारीज के सेवाकर्मी उपस्थित रहे।

# बीएस इंटर कॉलेज कुंवरबांध का परीक्षा केंद्र हर साल रेहला में ही क्यों ?

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** पलामू में मैट्रिक और इंटर का परीक्षा शुरू है। यहां एक ऐसा कॉलेज है जिसका परीक्षा केंद्र एक ही जगह पिछले 7-8 सालों से दिया जा रहा है। जिले का बट्टू साव इंटर महाविद्यालय कुँवरबाँध बैदाकला पाटन के संचालक निखिल गुप्ता हैं। इस कॉलेज का परीक्षा केंद्र संत तुलसीदास इंटर कॉलेज रेहला या लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला कॉलेज रेहला को पूर्णतः मैनेज कर कदाचार युक्त परीक्षा का संचालन पिछले 7-8 सालों से कराया गया है। इस साल 2025 में भी परीक्षा केंद्र रेहला ही है। इस खेल में जिला शिक्षा पदाधिकारी के ऑफिस के कर्मचारीयों के संलित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। ये कर्मचारी कई वर्षो से एक ही कार्यालय में जमे हुए हैं और भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखे हैं। इन सारे बातों की पुष्टि इन तथ्यों से प्रमाणित होगा। 1. विगत वर्षो 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 और 2024 से लगातार बीएस इंटर कॉलेज का परीक्षा केंद्र संत तुलसीदास इंटर कॉलेज रेहला या लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला कॉलेज रेहला में होना। 2. प्रत्येक वर्ष एक ही व्यक्ति प्रमोद कुमार ठाकुर जो कि लामीपतरा हाई स्कूल के अध्यापक हैं, का केन्द्राधीक्षक होना। 3. प्रमोद कुमार ठाकुर एग्जाम टाइम से लगभग एक घंटा पहले परीक्षा पत्र बाहर लीक कर देते हैं। साथ ही परीक्षा हॉल में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस एवं पुर्जे ले जाने की खुली छुट देना एवं मोबाइल पर सभी प्रश्न का हल प्रमोद कुमार ठाकुर एवं निखिल गुप्ता और उनके टीम के सदस्यों के द्वारा दिया जाता है। 4.केवल इंटर साइंस विषय में गारंटी के साथ जिला टॉप 10 टॉपर्स इसी केंद्र से होते है। 5. नियमतः प्रखंड स्तर के कॉलेजों का परीक्षा केंद्र शहर में होना चाहिए। जबकि बीएस इंटर कॉलेज शहर के नजदीक होते हुए भी शहर से 40 किमी दूर संत तुलसीदास इंटर कॉलेज रेहला में हर साल परीक्षा केंद्र लेना। 6.कॉलेज संचालक निखिल गुप्ता एवं केन्द्राधीक्षक प्रमोद कुमार ठाकुर एवं विक्षक द्वारा किसी भी छात्र को 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक आने कि गारंटी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को दी जाती है। उसके बदले मोटी रकम ली जाती है। 7. पूर्व एसडीएम नैंसी सहाय के द्वारा कदाचार युक्त परीक्षा करने के लिए सेंटर सेटिंग और क्वेश्चन लीक करने वाले गैंग पर बड़ी करवाई हुई थी। जिसमें अनेक लोग अरेस्ट हुए थे। उसमें निखिल गुप्ता सहित अन्य लोग अंडरग्राउंड हो गए थे। इस आशय की जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर आग्रह किया गया है कि जैक रांची द्वारा संचालित होने वाली बोर्ड एवं इंटर कि परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में संचालित कराने कि कृपा की जाय। साथ ही तथ्यों की जांच कर दोषी लोगों पर उचित कारवाई सुनिश्चित हो। ताकि प्रतिभावान एवं मेहनती विद्यार्थियों के प्रतिभा कुंठित न हो पाए।


## पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सपरिवार संसद भवन का किया दौरा

**नई दिल्ली :** यूनाइटेड किंगडम के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति और बेटियों कृष्णा एवं अनुष्का के साथ संसद भवन का दौरा किया। राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति भी उनके साथ थीं।लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सुनक और उनके परिवार का स्वागत किया।अपने दौरे के दौरान सुनक परिवार ने संसद भवन परिसर का दौरा किया और इसकी वास्तुकला की भव्यता की प्रशंसा की। उन्होंने गैलरी, चैंबर, संविधान हॉल और संविधान सदन जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा किया। यह दौरा सुनक के हाल के भारतीय कार्यक्रमों का हिस्सा है। कुछ दिन पहले 15 फरवरी को उन्होंने अपने परिवार के साथ आगरा में ताजमहल का दौरा किया था। सांसद सुधा मूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री सुनक की सास हैं।

## एसआरएफ-वाईएसएस के आध्यात्मिक प्रधान स्वामी चिदानन्द गिरि ने योगदा रांची में : कृष्ण बिहारी मिश्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गत् रविवार को योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं सेल्फ रियलाइजेशन फैलोशिप के आध्यात्मिक प्रधान स्वामी चिदानन्द गिरि जी रांची के योगदा आश्रम में थे। उनका आगमन रांचीवासियों और खासकर योगदा भक्तों के लिए परम आनन्द का विषय बना हुआ था। उक्त बातें वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण बिहारी मिश्र ने कही उन्होंने आगे बताया कि जब स्वामी चिदानन्द गिरि भक्तों के बीच में आये और जब उनका स्वागत स्वामी श्रद्धानन्द गिरि ने माल्यार्पण से किया और इधर जब शंखध्वनि सुनाई दी, तो ऑडिटोरियम में खड़े प्रत्येक श्रद्धालुओं के नेत्रों में गंगा-यमुना उमड़ पड़ी। सभी ने बड़े भावपूर्ण अंदाज में उनका स्वागत किया।शायद यही कारण रहा कि जब स्वामी चिदानन्द गिरि प्रवचन देने को हुए। तो उनके मुख से यह निकल पड़ा कि इस ऑडिटोरियम में आये एक-एक व्यक्ति असाधारण दिव्य आत्माएं है, जो प्रकाशस्वरुप प्रतिबिंबित हो रहे हैं।



स्वामी चिदानन्द गिरि के प्रवचन सुननेवालों में भारत के प्रत्येक कोने के लोग थे और कुछ इस पल के साक्षी वे विदेशी भी थे, जो आध्यात्मिक सुख पाने को रांची में मौजूद थे।स्वामी चिदानन्द गिरि ने जीर्णोद्धार हुए ऑडिटोरियम का नामकरण जैसे ही 'श्रवणालय' के रूप में किया। हजारों की संख्या में बैठे योगदा भक्त भाव-विभोर हो उठे और यहीं से श्रवण और श्रवणालय की महत्ता को समझाना स्वामी चिदानन्द गिरि ने शुरु किया। जैसे-जैसे उनके प्रवचन अपने अंतिम छोर तक पहुंच रहे थे। ठीक वैसे-वैसे श्रवण और श्रवणालय की महत्ता से भी लोग दो-चार हो रहे थे, क्योंकि स्वामी चिदानन्द गिरि इन दोनों शब्दों के गूढ़ रहस्यों से सभी को परिचय करा रहे थे।स्वामी चिदानन्द गिरि ने कहा कि भारत के ऋषि-मुनियों ने जितना श्रवण के मूल रहस्यों को समझा। वैसा किसी ने समझने की कोशिश नहीं की। यहीं कारण रहा कि आध्यात्मिक तौर पर वे ईश्वर के ज्यादा निकट रहे। उन्होंने कहा कि श्रवण का मतलब सिर्फ सुनना नहीं हैं, बल्कि उसका मनन करते हुए, उसमें रम जाना, ईश्वरीय अनुभूतियों को महसूस करना है।

# रिम्स के रैन बसेरा का किया गया निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स स्थित रैन बसेरा में अनैतिक गतिविधियों के सन्दर्भ में सोशल मीडिया में प्रेषित खबरों का संज्ञान लेते हुए रिम्स प्रबंधन की ओर से अपर चिकित्सा अधीक्षक, सम्पदा पदाधिकारी एवं रिम्स प्रशासनिक पदाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों, सैप एवं होमगार्ड के जवानों के साथ निरीक्षण किया। रैन बसेरा की मरम्मति, टूटी चारदीवारी की मरम्मति एवं रंग रोगन के लिए कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को 13/05/2024 को पत्रांक संख्या रिम्स के माध्यम से अतिशीघ्र मरम्मति के लिए कहा गया था तथा मुख्य द्वारा पर रिम्स सम्पदा विभाग द्वारा ताला भी लगा दिया गया था। परन्तु पुनः अनाधिकृत तत्वों द्वारा इसके उपयोग में लाये जाने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से रिम्स प्रबंधन को प्राप्त हुई है। रिम्स निदेशक द्वारा भी इस खबर का संज्ञान लेते हुए एक समिति का गठन किया है और खबर की सत्यता एवं आवश्यक कार्यवाई करते हुए 48 घंटे के अंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कमिटी के द्वारा खुले पाए गए कमरे को सील कर दिया गया है तथा कार्यपालक अभियंता से पुनः टूटी चारदीवारी/दिवार का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं साथ ही प्रबंधन ने सुरक्षा प्रभारियों/ सैप एवं होमगार्ड जवानों को ड्यूटी के साथ गस्त बढ़ाने के लिए कहा गया है रैन बसेरा के पास स्थित मुख्य सड़क मार्ग पर अतिक्रमण कर कई गतिविधियां जैसे होटल, ठेला इत्यादि रैन बसेरा की टूटी चारदीवारी के पास से संचालित हो रही है। पूर्व में नगर निगम आयुक्त, रांची उपायुक्त एवं पुलिस प्रशासन को भी पत्र लिख कर रिम्स परिसर से अतिक्रमण हटाने के लिए अनुरोध किया गया था।

# विधान सभा अध्यक्ष ने झारखण्ड विधानसभा के अधिकारियों के साथ किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र से संबंधित अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा, रबीन्द्र नाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने बजट सत्र को लेकर विभागों के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सत्रावधि के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति के संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि सभी विभाग, अपने विभागों के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करावें, ताकि संबंधित विभागों के मंत्रियों को अपने विभाग के उत्तर देने में आवश्यक एवं अद्यतन सूचनाएँ आवश्यकतानुसार प्राप्त हो सके। सदस्यों, के स्वीकृत अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के उत्तर



निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व 4.00 बजे अप तक सभा सचिवालय को प्राप्त कराने का निदेश दिये और जिन विधेयकों को सदन में पेश होना है, उन विधेयकों को तीन दिन पूर्व ही सभा सचिवालय को प्राप्त करायी जाय, ताकि सदस्यों को ससमय विधेयक उपलब्ध हो सके, और सदन में पेश होने वाली विधेयक पर पारदर्शिता के साथ गहनता पूर्वक चर्चा हो सके। अध्यक्ष ने भारतीय झंडा संहिता के नियमों के दायरे में झारखण्ड विधान सभा परिसर के अंदर स्थायी रूप से राष्ट्रीय ध्वज लगवाएँ जाने के निमित्त पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श भी किए। शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, पुराने विधान सभा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, सत्र के दौरान आवश्यक चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति एवं जीवन रक्षक दवा तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने, और विधान सभा परिसर के चारों दायरे में निगनानी हेतु सीसीटी वी कैमरा लगाने संबंधित निदेश भी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को दिये गये।

बैठक में मुख्य सचिव, अलका तिवारी, पुलिस महानिदेशक, अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव, गृह विभाग, वंदना दादेल, प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मस्त राम मीना, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, अजय कुमार सिंह, सचिव, भवन निर्माण विभाग, अरखा राजकमल, अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग, विधान चन्द्र चौधरी, सचिव, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभगा, मुकेश कुमार, विशेष सचिव, वित्त विभाग, शशिभूषण मेहरा, सचिव, सूचना, प्रोद्योगिकी विभाग, विप्रा भाल के अलावे उपायुक्त, राँची, आरक्षी अधीक्षक, यातायात, सिविल सर्जन, राँची के अलावे झारखण्ड विधान सभा के प्रभारी सचिव, माणिक लाल हेम्ब्रम भी बैठक में उपस्थित रहे।